* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

10 सितंबर, 2024
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, सप्तमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 321

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


झारखंड में राजनीतिक गिद्ध मंडराने लगे हैं, आप सावधान रहियेगा : हेमंत



# महिला सशक्तिकरण को दिया जा रहा नया आयाम

## अब तक 2.59 लाख सखी मंडलों को बैंक क्रेडिट लिंकेज से जोड़ा गया

रांची

ग्रामीण महिलाओं के उत्थान और उनके आर्थिक स्वावलंबन के प्रति संवेदनशील मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के विजनरी सोच का परिणाम है कि 2019 से पूर्व सखी मंडल को जितना क्रेडिट लिंकेज दिया गया, उसका 10 गुना क्रेडिट लिंकेज विगत साढ़े चार वर्ष में सखी मंडल की दीदी-बहनों को मिला। यही नहीं, सखी मंडल की संख्या में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वर्ष 2013 से 2019 तक स्वयं सहायता समूह को क्रेडिट लिंकेज के तहत ₹1,114 करोड़ की राशि दी गई, जबकि 2019 के बाद 30 जून 2024 तक ₹10,111 करोड़ की राशि सखी मंडल की महिलाओं को सशक्तिकरण हेतु दी गई। वहीं 2013 से 2019 तक 2.45 लाख सखी मंडल की संख्या बढ़कर 30 जून 2024 तक 2.88 लाख हो गई।



मुख्यमंत्री ने पश्चिमी सिंहभूम में कार्यक्रम के दौरान सखी मंडल को 30 करोड़ रुपये से अधिक का बैंक लिंकेज से जोड़ा

### आजीविका से जोड़ने का क्रम जारी

ग्रामीण महिलाएं और अर्थव्यवस्था सशक्त हो, इसके लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के जरिए राज्य के 26 लाख परिवारों को आजीविका के सशक्त माध्यमों से जोड़ा गया है। कृषि, पशुपालन, वनोपज, अंडा उत्पादन, जैविक खेती आधारित आजीविका से ग्रामीण परिवारों को आच्छादित किया जा रहा है। राज्य संपोषित जोहार परियोजना के तहत 17 जिलों के 68 प्रखण्डों के 3,816 गांव में 3,900 उत्पादक समूह एवं 21 उत्पादक कंपनियों का गठन एवं संचालन हुआ। जिसके तहत राज्य के करीब 2.25 लाख परिवारों की आय में बढ़ोतरी हुई।

### वनोत्पाद से मिल रहा लाभ

महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना के जरिए भी राज्य के 2.09 लाख परिवारों को लाह, रेशम, औषधीय पौधे की खेती, ईमली, कृषि एवं पशुपालन से जोड़ा गया है। राज्य संपोषित झारखण्ड माइक्रोड्रिप इरिगेशन परियोजना के तहत करीब 14,246 किसानों को टपक सिंचाई तकनीक से जोड़ कर उन्नत खेती की जा रही है। इस परियोजना के तहत 30 हजार महिला-पुरुष किसानों को जोड़ने का लक्ष्य है।

### तकनीक में निपुण हो रहीं महिलाएं

राज्य में बैंकिग कॉरेस्पॉन्डेंट सखी, पशु सखी, कृषि सखी, वनोपज मित्र, आजीविका रेशम मित्र, सीआरपी समेत, करीब 80,000 सामुदायिक कैडर को प्रशिक्षित कर परियोजना के क्रियान्वयन एवं विस्तारण में लगाया है। आधुनिक संचार तकनीक से इन महिलाओं का क्षमता वर्धन किया गया है।

2019 से पूर्व सखी मंडल को जितना क्रेडिट लिंकेज दिया गया, **उसका 10 गुना क्रेडिट लिंकेज विगत साढ़े चार वर्ष में दिया गया**

## झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (JMMSY)



**रश्मि बुडेली, चाईबासा**
झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से जो पैसा मुझे मिल रहा है, उसका उपयोग मैं अपनी पढ़ाई में करूंगी। झारखण्ड सरकार को धन्यवाद, उन्होंने हमें इस योजना से जोड़ा।
**हेमन्त दादा को धन्यवाद और जोहार**

**दिव्या तिवारी, विश्रामपुर, पलामू**
रक्षा बंधन पर हेमन्त भैया ने हमें उपहार दिया है। हर साल ₹12,000 प्राप्त होगा। हेमन्त भैया का आभार। यह पैसा मेरी जरूरतों को पूरा करने में सहयोग करेगा।
**हेमन्त भैया को धन्यवाद**





**रमिता रंजन, नावाडीह, चतरा**
योजना से जो पैसा मिला है और आगे जो पैसा मिलेगा, उसे अपने बच्चों की पढ़ाई में खर्च करूंगी। मेरे खाते में ₹1,000 आया है, हर साल मुझे ₹12,000 मिलेगा।
**सीएम हेमन्त जी को आभार**

**चांदनी देवी, पाकुड़**
26 अगस्त को मेरे बैंक अकाउंट में योजना का पैसा आ गया था। इस पैसे का उपयोग मैंने अपने छोटे-मोटे कार्यों में किया है। योजना में हमलोग को साल का ₹12,000 मिलेगा। महिलाओं के लिए यह बहुत अच्छी योजना है।
**हेमन्त सरकार को बहुत-बहुत धन्यवाद**



## अबुआ आभार
### हेमन्त सरकार



**मैं प्रकाश कुमार मंडल,**
धनबाद जिले का निवासी हूं। मेरा चयन पाइपलाइन इंस्पेक्टर (नगर विकास एवं आवास विभाग) में हुआ है। मैं खुश हूं, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन जी के प्रयास से हम लोगों को समय पर नियुक्ति पत्र मिल गया। अब मैं झारखण्ड के विकास में अपना योगदान दूंगा।
**मुख्यमंत्री जी को बहुत-बहुत आभार...**



नियुक्ति नियमावलियों की अड़चनों को दूर कर **हजारों की संख्या में गरीब परिवार के युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई।**
निजी क्षेत्र में भी हजारों की संख्या में स्थानीय युवाओं को ऑफर लेटर मिला। वर्तमान में **हजारों सरकारी नियुक्तियां प्रक्रिया में है।**

**मैं अंकिता कुजूर,**
झारखण्ड की निवासी हूं। मेरा चयन जूनियर इंजीनियर (यांत्रिक) के लिए हुआ है। मैं खुश हूं, मुख्यमंत्री जी ने जो वादा किया था, वह ससमय पूरा किया। हमें इंतजार का अच्छा परिणाम मिला और हम सरकार के अंग बनें।
**मुख्यमंत्री जी को बहुत-बहुत आभार...**



# महिलाओं के बड़े वर्ग को प्रभावित करेगा योजना



**सुमन देवी, बोकारो** ने कहा कि झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से जुड़कर खुशी हो रही है। बच्चों की पढ़ाई में होने वाले खर्च में सरकार द्वारा दिए जा रहे इस राशि का उपयोग करूंगी। सुमन देवी ने कहा कि सरकार का यह प्रयास सराहनीय है। जरूरतमंद महिलाओं को झारखण्ड सरकार कई योजनाओं का लाभ दे रही है, लेकिन यह योजना, महिलाओं के बहुत बड़े समूह को प्रभावित करेगी।

जहां मैं रहती हूं, वहां की लगभग सभी महिलाओं को इस योजना का लाभ मिला है। रोजमर्रा की जरूरत को पूरा करने में यह राशि हम जैसी अन्य महिलाओं को काफी मदद करने वाली साबित होगी। जिससे बड़ी संख्या में महिलाओं को योजना का लाभ मिल सकेगा।

सुमन देवी ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई में हर माह पैसे खर्च होते हैं, अब ₹1,000 की राशि जो झारखण्ड सरकार हम लोगों को दे रही है उससे हर माह होने वाले खर्च को हम लोग संतुलित कर पाएंगे और जीवन अच्छे से गुजर सकेगा।

सुमन देवी ने बताया कि इस योजना के संबंध में उसने अपने परिचितों को भी जानकारी दी है और वे भी इस योजना का लाभ ले चुकी हैं। सभी के बैंक खाता में ₹1,000 आ गया है।

बोकारो जिला में जगह जगह शिविर लगाकर हम महिलाओं को योजना से जोड़ा गया है। सरकार ने महिलाओं को आवेदन जमा करने और उसे भरने में काफी मदद की है। सुमन देवी ने कहा कि घर-घर प्रखण्ड कार्यालय से लोग योजना का आवेदन देकर गए थे।

आवेदन जमा करने के 10 दिनों के अन्दर पैसा आ गया। योजना को लेकर जितना कहा जाए, वह कम है। एक बार फिर झारखण्ड सरकार को आभार। और विशेषकर सीएम हेमन्त भैय्या को बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं।

मैं बारहवीं कक्षा की छात्रा हूं। मुझे दो-दो बार - ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से ₹5-5 हजार का लाभ मिला है। हेमन्त दादा को धन्यवाद, जोहार!
**सुशांति कुजूर, लोहरदगा**



# हम सभी कृतज्ञ हैं ...

**खूंटी** की स्नेहा कुमारी खुश है। उसे मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से आच्छादित किया गया है। स्नेहा कहती है कि राज्य सरकार से जो उसे सम्मान राशि प्राप्त हो रही है, वह उसके आने वाले कल में सहायक होगी। वह इस राशि को अपनी शिक्षा में व्यय करेगी। उसने बताया कि उसकी कई सहेलियों को भी इस योजना का लाभ मिला है और वे सभी सरकार की इस योजना का स्वागत करती हैं। हेमन्त सरकार ने जो सम्मान दिया है, इसके लिए हम सभी कृतज्ञ हैं। राज्य के मुख्यमंत्री के प्रयास से यह संभव हो पाया और हम जैसी लड़कियों को योजना का लाभ मिलने लगा है। स्नेहा ने बताया कि उसके खाते में ₹1,000 की राशि आ गई है ऐसे ही उसके जानने वालों के खाते में भी राशि आई है।

मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उसने कहा कि इस तरह की अन्य योजनाएं भी महिलाओं को सशक्त कर रही हैं। खूंटी जिले में सखी मंडल के जरिए भी महिलाएं अपनी आजीविका के मार्ग को प्रशस्त कर रहीं हैं। खेती से लेकर बैंकिंग तक में खूंटी की महिलाओं की भूमिका देखी जा रही है, मुख्यमंत्री का यह प्रयास सराहनीय है।

स्नेहा ने बताया वह अन्य महिलाओं और अपनी सहेलियों को इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित करेगी।




# महिलाएं बनेंगी सशक्त...




**चाईबासा** प्रखंड की रहने वाली आशा रानी पूर्ति ने जब झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के संबंध में जाना तो उसकी खुशी का ठिकाना नहीं था। सुदूर गांव में रहने के कारण उसे ऑनलाइन आवेदन जमा करने में जब परेशानी हुई तो वह निराश हो गई, लेकिन दूसरे ही दिन मुख्यमंत्री ने जब ऑफ लाइन आवेदन लेने का आदेश दिया तो रानी पूर्ति का चेहरा खिल गया। रानी ने बताया कि इसके बाद उसने सीधे पंचायत भवन जाकर अपना आवेदन जमा कर दिया।

**इससे मिलने वाले राशि का प्रयोग बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ खुद के जीवन को सशक्त करने में संबल प्रदान करेगी।**

रानी ने कहा कुछ ही दिन गुजरे थे कि उसे झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत ₹1,000 की सम्मान राशि बैंक खाते पर प्राप्त हुई है। वह बताती है, कहने को तो सरकार की सभी योजनाएं लोगों के रहन-सहन में बदलाव लाने के लिए चलाई जाती है, परंतु राज्य के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने की सोच के तहत चलाई गई यह योजना काफी सार्थक है। इससे मिलने वाली राशि का प्रयोग बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ खुद के जीवन को सशक्त करने में संबल प्रदान करेगी। राज्य के मुख्यमंत्री को बहुत-बहुत धन्यवाद और जोहार करती हूं यह योजना राज्य के सभी महिला को सशक्त बनाने में काफी उपयोगी सिद्ध होगी। हम सभी को हर वर्ष ₹12,000 की राशि प्राप्त होगी।


सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार
P.R. 335209 (IPRD) 24-25

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 67,400 रु./10 ग्राम
चांदी 85,000 रु./प्रति किलो



# दक्षिणी छोटानागपुर की 15 सीटों पर होगा असली मुकाबला

## ■ 2019 में झामुमो-कांग्रेस ने नौ सीटें जीत कर भेद दिया था भाजपा का किला

## ■ इस बार चुनावी बाजी पलटने के लिए जी-तोड़ कोशिश में जुटी है भगवा पार्टी

झारखंड का दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल राजनीतिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि राजधानी रांची इसका एक जिला है। राजनीतिक और प्रशासनिक मुख्यालय होने के नाते रांची समेत पूरा दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल हमेशा सुर्खियों में रहता है। पांच जिलों की तीन लोकसभा और 15 विधानसभा सीटों वाले इस प्रमंडल की राजनीति कभी एकतरफा नहीं होती है। विधानसभा चुनाव के दृष्टिकोण से इस प्रमंडल को कभी भाजपा का गढ़ माना जाता था, लेकिन 2019 में झामुमो-कांग्रेस ने इस किले को भेद दिया था। प्रमंडल की 15 सीटों में से इन दोनों दलों ने मिल कर नौ सीटें जीत कर भाजपा को महज पांच सीटों पर रोक दिया था, जबकि एक सीट आजसू के खाते में गयी थी। हालांकि उस चुनाव में भाजपा ने जिन दो आदिवासी सीटों पर जीत हासिल की थी, वे इसी प्रमंडल में आती हैं। दक्षिणी छोटानागपुर झारखंड का सबसे शिक्षित और विकसित प्रमंडल माना जाता है, हालांकि यहां की 71 प्रतिशत आबादी आदिवासियों की है। इस प्रमंडल ने झारखंड बनने से पहले और बाद में कई अवसरों पर इलाके को नयी दिशा दी है और इस बार भी यहां राजनीति की नयी इबारत लिखे जाने की संभावना दिखाई दे रही है। पुरानी पीढ़ी के अवसान और नयी पीढ़ी के उदय के लिए तैयार झारखंड का दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल आसन्न विधानसभा चुनाव में नये इतिहास की रचना करेगा, इसमें किसी को संदेह नहीं होना चाहिए। क्या है प्रमंडल की 15 विधानसभा सीटों का राजनीतिक परिदृश्य और क्या हो सकते हैं यहां के चुनावी मुद्दे, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

**आजाद सिपाही विशेष**



राकेश सिंह

झारखंड विधानसभा के आसन्न चुनाव के लिए जारी राजनीतिक गतिविधियों के बीच राज्य की हृदयस्थली, यानी राजधानी रांची और दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल भी अभी से ही चुनावी तपिश झेल रहा है। वैसे तो यह प्रमंडल हर दिन किसी नयी राजनीतिक गतिविधि का गवाह बनता है, लेकिन इस बार मामला थोड़ा अलग है, क्योंकि इस प्रमंडल ने जहां भाजपा को झटका दिया है, वहीं कांग्रेस को नयी ताकत दी है।

दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल पांच जिलों, रांची, खूंटी, गुमला, लोहरदगा और सिमडेगा में फैला हुआ है। राजनीतिक दृष्टि से देखा जाये, तो इन पांच जिलों में लोकसभा की तीन और विधानसभा की 15 सीटें आती हैं। दो विधानसभा सीटें, रांची लोकसभा क्षेत्र का ईचागढ़ और खूंटी लोकसभा क्षेत्र का खरसावां सरायकेला-खरसावां जिले में पड़ती हैं। इन तीन लोकसभा सीटों में रांची, गुमला और लोहरदगा शामिल हैं। इनमें से दो पर कांग्रेस का कब्जा है, जबकि रांची सीट भाजपा के पास है। कांग्रेस के कब्जेवाली सीटें आदिवासियों के लिए आरक्षित हैं। जहां तक विधानसभा सीटों का सवाल है, तो 15 सीटों में पांच-पांच सीट कांग्रेस और भाजपा के पास, चार सीट झामुमो के पास और एक सीट आजसू के पास है। विधानसभा सीटों में 11 आदिवासियों के लिए और एक अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। अनारक्षित सीटों में रांची, सिल्ली और हटिया शामिल हैं।




### दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल का चुनावी इतिहास

झारखंड राज्य गठन के बाद झारखंड में अब तक चार विधानसभा चुनाव हुए हैं। इनमें से तीन चुनावों में इस प्रमंडल की सबसे ज्यादा सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की है। इसलिए दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल को भाजपा का गढ़ कहा जाने लगा था। लेकिन 2019 में कांग्रेस और झामुमो ने इस गढ़ को भेद दिया था। इस प्रमंडल का राजनीतिक इतिहास बताता है कि 2005 के चुनाव में भाजपा को सात, 2009 में पांच और 2014 में आठ सीटें मिली थीं, जबकि कांग्रेस को 2005 और 2009 में तीन-तीन सीटें मिलीं, लेकिन 2014 में एक भी सीट जीतने में उसे कामयाबी नहीं मिली थी। 2019 के विधानसभा चुनाव में यह पूरा खेल पलट गया और इस प्रमंडल में झामुमो-कांग्रेस के गठबंधन ने जोरदार वापसी की। उस बार भाजपा केवल पांच सीट ही जीत सकी, जबकि कांग्रेस ने पांच और झामुमो ने चार सीटें जीत कर उसके गढ़ को ध्वस्त कर दिया था। आजसू पार्टी को भी एक सीट मिली थी। 2019 के बाद इस प्रमंडल की दो सीटों, लोहरदगा और कोलेबिरा में उप चुनाव हुए और दोनों बार ही कांग्रेस को सफलता मिली। 2019 के चुनाव में भाजपा ने राज्य की 28 आदिवासी सीटों में से जिन दो सीटों, खूंटी और तोरपा से जीत हासिल की थी, वे दोनों इसी प्रमंडल में हैं।

### प्रमंडल का जातीय समीकरण

2011 की जनगणना के अनुसार दक्षिणी छोटानागपुर की आबादी 55 लाख से अधिक है। इनमें 72 फीसदी से अधिक आदिवासी हैं, जबकि छह फीसदी अल्पसंख्यक, पांच फीसदी अनुसूचित जाति और ओबीसी और बाकी 17 प्रतिशत सामान्य जाति के हैं।

जातियों के राजनीतिक झुकाव को देखने से पता चलता है कि यहां कभी आदिवासी भी भाजपा के समर्थक हुआ करते थे, लेकिन 2014 के बाद हुए पत्थलगड़ी आंदोलन और बाद में तत्कालीन भाजपा सरकार के खिलाफ पैदा हुए आक्रोश ने आदिवासियों को भाजपा से अलग कर दिया। खूंटी, सिमडेगा, गुमला और लोहरदगा जिलों में भाजपा का जनाधार कम होता गया, जबकि झामुमो और कांग्रेस ने लगातार यहां अपनी पैठ बढ़ायी। पिछले पांच साल में सत्ता से बाहर रही भाजपा ने इलाके में खूब मेहनत की है और इस बार उसे भरोसा है कि वह परिणाम को अपने पक्ष में कर लेगी।

### 2024 का परिदृश्य

दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल की 15 सीटों पर फिलहाल स्थिति साफ नहीं है। चुनावी मुद्दे तो धीरे-धीरे आकार ले रहे हैं, लेकिन इन मुद्दों पर वोट कितना पड़ेगा, यह अब तक तय नहीं है। सत्तारूढ़ झामुमो-कांग्रेस-राजद का गठबंधन मजबूती से चुनाव मैदान में उतरने के लिए तैयार है और उसके पास पिछले पांच साल की उपलब्धियों का हिसाब भी है। हाल के दिनों में शुरू की गयीं योजनाओं ने चुनावी परिदृश्य को बहुत हद तक प्रभावित किया है। हालांकि अब तक मिल रहे संकेतों में इस गठबंधन के भीतर सीट शेयरिंग को लेकर खटपट सुनाई दे रही है और इस कारण कुछ इधर-उधर हो जाये, तो किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए। दूसरी तरफ भाजपा और आजसू को दोबारा एक हो जाने के बाद से राजनीतिक परिदृश्य रोचक हो गया है। भाजपा और आजसू ने 2019 में अलग होकर चुनाव लड़ा था, लेकिन इस बार दोनों की संयुक्त ताकत सत्तारूढ़ गठबंधन के सामने बड़ी चुनौती पेश करेगी। पिछले पांच साल में भाजपा ने जिस संकल्प और मजबूती से खुद को जनता के बीच रखने की कोशिश की है, उसका उसे सकारात्मक परिणाम मिलेगा। आजसू पार्टी की ग्रास रूट आधारित राजनीति का लाभ भी दोनों पार्टियों को जरूर मिलेगा। इस बीच गठबंधन के तीसरे सहयोगी जदयू की इंट्री ने गठबंधन में सीट शेयरिंग का मुद्दा उलझने के आसार पैदा कर दिये हैं, लेकिन उम्मीद की जानी चाहिए कि यह मुद्दा चुनाव से पहले सुलझ जायेगा। ऐसा इसलिए भी होगा, क्योंकि अभी तक जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय को छोड़ कर जदयू के पास ऐसा कोई नेता नहीं है, जो मजबूती के साथ चुनाव लड़ सके।

इन परिस्थितियों में यह तय है कि आसन्न विधानसभा चुनाव दक्षिण छोटानागपुर की 15 सीटों पर किसी भी दल के लिए आसान नहीं होगा। इन सीटों पर न केवल दलों और प्रत्याशियों का जनाधार तौला जायेगा, बल्कि पिछले पांच साल के दौरान हुए विकास के कामों पर भी लोगों की राय अहम होगी। एक तरफ जहां भाजपा की कोशिश होगी कि खूंटी और तोरपा की सीटें वह बरकरार रखे, वहीं आजसू यह चाहेगी कि तमाड़ सीट पर वह पुनः अपना झंडा गाड़े, हालांकि यह इतना आसान भी नहीं है। जहां तक लोहरदगा और गुमला जिले के अंतर्गत आनेवाली सीटों का सवाल है, तो अभी तक के हिसाब से वहां झामुमो-कांग्रेस का पलड़ा भारी है। हालांकि वहां भाजपा वापसी की पुरजोर कोशिश कर रही है। भाजपा यह चाहेगी कि बिशुनपुर और गुमला और सिसई सीट उसके कब्जे में आये, लेकिन यह इतना आसान नहीं है। ऐसा तभी होगा, जब कोई बड़ा उलटफेर होगा।

---

### झारखंड मुक्ति मोर्चा ने आजसू पार्टी पर साधा निशाना

# अवसरवादी और परजीवी राजनीति कर रही आजसू: सुप्रियो

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने आजसू पर निशाना साधा। सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस कर सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि वह हेमंत सरकार से डरते हैं, क्योंकि उनके पास चुनाव लड़ने के लिए मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने समाज के हर तबके के लिए योजनाएं शुरू की हैं, जिससे आजसू डरने लगी है। सुप्रियो ने आजसू की राजनीतिक रणनीति पर भी सवाल उठाया, कहा कि वे अवसरवादी हैं और दूसरे के सहारे चुनाव लड़ना चाहते हैं। उन्होंने मधु कोड़ा का उदाहरण देते हुए कहा कि आजसू ने पहले भी अवसरवादी राजनीति की है। उन्होंने कहा कि आजसू को याद रखना चाहिए कि झारखंड की जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी अगर वे अवसरवादी राजनीति करते रहे। उन्होंने कहा कि आपको याद होगा कि जो मधु कोड़ा आज बीजेपी में चले गये हैं, उनकी सरकार में आजसू का एक मंत्री था। पार्टी के दो विधायक थे और दूसरा विधायक विपक्ष में था। उन्होंने कहा कि हमें राजनीतिक बहस और बार्गेनिंग की जरूरत है, लेकिन आजसू परजीवी राजनीति कर रहा है।

उन्होंने आजसू से सवाल किया कि आप हेमंत सरकार से इतना डरते क्यों हैं? उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने झारखंड के विकास के लिए बहुत काम किया है और आजसू को इसे स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आश्चर्य इस बात से होता है कि जो पार्टी आगामी सरकार का खाका खींच रही है, वो चार या पांच सीट पर चुनाव लड़ेगी। सुप्रियो ने बीजेपी और आजसू से सवाल किया कि आप हेमंत सरकार से इतना डरते क्यों हैं। उन्होंने कहा उनकी मूल समस्या ये है कि इनके पास यहां चुनाव लड़ने के लिए मुद्दा नहीं है। समाज के हर तबके के लिए हेमंत सरकार ने जो योजनाएं शुरू की हैं, अब ये उनसे भी डरने लगे। उन्होंने कहा कि आपको याद होगा कि जो मधु कोड़ा आज बीजेपी में चले गये हैं, उनकी सरकार में आजसू का एक मंत्री था। पार्टी के दो विधायक थे और दूसरा विधायक विपक्ष में था। इसका मतलब है कहीं से अवसर को छोड़ना नहीं है। उन्होंने कहा कि हम ये बात बार-बार कहते हैं कि एक पोलटिकल बार्गेन हो, बहस हो, लेकिन ये लोग पॉलिटिकल पैरासाइट यानी परजीवी हैं। ये लोग दूसरे के सहारे चुनाव लड़ना चाहते हैं और राजनीति करना चाहते हैं।

### सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर आजसू ने किया पलटवार

# झामुमो से ज्यादा अवसरवादी कौन रहा: देवशरण भगत

**झारखंड आंदोलन को कमजोर करने और राज्य नहीं बनने के लिए सांसदों को कांग्रेस ने खरीदा, झामुमो आज उसके साथ सरकार चला रही**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता सह पार्टी के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य के सवालों का जवाब देते हुए कहा है कि जिस पार्टी का इतिहास ही अवसरवादी रहा है, वह आजसू पर अवसरवादी होने का आरोप लगा रही है। उन्होंने कहा कि जिस कांग्रेस ने झारखंड आंदोलन को कमजोर करने और राज्य नहीं बनने के लिए सांसदों को खरीदा, झामुमो आज उसके साथ सरकार चला रही है। जिस राजद ने आंदोलन के समय साफ-साफ कहा था कि झारखंड उसकी लाश पर बनेगा, झामुमो उसके साथ आज गलबहियां डाले हुए है। उन्होंने कहा कि जब-जब झामुमो को यह महसूस हुआ कि अपने लाभ के लिए उसे सरकार की जरूरत है, तब-तब वह खुद सरकारों में शामिल होती रही। उन्होंने कहा कि परजीवी तो झामुमो है। ऐसे-ऐसे लोगों के साथ सरकार चला रही है, जिनका कभी चेहरा भी उसे देखना मंजूर नहीं था। उन्होंने कहा कि झामुमो आज सरकार नहीं चला रही है, बल्कि झारखंड को लूट और चूस रही है। वह बालू चूस रही है, कोयला चूस रही है। उन्होंने कहा कि जिसका घर खुद शीशा का बना हो, वह दूसरों के घरों पर पत्थर नहीं फेंका करते। उन्होंने कहा कि दरअसल झामुमो ने अपने हिसाब से एक राजनीतिक चश्मा पहन रखा है। जैसा चश्मा रहेगा, वैसा ही दिखेगा। देवशरण भगत ने कहा कि इतिहास गवाह है कि आजसू ने हर समय मुद्दे की राजनीति की है। आजसू पार्ट टाइम राजनीति नहीं करती। उन्होंने यह भी कहा कि झामुमो में आज जिस तरह के लोगों का समावेश है, वह किसी से छिपा नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि झामुमो पहले अपना घर संभाले। जिन्होंने पूरी जिंदगी झामुमो में खपा दी, वे अब साथ छोड़ जा रहे हैं और उनकी शिकायतें भी ऐसी हैं कि आश्चर्य होता है। उन्होंने कहा कि झामुमो दूसरों पर आरोप लगाने के पहले खुद अपने गिरेबां में झांके। डॉ देवशरण भगत ने कहा कि अगर झामुमो में इतनी ही राजनीतिक ताकत आ गयी है, तो वह अकेले चुनाव मैदान में उतरे और अपनी ताकत का एहसास कराये।

---

# जेएसएलपीएस में 500 नये पद होंगे सृजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने जेएसएलपीएस के रिक्त पदों की नियुक्ति प्रक्रिया को शीघ्र प्रारंभ करने का निर्देश दिया है। साथ ही एनआरइटीपी, एमकेएसपी, तथा जोहार परियोजना के संविदा कर्मियों को उनकी योग्यता एवं अनुभव के आधार पर डीएवाइ-एनएलआरएम परियोजना में समायोजित करने का निर्णय लिया, जिससे 363 कर्मियों को रोजगार की निरंतरता का लाभ मिलेगा। मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने जेएसएलपीएस के तहत 500 नये पदों के सृजन का भी निर्देश दिया, जो विशेष रूप से अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्ग के निर्धन मैट्रिक पास युवाओं को रोजगार प्रदान करेगा। विभागीय मंत्री ने जेएसएलपीएस द्वारा संचालित सभी परियोजनाओं की समीक्षा भी की है और कहा है कि ग्रामीणों को अधिकतम लाभ पहुंचाने के लिए आवश्यकता आधारित कार्य करें।

# दुष्कर्म के बाद बीटेक छात्रा को जिंदा जलाने के दोषी राहुल राज की फांसी की सजा बरकरार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बहुचर्चित और वीभत्स रांची की बूटी बस्ती निवासी बीटेक छात्रा के साथ दुष्कर्म के बाद जला कर मार डालने के मामले में सजायाफ्ता राहुल राज उर्फ रॉकी राज उर्फ अंकित उर्फ राज श्रीवास्तव उर्फ आर्यन की फांसी की सजा को कंफर्म करने को लेकर राज्य सरकार की अपील और राहुल राज की अपील पर झारखंड हाइकोर्ट ने फैसला सुनाया है। हाइकोर्ट की खंडपीठ ने राहुल राज को रांची की निचली अदालत द्वारा सुनायी गयी फांसी की सजा को बरकरार रखा है। वहीं अपीलकर्ता राहुल राज की अपील को खारिज कर दिया। रांची की निचली अदालत ने अभियुक्त राहुल राज को 20 दिसंबर 2019 को दोषी करार दिया था एवं मामले को रेयरेस्ट ऑफ रेयर की श्रेणी में रखते हुए उसे 21 दिसंबर 2019 को फांसी की सजा सुनायी थी। बता दें कि 15-16 दिसंबर 2016 को दरिंदे ने बीटेक की छात्रा के साथ दुष्कर्म के बाद उसको जला कर मारने की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में मुख्य आरोपी राहुल को रांची की सीबीआइ की विशेष अदालत ने दोषी करार दिया था और फांसी की सजा सुनायी थी। **क्या था मामला** छात्रा 15 दिसंबर 2016 को शाम छह बजे कॉलेज से लौटी थी। राहुल ने उसका दिनभर पीछा किया था। 16 दिसंबर की सुबह करीब 4 बजे राहुल छात्रा के घर में घुसा। ग्रिल का ताला खोला। छात्रा ने अपने कमरे की सिटकनी नहीं लगायी थी। राहुल अंदर गया और उसका गला दबाने लगा। फिर उसके साथ दुष्कर्म किया। जब छात्रा अचेत हो गयी तो आयरन के तार से गला घोंट दिया। उसके कपड़े उतारे और बगल वाले कमरे में फेंक कर आग लगा दी। हत्या करने के बाद बगल के कमरे से मोटर में डालने के लिए रखा मोबिल उसके शरीर पर डाल दिया और आग लगा दी। फिर दरवाजा सटा कर वहां से निकल गया था। बूटी बस्ती में मोबाइल कॉल डंप के आधार पर राहुल का पता लगाया गया था। करीब 300 लोगों से पूछताछ की गयी थी, जिससे पता चला कि राहुल नालंदा के एकंगरसराय थाना क्षेत्र के घुरगांव का रहनेवाला था। पटना में भी नाबालिग से दुष्कर्म का केस दर्ज है। वह लखनऊ जेल में बंद था। इसके बाद राहुल के माता-पिता और पीड़िता के स्वाब और नाखून से मिले अंश का डीएनए टेस्ट कराया था। इसमें राहुल की मां का डीएनए मैच कर गया। इसी सबूत के आधार पर उसे फांसी की सजा हुई थी।

# जेपीएससी अध्यक्ष का पद 22 अगस्त से खाली

**हाइकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा- कब होगी नियुक्ति**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सिविल जज जूनियर डिवीजन से संबंधित एक मामले की सुनवाई के दौरान झारखंड हाइकोर्ट ने जेपीएससी में अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं होने पर नाराजगी जतायी। हाइकोर्ट की खंडपीठ ने राज्य सरकार से पूछा है कि जेपीएससी में कब तक अध्यक्ष या प्रभारी अध्यक्ष की नियुक्ति कर दी जायेगी? कोर्ट ने मामले की सुनवाई मंगलवार निर्धारित की है। दरअसल, प्रार्थी श्वेता त्रिपाठी की ओर से सिविल जज जूनियर डिवीजन के मेंस के एग्जाम को जल्द कराने को लेकर याचिका दाखिल की गयी थी। इस पर कोर्ट ने राज्य सरकार से जानना चाहा कि मेंस का एग्जाम अब कब तक क्यों नहीं हुआ है। इस पर जेपीएससी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि अध्यक्ष का पद रिक्त है, इसलिए सिविल जज जूनियर डिवीजन के मेंस की परीक्षा की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पायी है। कोर्ट को यह बताया गया कि जेपीएससी के नये अध्यक्ष के रूप में फिलहाल किसी की नियुक्ति नहीं हुई है। ना ही किसी को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। 21 अगस्त 2024 को जेपीएससी अध्यक्ष डॉ मेरी नीलिमा केरकेट्टा अपने पद से रिटायर हो गयीं।

www.epaper.azadsipahi.in

10 सितंबर, 2024
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, सप्तमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 321

कोलकाता रेप-मर्डर केस में सुप्रीम कोर्ट ने कहा- ड्यूटी पर तुरंत लौटें डॉक्टर



### मुख्यमंत्री ने भाजपा पर बोला करारा राजनीतिक हमला

# झारखंड में राजनीतिक गिद्ध मंडराने लगे हैं, आप सावधान रहियेगा: हेमंत

- कहा-अभी छोटे-छोटे राजनीतिक गिद्ध नजर आ रहे हैं, बाद में बड़े-बड़े आयेंगे
- आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार में की उपलब्धियों को भी गिनाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि अभी दो-चार महीने के बाद चुनाव की घंटी बजनेवाली है। इसलिए आजकल पूरे राज्य में राजनीतिक गिद्ध मंडराने लगे हैं। कोई असम से आ रहा है, कोई छत्तीसगढ़ से आ रहा है। अभी छोटा-छोटा गिद्ध सब आ रहा है। कुछ दिन बाद से बड़ा-बड़ा गिद्ध सब नजर आयेगा। और आपके बीच में छोटा का खाना परोसेगा, झूठ का आश्वासन देगा। और आपको दिग्भ्रमित करेगा। कोई जात के नाम पर, कोई धर्म के नाम पर, कोई अगड़ा पिछड़ा के नाम पर। ये लोग आपको दिग्भ्रमित करेगा, चुनाव में वोट मांगेगा। इसलिए आप लोग सावाधान रहियेगा। ये चार साल इन लोगों में मुझे बहुत परेशान किया। हमारे विरोधियों ने कोई कसर नहीं छोड़ी। जेल तक में डाल दिया हमको। लेकिन ये आप लोगों का आशीर्वाद ही है कि ज्यादा दिन तक ये लोग हमको जेल में रख नहीं पाये।

मुख्यमंत्री सोमवार को गिरिडीह के गांडेय में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। यहां मुख्यमंत्री ने जहां विपक्ष पर जम कर हमला बोला। वहीं, उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियां भी गिनायीं।

**मंईयां सम्मान योजना के लिए नहीं लगाने पड़े चक्कर :** हेमंत ने कहा कि मंईयां सम्मान योजना का लाभ लेने के लिए आपको किसी दलाल के पास नहीं जाना पड़ा, बल्कि आपकी पंचायत, आपके गांव में आवेदन लेकर आपके खाते में पैसा भेजा गया। किसानों की ऋण माफी हो रही है। गरीबों का बिजली बिल माफ हो रहा है। बच्चों को पढ़ने लिखने के लिए अच्छे स्कूल बन रहे हैं। हमारी आंगनाबाड़ी सेविका, सहायिका, रसोइया, सहायक पुलिस सबको कुछ ना कुछ मिला है। कई ऐसे निर्णय हमने लिये हैं, जो भारत देश में पहली बार हुआ है।

**विपक्ष बोलता है कोई काम नहीं हो रहा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना में हमने अपने भाइयों को घर-घर तक पहुंचाया। हमारे दो-दो मंत्री इस दुनिया से चले गये। हमारा विपक्ष बोलता है कि कोई काम नहीं हो रहा है। यहां की महिलाओं से, बुजुर्ग से जाकर पूछिए कि आज जो इनके चेहरे पर मुस्कान है, वो क्यों है। अभी हम लोगों ने 20 से 25 दिन में 50 लाख महिलाओं को सम्मान राशि दी है।

**गैस सिलेंडर का दाम बढ़ा दिया:** हेमंत ने कहा कि हम लोग अपना हक अधिकार मांगते हैं, तो विपक्ष लाठी-पुलिस-जेल यही करने का काम करता है। राज्य का बकाया देने में इनका पसीना छूटता है। गरीबों को पेंशन देने का पैसा इनके पास नहीं है, लेकिन इनके व्यापारी साथियों का करोड़ों करोड़ रुपया माफ करने के लिए पैसा है। इन लोगों ने मुफ्त का सिलेंडर बांटा। बाद में 1200 का सिलेंडर उसके सामने लाकर पटक दिया। आज उस सिलेंडर की क्या हालत है, जाकर गांव में देखो।

### भाजपा झारखंडियों को बेवकूफ बना रही है

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंडियों को डराने वाले अंग्रेज भी यहां आये और वो भी भागे हैं। यहां तो व्यापारी लोग आते हैं। व्यापारी लोगों को कैसे झारखंडी लोग भगायेगा ये चुनाव में पता चल जायेगा। कई ऐसे राज्य हैं, जहां सरकार के पास इतने पैसे नहीं हैं जितना भाजपा के पास है। पंचायत में, जिला में, इनका पूरे देश में ताजमहल जैसा ऑफिस बन रहा है। पैसे की बदौलत देश के आदिवासी-दलित को बेवकूफ बना रहे हैं। यहां घुसपैठिया की बात करते हैं। लव जिहाद की बात करते हैं। लैंड जिहाद की बात करते हैं। बोलते हैं आदिवासी की संख्या घट रही है। हम बोलते हैं कि आदिवासी को सरना धर्म कोड क्यों नहीं दिया। झारखंड विधानसभा से हमने आदिवासियों के लिए धर्म कोड बना कर केंद्र सरकार को भेजा। वहां कुंडली मार कर बैठा है। देश में लैटरल इंट्री के नाम से आदिवासी दलित की जगह पर बैकडोर से लोगों को घुसाने की तैयारी हो रही है। झारखंड के पिछड़ों के अधिकार की बात करें तो हमारे राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री जी ने जो इस राज्य का 27 प्रतिशत का आरक्षण मिलता था, उसको काट कर 14 प्रतिशत कर दिया।

### व्यापारियों की नहीं, झारखंडियों की सरकार है

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है ये सरकार व्यापारियों की नहीं झारखंडियों-मूलवासियों की सरकार है। ये सरकार रांची से नहीं, बल्कि गांव से चलती है। सरकार बनने के बाद कई चुनौतियों से लड़ने के बाद भी हमने लगातार यहां के मूलवासी, यहां के आदिवासी, दलित पिछड़ा, अल्पसंख्यक सभी के लिए काम किया है। ऐसा काम करते हैं कि जहां आपको जगह-जगह धक्का खाना न पड़े। दलालों का चक्कर लगाना न पड़े। पहले पेंशन के लिए बूढ़ा-बुजुर्ग को कितना चक्कर लगाना पड़ता था। क्योंकि हमारे विरोधियों ने ऐसा कानून बना दिया था कि गांव में अगर 50 लोग हैं, तो मात्र पांच लोगों का पेंशन कार्ड बनेगा। हमने ऐसा कानून बना दिया कि इस राज्य में जो भी बूढ़ा बुजुर्ग होगा, सबको पेंशन मिलेगी।

### हम कुछ करें तो असंवैधानिक, वे करें तो संवैधानिक

हेमंत ने कहा कि हम लोग जब यहां उनके प्रतिशत बढ़ाने का कानून बना कर भेजते हैं तो ये लोग असंवैधानिक बता कर रोक देता है। कभी गवर्नर रोक देते हैं तो कभी दिल्ली सरकार। हम कुछ काम करें तो असंवैधानिक और वो कुछ करें तो संवैधानिक। 1932 के आधार पर खतियानी कानून बनाते हैं तो भाजपा के लोग कोर्ट चले जाते हैं। अभी मंईयां योजना को लेकर इनके पेट में दर्द हुआ और कोर्ट चले गये। आज महिलाओं को सम्मान देने से रोकने के लिए ये कानून का सहारा ले रहे हैं। क्योंकि इनके पास में बड़े-बड़े वकील हैं। बड़े बड़े जज हैं, जो इस्तीफा देकर भाजपा के लिए चुनाव लड़ रहे हैं।

### असम के मुख्यमंत्री और झारखंड चुनाव सह प्रभारी ने फोड़ा राजनीतिक बम

# कांग्रेस के 14 और झामुमो के 3 विधायक मेरे संपर्क में : हिमंता

- सिपाही दौड़ में मृतक युवाओं के परिजनों से मिल कर दुख-दर्द बांटा
- बाबूलाल मरांडी, अमर बाउरी और दीपक प्रकाश थे साथ



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** असम के मुख्यमंत्री और झारखंड भाजपा के चुनाव सह-प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने झारखंड पहुंचते ही राजनीतिक बम फोड़ा। कहा कि मेरे संपर्क में झारखंड कांग्रेस के हमेशा 12 से 14 विधायक रहते हैं। साथ ही झारखंड मुक्ति मोर्चा के भी दो-तीन विधायक संपर्क में हैं। वह रांची हवाई अड्डे पर मीडिया के सवालों का जवाब दे रहे थे। सरमा सोमवार शाम दो दिवसीय यात्रा पर रांची पहुंचे हैं। एयरपोर्ट पर भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। हिमंता ने सिपाही दौड़ में मृतक युवाओं के परिजनों से मुलाकात की। उनका ढांढ़स बंधाया और हर तरह की सहायता का आश्वासन दिया। उनके साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, सांसद दीपक प्रकाश, रामटहल चौधरी, जैलेंद्र कुमार महतो मौजूद थे।

दरअसल, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के भाजपा में शामिल होने के बाद यह चर्चा जोरों पर थी कि कई और विधायक भाजपा में शामिल हो सकते हैं। असम के मुख्यमंत्री जब एयरपोर्ट से बाहर निकले, तो मीडिया ने उनसे इस पर सवाल पूछा। पत्रकारों ने पूछा कि राज्य के कितने विधायक आपके संपर्क में हैं। उन्होंने विधायकों के संपर्क में होने की बात कही। साथ ही मुस्कुराते हुए कहा कि विधायक तो कई संपर्क में हैं। लेकिन बाहर से सभी को ले लेंगे, तो मेरी पार्टी के लोग ही नाराज हो जायेंगे और मुझे मारने लगेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ताओं को भी सम्मान देना जरूरी है।

**पाकुड़ में कैसे बढ़ गयी मुस्लिमों की संख्या :** असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि बांग्लादेशी का मुद्दा इसलिए हमेशा उठा रहे हैं क्योंकि जब वह पाकुड़ गये, तब उन्हें पता चला कि पहले वहां हिंदू विधायक होते थे। अब मुस्लिम विधायक बनते हैं। उन्होंने पाकुड़ के डीसी से पूछा है कि वह बतायें कि कैसे डेमोग्राफी बदल गयी।

**प्रदेश नेताओं ने किया स्वागत :** भाजपा के प्रदेश चुनाव सह-प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा शाम करीब तीन बजे रांची पहुंचे। एयरपोर्ट पर नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, आदित्य साहू समेत अन्य भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। वहां से सरमा भाजपा प्रदेश कार्यालय गये। शाम में सरमा उत्पाद सिपाही दौड़ में मृत जवान अजय कुमार मुंडा के ओरमांझी स्थित आवास पर गये। वहां उसके परिजनों से मिले। इसके बाद वह नामकुम गये, जहां मृतक युवक स्व. विकास लिंडा के परिजनों से मुलाकात की। सरमा ने परिजनों के समक्ष अपनी संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार आएगी तो परिवार को सरकारी नौकरी देंगे। वहीं भाजपा हर संभव आर्थिक मदद करने का भी प्रयास करेगी। हिमंता 10 सितंबर की सुबह रांची से लौटेंगे।

### बंधु तिर्की से पूछें, वीडियो कॉल से जुड़े क्यों

पत्रकारों ने जब पूछा कि पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता बंधु तिर्की ने कहा है कि आपने उन्हें भाजपा में शामिल होने का न्योता वीडियो कॉल के जरिये दिया था। हिमंता बिस्वा सरमा ने जवाब देते हुए कहा कि उन्होंने बंधु तिर्की से कभी बात नहीं की। उनकी बेटी मांडर की विधायक शिल्पी नेता तिर्की एयरपोर्ट पर मिली थीं, तब हाय-हेलो हुआ था। उन्होंने कहा कि वीडियो कॉल में बात करने के लिए उधर से भी किसी को जुड़ना पड़ता है। इसलिए पहले बंधु तिर्की को बताना चाहिए कि वे आखिर क्यों वीडियो कॉल से जुड़े थे।

### हेमंत सोरेन की अभी देश को जरूरत है

मीडिया के हेमंत सोरेन के बयान को लेकर भी सरमा से सावल किया। उनसे पूछा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कह रहे हैं कि विपक्ष उन्हें फांसी पर लटकाना चाहता है। पूरे परिवार को जेल में भेजना चाहता है। इस पर जवाब देते हुए हिमंता ने कहा कि हेमंत सोरेन दीर्घायु हों। क्योंकि देश को उनकी जरूरत है। भाजपा क्यों उन्हें फांसी पर लटकाना चाहेगी। भाजपा तो सिर्फ हेमंत सोरेन से घुसपैठ रोकने के लिए कह रही है। साथ ही उत्पाद सिपाही में दौड़ने के दौरान जिन युवाओं की मौत हुई है, उनके परिजनों को एक नौकरी और 50 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग कर रही है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर किया पलटवार

# आदिवासी जमीन पर बैंक्वेट हॉल बनाने का सपना टूटने से हेमंत संतुलन खो बैठे हैं : बाबूलाल मरांडी

- अगले चुनाव में जनता राजनीतिक बेरोजगार का भी लेबल लगायेगी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर तंज कसा है। सोशल मीडिया के जरिये कहा है कि आदिवासियों की जमीन हड़प कर आलीशान बैंक्वेट हॉल बनाने का सपना संजोने वाले हेमंत सोरेन की साजिश का जबसे भंडाफोड़ हुआ है, तब से उनका मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। बाबूलाल के मुताबिक, पिछले साढ़े चार सालों में झारखंड में एक ढेला का काम नहीं करनेवाले हेमंत सोरेन के द्वारा भाजपा पर लेबल लगाने का आरोप हास्यास्पद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की योजनाएं झारखंड को विकास की नयी ऊंचाइयों पर ले जा रही हैं। बाबूलाल ने हेमंत से कहा है कि वह अपने अधिकारियों से कोर्ट-कचहरी और वकील के खर्चे का हिसाब मांगने की बजाय केंद्र सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी मांगें।

### मुख्यमंत्री पर लगा जमीन हड़पने का लेबल

बाबूलाल ने कहा है कि हेमंत पर लेबल तो लग गया है। आदिवासियों की जमीन हड़पने का, खुद ही अपने नाम खदान लीज करने का, बांग्लादेशी घुसपैठियों के संरक्षक होने का, दलाल बिचौलियों के सरगना का और अंधेरी रात में गमछी से मुंह ढंक कर नंगे पांव भागने का। चिंता मत करिए. आगामी चुनाव में जनता-जनार्दन आपको सत्ता से खदेड़ कर राजनीतिक बेरोजगार का भी लेबल लगाने जा रही है।

### परमाणु ऊर्जा और पेट्रोलियम समेत चार समझौतों पर दस्तखत


# गुजरात में फूड पार्क लगायेगा यूएइ

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अबू धाबी के वली अहद (युवराज) शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ व्यापक वार्ता की और दोनों देशों ने समग्र रणनीतिक संबंधों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए ऊर्जा सहयोग बढ़ाने के लिए सोमवार को चार समझौतों पर हस्ताक्षर किए। अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडीएनओसी) और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आइओसीएल) के बीच दीर्घकालिक एलएनजी आपूर्ति के लिए एक समझौता और एडीएनओसी और इंडिया स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व लिमिटेड के बीच एक समझौता भी उन चार समझौतों में शामिल हैं।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, अमीरात परमाणु ऊर्जा कंपनी (इएनइसी) और न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआइएल) ने भी बाराकाह परमाणु ऊर्जा संयंत्र के संचालन और रखरखाव के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। चौथा समझौता अबू धाबी तटवर्ती ब्लॉक-वन के लिए ऊर्जा भारत और एडीएनओसी के बीच उत्पादन रियायत समझौता है। भारत में फूड पार्क स्थापित करने के लिए गुजरात सरकार और अबू धाबी डेवलपमेंट होल्डिंग कंपनी पीजेएससी के बीच एक अलग समझौता किया गया।





आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.2 °c | 23.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.58 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.33 बजे |



**कार्यक्रम : मुख्यमंत्री गिरिडीह में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में हुए शामिल**

# अब झारखंड के कार्यों का अनुकरण दूसरे राज्य कर रहे: हेमंत

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह और धनबाद जिले में विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास और लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया**

**गांडेय (गिरिडीह)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि पूर्व की सरकार ने यहां के अधिकतर पात्र लोगों को पेंशन योजना से वंचित रखा। पहले गांव के कुछ चुनिंदा बुजुर्गों, दिव्यांगों एवं विधवा माता-बहनों को ही पेंशन की राशि मिल पाती थी। अब आपकी सरकार ने ऐसा कानून बना दिया कि अब गांव में जितने भी वृद्धजन हैं, सभी को पेंशन प्राप्त हो रही है। आज हरेक दिव्यांगजन एवं विधवा माता-बहनों सहित पात्र सभी लोगों को सर्वजन पेंशन योजना के तहत पेंशन की राशि निर्धारित समय पर मिल रही है। परिणाम यह है कि अब सभी पात्र लोगों को सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत पेंशन योजना से आच्छादित किया जा चुका है। मुख्यमंत्री सोमवार को गिरिडीह जिला के गांडेय प्रखंड में आयोजित 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम में बोल रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज राज्य में उनकी सरकार ने किसानों के कृषि ऋण को माफ करने का काम किया है। गरीबों का बकाया बिजली बिल माफ हो रहा है। बिजली उपभोक्ताओं को 200 यूनिट बिजली मुफ्त मिल रही है। बच्चों के पढ़ने के लिए निजी स्कूल की तर्ज पर स्कूलों का निर्माण किया गया। राज्य में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय स्थापित किये जा रहे हैं। आज उनकी सरकार गरीब, आदिवासी, मूलवासी, दलित, शोषित, पिछड़े, अल्पसंख्यक के बच्चे-बच्चियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। गरीब के होनहार बच्चे विदेश में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। महिलाओं का सशक्तिकरण सुनिश्चित हुआ है। आज राज्य सरकार गांव-देहात से चल रही है।

## हर वर्ग को मिला लाभ, महिलाओं के चेहरे पर दिखी मुस्कान

हेमंत सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार ने राज्य के आंगनबाड़ी सहायिका, सेविका, रसोइया, पुलिसकर्मी, सहायक पुलिसकर्मी, पारा शिक्षक, जलसहिया सहित कई विभिन्न सरकारी विभागों के कर्मचारियों के समस्याओं को सुलझाते हुए कुछ न कुछ लाभ देने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा कई ऐसे निर्णय और राज्यहित के कार्य किये गये हैं जो देश में पहली बार हुआ है। आज झारखंड में किये गये कार्यों का अनुकरण दूसरे राज्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के महिलाओं को उनकी सरकार सम्मान दे रही है। पूर्व की सरकारों ने राज्य की महिलाओं के साथ न्याय करने का काम नहीं किया था। हमारी सरकार ने यहां की महिलाओं के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम कर दिखाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार राज्य की नारी शक्ति को उनका हक-अधिकार दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बढ़ती महंगाई के बावजूद उनकी सरकार ने राज्य के गरीब परिवारों को राहत देने का काम किया है। सरकार की भावी योजनाओं को गांव-गांव, घर-घर तक पहुंचाया गया है ताकि खुशहाल झारखंड की परिकल्पना को पूरा किया जा सके।



## बेटियां बोझ नहीं, बेटियों को शिक्षित कर बनायें मजबूत

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की आनेवाली पीढ़ी के लिए अच्छी शिक्षा व्यवस्था पर फोकस करते हुए सावित्रीबाई फुले समृद्धि योजना एवं गुरुजी क्रेडिट कार्ड जैसी योजनाओं को संचालित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब बेटियां बोझ नहीं है बल्कि आप सभी से निवेदन है कि आप अपनी बेटियों को उच्च शिक्षा जरूर दिलायें। अब राज्य की बेटियों की पढ़ाई-लिखाई, शादी-विवाह सहित सभी चीजों में राज्य सरकार आपको मदद करेगी। राज्य के सभी आदिवासी एवं अल्पसंख्यक वर्ग के बच्चों के छात्रावासों में मुफ्त भोजन की व्यवस्था राज्य सरकार कर रही है ताकि बच्चे अपनी पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान दे सकें।

## ग्रमीण अर्थव्यवस्था को कर रहे मजबूत:

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले ग्रामीणों के बीच कृषि कार्य के लिए सिर्फ ट्रैक्टर और हल प्रदान की जाती थी। हमारी सरकार ने ट्रैक्टर के साथ-साथ स्कॉर्पियो, बोलेरो, बस ऑटो सहित कई गाड़ियां ग्रामीण बेरोजगार लोगों को उपलब्ध करा रही है ताकि अधिक से अधिक लोग लोग अपना स्वरोजगार से जुड़ सकें। पहले राज्य के किसान सिर्फ धान, मकई, और गेहूं की खेती पर निर्भर रहते थे लेकिन राज्य सरकार द्वारा खेती-कृषि की वैकल्पिक व्यवस्था पर भी फोकस किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी योजना, दीदी बगिया योजना सहित कई योजनाओं का लाभ किसान एवं गरीब वर्ग के लोगों को देने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब राज्य में वनपट्टा का वितरण डिसमिल में नहीं बल्कि एकड़ में किया जा रहा है ताकि आप सरकारी जमीन का मालिक बन सकें।

## 50 लाख से अधिक को मिल रहा मंईयां सम्मान योजना का लाभ

हेमंत ने कहा कि गिरिडीह की चार लाख महिलाओं को झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ मिला है। अब 18 से 20 वर्ष की बेटियों को भी इस योजना का लाभ मिलेगा। यह योजना लगातार चलने वाली योजना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की आधी आबादी को हर क्षेत्र में मजबूती के साथ आगे बढ़ना राज्य सरकार की प्राथमिकता रही है। राज्य के विकास में यहां की महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। हमारी सरकार हर हाल में यह सुनिश्चित करने पर जोर लगा रही है कि राज्य की महिलाएं हर एक क्षेत्र में कदम से कदम मिलाकर राज्य सरकार के साथ चलते हुए झारखंड को नयी दिशा देने में सहायक बनेंगी। राज्य में 50 लाख से अधिक महिलाओं को झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ पहुंचाया जा रहा है।

## 310 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गिरिडीह और धनबाद जिले को 465.14 करोड़ रुपये की सौगात दी। उन्होंने 310 योजनाओं का उद्घाटन - शिलान्यास किया। साथ ही दोनों जिलों के 13.06 लाख लाभुकों के बीच लगभग 639.16 करोड़ रुपये की परिसंपत्तियां बांटी। इस अवसर पर मंत्री सत्यानन्द भोक्ता, बेबी देवी व मंत्री इरफान अंसारी, राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद, विधायक मथुरा प्रसाद महतो, सुदिव्य कुमार सोनू व विधायक कल्पना सोरेन समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** रोजी-रोजगार के उचित अवसर मिलेंगे,नवीन कार्य की शुरूआत करने के लिए समय ठीक है।

**वृष** प्रयास और उत्साह से कई बिगड़े काम संवर जायेंगे, क्रोध और आवेश पर नियंत्रण रखें।

**मिथुन** सरकार की ओर से मान-सम्मान की प्राप्ति होगी, नौकरी में प्रमोशन का अवसर मिल सकता है।

**कर्क** नौकरी या व्यवसाय में परिवर्तन हो सकता है,जो भविष्य में लाभकारी सिद्ध होगा।

**सिंह** नया काम इस समय हाथ में न लें, कोई अप्रिय समाचार मिलेगा, जिससे मन एकदम परेशान होगा।

**कन्या** व्यापार व कार्यक्षेत्र की चिंताओं से आप मुक्त हो जायेंगे, जीवन साथी से व्याप्त मतभेदों का निराकरण होगा।

**तुला** रोजी-रोजगार में अवरोध-विरोध का सामना हो सकता है, विरोधी प्रबल होकर हावी होंगे।

**वृश्चिक** बिगड़ा हुआ कार्य सुधरेगा तथा धन प्राप्ति के लिए किये गये प्रयासों में बराबर सफलता मिलेगी।

**धनु** कारोबार व कार्यक्षेत्र में आपकी उन्नति का मार्ग प्रशस्त होंगे, आपके अपने परिश्रम का पूरा फल मिलेगा।

**मकर** आस-पड़ोस व मित्रों का सहयोग मिलेगा,कारोबार के हालात पिछले दिनों से कुछ बेहतर होंगे।

**कुंभ** नयी नौकरी मिलने की प्रयास सफल होने की संभावना,विघ्न बाधाओं के वाबजूद सफलता।

**मीन** मिले-जुले परिणाम प्राप्त होंगे, आय में कुछ कमी रहेगी,फिर भी आय के साधन निर्वाह योग्य बने रहेंगे।

# राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष से मिले शमशेर आलम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सोमवार को झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लाल पुरा से दिल्ली स्थित उनके कार्यालय में औपचारिक मुलाकात कर उन्हें गुलदस्ता और साल भेंट किया। 20 मिनट की मुलाकात के दौरान राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग द्वारा किये गये कार्यों पर एवं झारखंड अल्पसंख्यक आयोग द्वारा किये गये कार्यों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। श्री आलम ने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष को झारखंड आने का आमंत्रण भी दिया। इकबाल सिंह लालपुरा ने आमंत्रण को स्वीकार करते हुए इसी महीने में झारखंड आने का आश्वासन भी दिया।

मुलाकात के बाद आलम ने बताया कि राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष ने सभी अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे विकास कार्यों पर नजर रखने एवं उनके साथ हो रहे भेदभाव को समाप्त करने के लिए उचित कदम उठाने को कहा।



# वक्फ बोर्ड को तत्काल निरस्त किया जाये: अमरदीप यादव

आजाद सिपाही संवाददाता

**भाजपा पिछड़ी जाति के प्रदेश अध्यक्ष ने सुझाव संबंधित पत्र संसद की संयुक्त समिति को भेजा**

**रांची।** भाजपा पिछड़ी जाति के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव ने कहा है कि वक्फ बोर्ड को तत्काल निरस्त किया जाये। इस संबंध में उन्होंने सांसद जगदंबिका पाल को पत्र लिखा है। पाल वक्फ बोर्ड संशोधन के लिए बनी संसद की संयुक्त समिति के अध्यक्ष हैं। अमरदीप ने वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 पर सुझाव भी दिया है।

पत्र में उन्होंने लिखा है कि हाल के दिनों में पूरा देश आश्चर्यचकित हो गया कि तमिलनाडु के तिरुचेंदुरई में एक हिंदू गांव, जिसमें 1500 साल से भी पुराना हिंदू मंदिर शामिल है, को वक्फ संपत्ति घोषित कर दिया गया है। 10वीं सदी में इस भूमि पर आया एक धर्म कैसे उस भूमि और मंदिर पर दावा कर सकता है जो उस धर्म से भी पुराना है! विगत नरसिंहराव एवं मनमोहन सिंह नीत कांग्रेस सरकार द्वारा पारित वक्फ अधिनियम इसके लिए जिम्मेदार हैं।अमरदीप यादव ने पत्र में एक-एक बिंदु का जिक्र करते हुए वक्फ अधिनियम के भेदभावपूर्ण पहलुओं की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने सात बिंदुओं का जिक्र करते हुए लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में कहा कि हमें औपनिवेशिक मानसिकता से छुटकारा पाना होगा। यह औपनिवेशिक मानसिकता केवल अंग्रेजों तक सीमित नहीं है। जब तक यह मुगलकालीन अधिनियम मौजूद हैं, हम औपनिवेशिक मानसिकता से बाहर नहीं निकल पायेंगे। इसके लिए उन्होंने पत्र में दो उदाहरण भी दिया है। इसके बाद उन्होंने वक्फ अधिनियम को तत्काल निरस्त करने समेत अन्य बातों का जिक्र किया है।

# केंद्रीय गृह मंत्री आइ4सी के स्थापना दिवस समारोह को आज करेंगे संबोधित

**साइबर अपराध से रोकथाम के लिए प्रमुख पहल का शुभारंभ करेंगे**

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह मंगलवार को नयी दिल्ली में आइ4सी के प्रथम स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करेंगे। साथ ही साइबर अपराध से रोकथाम के लिए प्रमुख पहलों का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर गृह मंत्री साइबर धोखाधड़ी न्यूनीकरण केंद्र (सीएफएमसी) राष्ट्र को समर्पित करेंगे। सीएफएमसी की स्थापना नयी दिल्ली स्थित भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आइ4सी) में की गयी है। जिसमें प्रमुख बैंकों, वित्तीय मध्यस्थों, भुगतान एग्रीगेटर्स, दूरसंचार सेवा प्रदाताओं, आइटी मध्यस्थों और राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की कानून प्रवर्तन एजेंसियों के प्रतिनिधि शामिल हैं। ये सभी हितधारक ऑनलाइन वित्तीय अपराधों से निपटने के लिए तत्काल कार्रवाई और निर्बाध सहयोग के लिए मिलकर काम करेंगे। सीएफएमसी कानून प्रवर्तन में 'सहकारी संघवाद' का एक उदाहरण पेश करेगा।

अमित शाह समन्वय प्लेटफॉर्म (संयुक्त साइबर अपराध जांच सुविधा प्रणाली) का भी शुभारंभ करेंगे। समन्वय प्लेटफॉर्म एक वेब-आधारित मॉड्यूल हैं जो साइबर अपराध के डेटा संग्रह, डेटा साझाकरण, अपराध मानचित्रण, डेटा विश्लेषण, सहयोग और देश भर में कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच समन्वय के लिए वन स्टॉप पोर्टल के रूप में कार्य करेगा।

इस अवसर पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री 'साइबर कमांडो' कार्यक्रम का भी उद्घाटन करेंगे। इस कार्यक्रम के तहत देश में साइबर सुरक्षा परिदृश्य के खतरों का मुकाबला करने के लिए राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों और केंद्रीय पुलिस संगठनों में प्रशिक्षित 'साइबर कमांडो' की एक विशेष शाखा स्थापित की जायेगी। प्रशिक्षित साइबर कमांडो डिजिटल स्पेस को सुरक्षित करने में राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों और केंद्रीय एजेंसियों की सहायता करेंगे।

अमित शाह ससपेक्ट रजीस्ट्री का भी उद्घाटन करेंगे। इस पहल के तहत वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र की धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन क्षमताओं को मजबूत करने के लिए बैंकों और वित्तीय मध्यस्थों के सहयोग से राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल के आधार पर विभिन्न पहचानकर्ताओं की एक संदिग्ध रजिस्ट्री बनायी जा रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में ये पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'साइबर सुरक्षित भारत' के विजन को साकार करने में एक मील का पत्थर साबित होगी। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आइ4सी) की स्थापना 5 अक्टूबर, 2018 को गृह मंत्रालय के साइबर और सूचना सुरक्षा प्रभाग के तहत केंद्रीय क्षेत्र योजना के तहत की गयी थी। इसका प्राथमिक उद्देश्य देशभर में साइबर अपराध से संबंधित सभी मुद्दों के समाधान के लिए एक राष्ट्रीय स्तर का समन्वय केंद्र स्थापित करना था।

**रक्षा मंत्रालय की आधिकारिक यात्रा पर संजय सेठ ऑस्ट्रेलिया रवाना**

# वॉर मेमोरियल में शहीदों को देंगे श्रद्धांजलि डिफेंस एक्सपो में भाग लेंगे रक्षा राज्यमंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**भारतीय रक्षा उद्योग के विकास, विज्ञान और तकनीकी के विकास पर होगी चर्चा**

**भारत-ऑस्ट्रेलिया संसदीय मैत्रीय की बैठक में भी भाग लेंगे, प्रवासी भारतीय समूह से करेंगे मुलाकात**

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ रक्षा मंत्रालय की आधिकारिक यात्रा पर ऑस्ट्रेलिया रवाना हुए। रक्षा राज्यमंत्री चार दिनों तक ऑस्ट्रेलिया में रहेंगे, जहां वे विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। अपने दौरे में संजय सेठ मेलबर्न शहर जायेंगे, जहां युद्ध स्मारक में बलिदान हुए लोगों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया में रह रहे भारतीय समुदाय के लोगों के साथ रक्षा राज्यमंत्री का संवाद कार्यक्रम भी होगा।

वहीं रक्षा राज्यमंत्री मेलबर्न शहर में ही आयोजित डिफेंस एक्सपो में भाग लेंगे और भारतीय रक्षा उद्योग की पेवेलियन का भ्रमण भी करेंगे। इस दौरान रक्षा विज्ञान और तकनीकी से जुड़े एक कार्यक्रम में भी रक्षा राज्यमंत्री भाग लेंगे।

इसी दिन संजय सेठ कैनबरा शहर के दौरे पर होंगे, जहां वे भारतीय उच्चायुक्त के साथ मुलाकात करेंगे। ऑस्ट्रेलिया दौरे में श्री सेठ वहां के संसद भवन का भी अवलोकन करेंगे और सहायक मंत्रियों के साथ उनकी महत्वपूर्ण बैठक होगी। ऑस्ट्रेलिया के रक्षा उद्योग के साथ ही विभिन्न विभागों के मंत्रियों के साथ भी उनकी एक बैठक तय की गयी है। इसके अलावे भारत ऑस्ट्रेलिया संसदीय समिति की एक बैठक में भी हिस्सा लेंगे।



इस यात्रा में रक्षा राज्यमंत्री दोनों देशों के बीच कई मुद्दों पर विचार-विमर्श भी करेंगे। श्री सेठ ने कहा कि उनका यह आधिकारिक दौरा है, जहां रक्षा उद्योग सहित कई विषयों पर बातचीत होगी। रक्षा क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में हो रहे कार्यों को अब दुनिया देख रही है। दुनिया को भारत से बड़ी उम्मीदें हैं। श्री सेठ ने उम्मीद जतायी है कि उनका यह दौरा दोनों देशों के लिए कई मायने में लाभदायक होगा।

# मैं तो जमशेदपुर पूर्वी से ही चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा: सरयू राय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जदयू में शामिल होने के बाद पहली बार सरयू राय ने खुल कर मीडिया के सामने अपनी बात रखी है। मीडिया ने जब उनसे पूछा कि वह किस सीट से चुनाव लड़ेंगे, तब उन्होंने जवाब देते हुए कहा कि वह तो जिस सीट से फिलहाल विधायक हैं, यानि जमशेदपुर पूर्वी से ही तैयारी कर रहे हैं। वहां के लोगों की समस्याओं को सुन कर उसका समाधान करने में जुटे हैं। इसलिए मैं तो उसी सीट से दावेदार हूं। हालांकि उन्होंने कहा कि जब तक दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर क्या निर्णय होता है, तब तक कुछ कहना मुनासिब नहीं होगा। उन्होंने कहा कि वह बीजेपी से भले ही अलग हैं, लेकिन उनकी विचारधारा आज भी वही है।



**रघुवर दास के खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए सरयू राय ने बदली थी अपनी सीट**

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास कई बार जमशेदपुर पूर्वी सीट पर जीतते रहे थे और सरयू राय जमशेदपुर पश्चिम से चुनाव जीत कर रघुवर कैबिनेट में मंत्री बने थे। 2019 के चुनाव में जब बीजेपी ने सरयू राय की टिकट काट दी, तब सरयू ने तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास के खिलाफ ही चुनाव लड़ा और रघुवर दास को चुनाव में हरा दिया। सरयू राय के जदयू में शामिल होने के बाद माना यह जा रहा था कि सरयू राय फिर से अपनी पुरानी सीट से चुनाव लड़ेंगे, लेकिन उन्होंने यह बयान देकर कई लोगों की परेशानी बढ़ा दी है।

## रांची में ईद मिलादुन्नबी का जुलूस निकाला जायेगा, डीसी ने सहयोग का दिया आश्वासन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक हुई, जिसमें एदारा ए शरीया झारखंड के नाजिमे आला मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी, सुन्नी बरैलवी सेंट्रल कमेटी के अध्यक्ष मौलाना डा. ताजुद्दीन रिजवी, महासचिव अकीलुर्रहमान, प्रवक्ता मो. इस्लाम सहित अन्य पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में 16 सितंबर 2024 को रांची में निकाले जाने वाले ईद मिलादुन्नबी के जुलूस के लिए विस्तार से चर्चा की गयी। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि प्रत्येक पर्व त्योहारों को रांची के तमाम लोग आपस में मिलजुल कर मनाते चले आ रहे हैं और रांची सदा अमन का एक अद्भुत मिसाल रही है। उन्होंने कहा कि आपसी भाईचारे की कड़ी को मजबूत रखते हुए इसे बरकरार रखना है और पूरे हर्षोल्लास के साथ आपसी एकता और भाईचारा कायम रखते हुए ऐतिहासिक रूप से जुलूसे मोहम्मदी को सफल बनाना है। बैठक में विभिन्न प्रशासनिक पदाधिकारियों में सिटी एस पी राजकुमार मेहता, एडीएम विधि व्यवस्था राजेश्वर नाथ आलोक, एसडीएम उत्कर्ष कुमार, डीएसपी सिटी सहित अन्य मौजूद थे।

## आज से फिर शुरू होगी उत्पाद सिपाही बहाली की दौड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में 16 अभ्यर्थियों की मौत के बाद मंगलवार 10 सितंबर से फिर दौड़ शुरू होने जा रही है। आपको बता दें कि पलामू के चियांकी एयरपोर्ट स्थित केंद्र पर अब बाकी की बची हुई दौड़ नहीं होगी। इस केंद्र में जो बाकी बची हुई परीक्षा 9 सितंबर को होनी थी, वह अब बाकी के छह चयन पर्षद के केंद्रों पर ली जायेगी। यह परीक्षा 19-20 सितंबर को ली जायेगी।

बता दें, बीते 22 अगस्त को उत्पाद सिपाही की दौड़ शुरू हुई थी। 2 सितंबर को बहाली होनी थी। लेकिन 16 अभ्यर्थियों की मौत के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस बहाली पर रोक लगा दी थी। अब तक इस दौड़ मे 5 लाख 13000 अभ्यर्थियों ने आवेदन दिया था, जिसमें कुल 4 लाख की दौड़ की प्रक्रिया समाप्त हो गयी थी। इसके बाद 1 लाख 87 हजार 704 लोगों ने दौड़ मे हिस्सा लिया था, जिसमे 1 लाख 17 हजार 31 अभ्यर्थी सफल हुए थे। अभी 14 हजार अभ्यर्थियों की दौड़ बाकी है।

# रामगढ़ मैराथन दौड़ 12 को



### मैराथन दौड़ का उद्देश्य लोगों को खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है : ओमप्रकाश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** केबी स्पोर्टिंग क्लब मुर्रामकला के तत्वाधान में आगामी 12 सितंबर को रामगढ़ मैराथन दौड़ कराई जायेगी। इसे लेकर सोमवार को मुर्रामकला स्थित कार्यालय में क्लब के सदस्यों ने पोस्टर जारी किया। इस दौरान केबी स्पोर्टिंग क्लब के अध्यक्ष ओम प्रकाश महतो ने कहा कि रामगढ़ मैराथन दौड में एक पुरुष ग्रुप एवं एक महिला ग्रुप होंगे, यह दौड़ रामगढ़ कॉलेज के समीप टायर मोड़ से शुरू होकर मुर्रामकला के वन होते हुए वापस टायर मोड़ चौक में समाप्त होगी। इस मैराथन दौड़ में पुरुष वर्ग एवं महिला वर्ग में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप धनराशि, ट्रॉफी व मेडल प्रदान किया जायेगा। मैराथन में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी पंजीयन के लिए इस नंबर 9304457587 पर संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर अंश कुमार, रोहित महतो, राजेश कुमार, जयंती, मंजू, नीलम, उषा, रजनी देवी, सदुम, संगीता, सरिता देवी, निक्की आदि शामिल थे।

## बंद पड़ी कोलियरियों को चालू कराने मे कोल इंडिया को राज्य सरकार का नहीं मिल रहा है सहयोग : सतीश चंद्र




कुजू (आजाद सिपाही)। लोकतंत्र में पिछड़ी जाति के लोगों को मान सम्मान मिल रहा है। चाय बेचने वाला बेटा भी उच्च पद को हासिल कर सकता है। पीएम नरेंद्र मोदी का हाथों को मजबूत कर झारखंड में एनडीए गठबंधन सरकार लाने के लिए तत्परता से कार्य करे। उक्त बाते केंद्रीय कोयला व खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने अक्षत बैंक्विट हॉल मुरपा में नागरिक अभिनंदन और स्वागत समारोह के पश्चात संबोधन के दौरान कही। उन्होंने जिले में बंद पड़ी कोलियारियों को चालू कराने के मामले पर कहा कि कोल इंडिया को राज्य सरकार द्वारा सकारात्मक सहयोग नहीं मिल रहा है। कहा कि विस्थापितों के जमीन अधिग्रहण के बदले नौकरी, मुआवजा और पुनर्वास को लेकर केंद्र सरकार गंभीर है। कहा कि झारखंड में लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति काफी खराब है। उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए कहा कि ऐसे व्यक्ति को नैतिकता के आधार पर संवैधानिक पद पर नहीं रहना चाहिए। इनको कुर्सी की ऐसी लालसा है कि परिवार के अलावा किसी को इस पर देखना नहीं चाहते हैं। जेल से निकलते ही इनके कुर्सी का लोभ और वंशवाद का एक उदाहरण है।

# चर्चित हेमराज हत्या का आठ दिन में उद्भेदन, आठ गिफ्तार

### आकाश के चक्कर में मुफ्त में हेमराज की हो गया हत्या, दीपक शाह ने धनु पासवान से कराया हन्नी ट्रैप

### सबक सिखाने का था प्लानिंग दीपक शाह के लड़की से था आकाश का प्रेम प्रसंग

### टंडवा पुलिस की बड़ी सफलता पर पीसी कर ने दी जानकारी : एसपी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**टंडवा।** टंडवा पुलिस टीम ने चर्चित हेमराज हत्याकांड का आठ दिनों में उद्भेदन कर बड़ी सफलता पायी है। इसकी जानकारी चतरा एसपी विकास पांडेय ने टंडवा अनुमंडल कार्यालय में सोमवार को प्रेस वार्ता कर दिया। इसमें एसपी विकास पांडेय ने बताया कि बीते दिनों 29 अगस्त को धनगडा के दो युवक हेमराज साव, आकाश कुमार का अपहरण किया गया। और 31 अगस्त को कोडरमा में अपराधियों द्वारा हत्या कर फेंक देने का मामला प्रकाश में आया था। जिसे मेरे निर्देशन में डीएसपी प्रभात रंजन बरवार ने एक अनुसंधान टीम गठित किया। टीम ने अनुसंधान में पाया की इसमें सात पुरुष व दो महिला शामिल है।

### कैसे हुई हेमराज की हत्या?

पीसी के दौरान पुलिस ने बताया की हेमराज साव कोडरमा के लिए डिजायर कार लेकर 29 अगस्त को मुंबई से एक यात्री को लेने के लिए संध्या में निकला था। साथ में दोस्त आकाश साव को बैठा लिया था। जिस प्रेमी लड़की से आकाश बात किया करता था, वह हजारीबाग संध्या 7 बजे उस लड़की से फोन के आधार पर मिलने पहुंचा, लेकिन वह लड़की नहीं थी, जिससे आकाश बात किया करता था। हन्नी ट्रैप की तरह चाहत परवीन और रिया उर्फ दिया शाहा ने धनगडा के दीपक शाह की पुत्री के नाम से वाहट्स अप और इंस्टा आईडी बनाकर आकाश से बात और वीडियो कॉल करती थी। वहीं संध्या में डिजायर कार में चाहत परवीन और रिया उर्फ दिया सवार हो गयी। कुछ देर आगे रास्ते में 4 युवक मिले, जिसे युवतियों के कहने पर हेमराज को बैठा लिया। उसी दौरान आगे जाकर हेमराज और आकाश को नकाब पहनाकर अपरहण कर लिया गया। डिजायर कार लेकर गिरिडीह के रस्ते जंगल में जाकर हत्या कर देंगे धमकी दिया गया।

एसपी ने बताया कि डीएसपी के निर्देशन में 9 सितंबर को पुलिस द्वारा गिरफ्तारी हेतु संघन घेराबंदी मगध संघमित्रा बायपास रोड बसरिया में की गयी। जहां अर्टिगा गाड़ी में तलाशी के दौरान कुल 6 पुरुष और दो महिला अपराधी की गिरफ्तारी हुई। जिनके पास से शस्त्र में एक छः चक्रीय देशी कट्टा, एक देशी कट्टा, जिंदा गोली 4, मोबाइल 6, चाकू एक, अर्टिगा कार संख्या JH15M 0563, लुटे गये डिजायर कार JH01EV 6477 अन्य कपड़े, शराब, की बारामद की गयी। गिरफ्तार अपराधियों के द्वारा अपना अपराध स्वीकार किया गया। तथा गिरफ्तार लोगों की निशानदेही पर अपरहित स्विफ्ट डिजायर गाड़ी को बरामद किया गया।

# सनातन धर्म से बड़ा कोई धर्म नहीं है: शहनाज अख्तर

### गायिका शहनाज अख्तर के गीतों पर पूरी रात झूमे श्रद्धालु



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** गणेश चतुर्थी के मौके पर रामगढ़ शहर के नेहरू रोड में महाकाल भगवा सेवा के द्वारा रात्रि जागरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में मशहूर गायिका शहनाज अख्तर के गीतों पर श्रद्धालु पूरी रात झूमते रहे। उन्होंने भगवान भोलेनाथ और मां दुर्गा पर आधारित कई गाने प्रस्तुत किये। इस दौरान शहनाज अख्तर ने मुगल शासकों पर भी टिप्पणी की। शहनाज अख्तर ने कहा कि सनातन धर्म से बड़ा कोई धर्म नहीं है। मुगलों ने न सिर्फ हिंदुओं को बल्कि अन्य धर्म को भी काफी क्षति पहुंचाई। तलवार के दम पर धार्मिक स्थलों को तोड़ा गया था। लेकिन राम नाम के नारे में इतनी ताकत थी कि अयोध्या में एक बार फिर भव्य मंदिर का निर्माण हुआ। रामलाल की प्रतिमा की स्थापना हुई। उन्होंने उज्जैन के महाकाल, ओंकारेश्वर, बाबा बैद्यनाथ और मां छिन्नमस्तिका के चरणों में नमन किया। साथ ही दर्शकों को अपने भक्ति गीतों पर खूब नचाया।

**मानवी सिंह और रोहित सिंह ने भी बांधा समां :** इस दौरान गायिका मानवी सिंह और गायक रोहित सिंह के गीतों को भी दर्शकों ने खूब पसंद किया।

## 40 पेटी में रखे 960 बोतल केन बियर के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। स्थानीय पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार विशेष छापेमारी कर शराब लदे वाहन के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर मोहम्मद मुस्ताक बिहार प्रदेश के पटना के गर्दनीबाग थाना क्षेत्र के चितकोरा अनीसाबाद का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी मनीष कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि चतरा की ओर से शराब लदा एक वाहन बिहार की ओर जा रहा है। थाना प्रभारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना गेट के समीप वाहन चेकिंग लगाया। इस दौरान चतरा की ओर से आ रहे एक टाटा सफारी गाड़ी का चालक पुलिस को देखकर गाड़ी खड़ा कर भागने लगा। पुलिस बल ने भाग रहे चालक को खदेड़ कर पकड़ा और वाहन की तलाशी लिया। तलाशी के क्रम में वाहन में रखे किंगफिशर ब्रांड का 40 पेटी में कुल 960 बोतल केन बियर बरामद किया गया। पुलिस ने तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया गया



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल रामगढ़ के विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया गया। जिसमें कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थीयों ने भाग लिया। कार्यक्रम को लेकर सेमिनार, भाषण, नाटक और लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गयी। नाटक में बच्चों ने बताया की शिक्षा हमारे लिए बहुत जरुरी है। कक्षा 12 के बच्चों ने इनकम जेनरेशन हॉलिस्टिक डेवलपमेंट स्किल बेस्ड एजुकेशन स्किल डेवलपमेंट इत्यादि पर अपना प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने यह बताया कि शिक्षा ही एकमात्र साधन है जिसके द्वारा हमारा देश आगे बढ़ सकता है और जीडीपी में बढ़ोतरी हो सकती है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और विजेता पुरस्कार दिया गया। प्रधानाचार्य ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया और सबको बधाइयां दी। कहा कि इसी प्रकार एक्स्ट्रा करिकुलम एक्टिविटी में भाग लिया जाये, जिससे उनका सर्वांगीण विकास होगा।

## पतरातू में गहदम करमा झूमर प्रतियोगिता आज

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू स्थित डाडीडीह के सरना हाई स्कूल पतरातू के प्रांगण में मंगलवार को गहदम करमा झूमर प्रतियोगिता समारोह का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे संध्या 6 बजे तक कार्यक्रम चलेगी। समारोह में मुख्य अतिथि गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, विशिष्ट अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी आमंत्रित अतिथि में जिप सदस्य राजाराम प्रजापति मुखिया पानो देवी निधी सिंह किशोर महतो पंसस वीणा कुमारी सुनिता देवी, अनिता जैन, अजय कुमार सिंह, उप मुखिया उज्जवल सिंह उमा कुमारी नंदकुमार महतो सहित कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।






आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 10 सितंबर, 2024
www.azadsipahi.in



## महत्वपूर्ण खबरें

### रांची गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने नगर विकास सचिव को ज्ञापन सौंपा



रांची (आजाद सिपाही)। सोमवार को रांची गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आरजीटीए) का एक प्रतिनिधिमंडल राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी के नेतृत्व में नगर विकास सचिव सुनील कुमार से मुलाकात कर ट्रांसपोर्ट नगर से सबंधित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेखित ट्रांसपोर्ट नगर के विषय में सचिव को जानकारी देते हुए महुआ माजी ने आग्रह किया कि ट्रांसपोर्ट्स की समस्या के समाधान हेतु संबधित विभाग के अधिकारियों की एक बैठक रांची गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के सदस्यों के साथ आयोजित की जाये। नगर विकास सचिव ने आश्वासन दिया कि बहुत जल्द ऐसे कार्यक्रम की व्यवस्था की जायेगी। साथ ही भविष्य में बनने वाले ट्रांसपोर्ट नगर के विषय में आरजीटीए के सदस्यों से सुझाव लिये जायेंगे। श्रीमती माजी (सांसद राज्यसभा) ने ट्रांसपोर्टर्स को भरोसा दिलाया कि परिवहन व्यवसाय से जुड़े लोगों की समस्या, सरकार तक पहुंचा कर उसके उचित समाधान का हर संभव प्रयास करेंगी। सांसद की इस पहल का रांची गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने आभार प्रकट किया है। रांची गुड्स ट्रांसपोर्ट संगठन एसोसिएशन के संजय जैन, सुनील सिंह चौहान, धीरज ग्रोवर, साथ ही राज्यसभा सांसद डॉक्टर महुआ माजी के नेतृत्व में नगर निगम में अनुकंपा पर महिला और पुरुष मिलाकर 52 लोगों की नौकरी को लेकर आये लोगों को भी नगर विकास सचिव सुनील कुमार से वार्ता कराकर ज्ञापन सौंपा।

### बाबा गणिनाथजी की जयंती मनायी गयी



रांची (आजाद सिपाही)। रांची नगर मद्धेशिया वैश्य विकास समिति के तत्वावधान में आइएमए भवन करम टोली चौक में बाबा गणिनाथ गोविंद जी की 58 वीं वार्षिक जयंती मनायी गयी। बैठक की अध्यक्षता कन्हैयालाल गुप्ता ने की। बैठक के मुख्य अतिथि सीताराम साहू थे। उन्होंने लड़कियों की शादी के लिए कहा कि मैं 11 जोड़े लड़के-लड़कियों की शादी में जो खर्च आयेगा, मैं दूंगा। उन्होंने क्षेत्रीय भाषा पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर अध्यक्ष कन्हैया लाल गुप्ता ने कहा कि शिक्षा से हमारा समाज आगे बढ़ेगा और समाज की विसंगतियों को दूर किया जा सकता है।
इस समारोह का मुख्य केंद्र था शादी के लिए परिचय सम्मेलन कर विवाह में होने वाली परेशानियों से समाज को बचाना। इस अवसर पर ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी लगाया गया, जिसमें डॉक्टर अरविंद ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में प्रतियोगिता में बेहतर करनेवाले बच्चों को सम्मानित भी किया गया। बैठक में रांची सहित खूंटी, ओरमांझी, बेड़ो, सिसई, डाल्टनगंज से भी लोगों ने भाग लिया। मंच का संचालन शशि भूषण गुप्ता और राजेश दीपक ने किया।

### घासी समाज को भी अविलंब आदिवासी का दर्जा दे केंद्र और राज्य सरकार: नायक



रांची (आजाद सिपाही)। आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के विजय शंकर नायक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री झारखंड, केंद्रीय जनजाति मंत्री को ईमेल भेज कर यह मांग की है कि भोक्ता समाज की तर्ज पर झारखंड में घासी समाज को भी आदिवासी का दर्जा दिया जाये। उन्होंने कहा है कि झारखंड राज्य का घासी समाज वर्तमान में अनुसूचित जाति झारखंड के पुराने वाशिंदों में से एक है। घासी समाज पूर्व से ही जनजातीय समाज रहा है, इसकी भी रूढ़ीगत अपनी परंपराएं, संस्कार और संस्कृति रही है। आज झारखंड में आर्थिक राजनीतिक सामाजिक शैक्षणिक रूप से सबसे कमजोर एवं अंतिम पायदान पर बैठे इस समाज की गिनती आज हो रही है। श्री नायक ने आगे कहा कि आजादी के बाद 1950 के अनुसूचित जाति / जनजाति के अधिसूचना में बिना कारण बताये घासी जाति को जनजाति की सूची से निकाल कर अनुसूचित जाति बना दिया गया, जो इस समाज वर्ग के लोगों के साथ अन्याय है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर ऐसा नहीं हुआ, तो यह समाज अपने ऊपर हुए इस महा अन्याय के खिलाफ तथा पुनः अनुसूचित जनजाति की सूची में आने के लिए संघर्ष के साथ-साथ आंदोलन करने को बाध्य होगा।

### कोकर दुर्गा पूजा कमेटी ने चंचल चटर्जी को सम्मानित किया



रांची (आजाद सिपाही)। कोकर दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष विकास दास एवं एवं कमेटी के सदस्यों द्वारा चंचल चटर्जी को रांची महानगर जिला अध्यक्ष बनने की खुशी में सम्मानित एवं बधाई दिया और साथ ही उन्हें कोकर दुर्गा पूजा कमेटी के आजीवन मुख्य संरक्षक के पद पर मनोनीत किया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी दिलीप सिंह और रोहित सिंह ने दी।

### बूथ प्रभारी ने बूथ नंबर 21 में की बैठक



रांची (आजाद सिपाही)। रांची विधानसभा क्षेत्र के सुखदेव नगर मंडल अंतर्गत बूथ नंबर 21 के बूथ प्रभारी राजदीप चौरसिया ने बूथ की कामकाजी को लेकर बैठक की। मौके पर बूथ प्रभारी राजदीप चौरसिया, बूथ अध्यक्ष आगत चौरसिया रंजीत, आयुष शर्मा, निक्की शर्मा, राजू शर्मा, मालती मालती देवी, उपस्थित थे।

## कोविड वैक्सीन पर हेमंत के बयान पर हिमंता ने कहा-

# खुद सीएम हेमंत ने भी वैक्सीन लिया है

**हेमंत सोरेन ने कहा था कि कोविड वैक्सीन के कारण युवाओं की मौत हो रही**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** असम के मुख्यमंत्री और झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर जमकर निशाना साधा। सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने कोविड वैक्सीन पर सीएम हेमंत के बयान पर भी सवाल खड़े किये। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों हेमंत सोरेन ने कहा था कि दौड़ में शामिल युवा एस्टेरॉयड ले रहे हैं। कोविड वैक्सीन के कारण भी युवाओं की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि अगर वैक्सीन मौत का कारण है तो खुद सीएम हेमंत ने भी वैक्सीन लिया है। क्या आपके शरीर में कोई समस्या आयी है। इसका मतलब क्या आपने झारखंड में युवाओं को कोई दूसरा कोविड वैक्सीन दिया था। हिमंता ने कहा कि यही सीएम हैं जिन्होंने ट्वीट कर आग्रह किया था कि सभी को कोविड वैक्सीन लेना है। ऐसे में युवाओं की मौत पर इस तरह का बयान कैसे दे सकते हैं।

एयरपोर्ट पर उनसे पूछा गया कि यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास के एक कार्यक्रम में राहुल गांधी ने कहा है कि चुनाव के नतीजे आने के कुछ मिनट के अंदर ही लोगों के मन से बीजेपी और भारत के प्रधानमंत्री मोदी का डर समाप्त हो गया। इसपर उन्होंने कहा कि पता नहीं राहुल गांधी ने क्या कहा है। कहां डर का माहौल था। इसका जवाब वही दे सकते हैं। वैसे उनका बयान नहीं देख पाये हैं। इसपर बाद में जवाब देंगे।

# सफलता के लिए कड़ी मेहनत जरूरी : प्रो गोपाल पाठक

**सरला बिरला विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** 'सफलता के लिए कड़ी मेहनत जरूरी है। इसके अलावा शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी उतना ही आवश्यक है', उक्त बातें सोमवार को सरला बिरला विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक ने कहीं। वह सोमवार को विवि के नये सत्र के लिए आयोजित तीन दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम के अवसर पर उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने बिरला परिवार की समृद्ध विरासत की चर्चा करते हुए देश के युवाओं के उन्नयन के लिए उनके द्वारा किये गये प्रयासों की भी जानकारी दी।

कार्यक्रम में विवि के प्रभारी कुलपति प्रो एसबी डांडीन ने विद्यार्थियों को नवीन अवसरों की तलाश करने और सहयोगात्मक रवैया अपना कर कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने ज्ञान की बढ़ोत्तरी और इसके सतत संवर्धन के लिए प्रश्न पूछने और जिज्ञासा व्यक्त करने को जरूरी करार दिया। कुलसचिव प्रो वीके सिंह ने नये विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें विवि के गौरव और साख को नयी ऊंचाइयों तक पहुंचाने का आह्वान किया। डीन डॉ पंकज कुमार गोस्वामी ने छात्र-छात्राओं को अपनी क्षमता पर भरोसा करते हुए कड़ी मेहनत करने की सलाह दी। इंडक्शन कार्यक्रम के दूसरे दिन इंजीनियरिंग एंड अप्लाइड साइंसेज के विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का समापन डॉ नित्या गर्ग ने किया। उपस्थित विद्यार्थियों के समक्ष डीएसडब्ल्यू डॉ अशोक अस्थाना, हरिबाबू शुक्ला, प्रो राहुल वत्स, डॉ पीके होता और सीएस महता ने अपने विभागों के विषय में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ विश्वरूप सामंता, डॉ राजीव रंजन, डॉ मनोज पांडेय समेत विश्वविद्यालय के अन्यान्य शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान और डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने इस कार्यक्रम के आयोजन पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

# अर्पिता महिला मंडल की ओर से 'वेजिटेबल कार्ट' दिया गया

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची (आजाद सिपाही)।** अर्पिता महिला मंडल, सीसीएल मुख्यालय, रांची ने जरूरतमंद महिलाओं को सब्जिओं के साथ-साथ दो 'वेजिटेबल कार्ट' प्रदान किया। सीसीएल की मुख्यालय के ऑफीसर्स वाईव्स वेलफेयर एसोसिएशन, अर्पिता महिला मंडल द्वारा अध्यक्षा प्रीती सिंह के नेतृत्व में जरूरतमंद और वंचित महिलाओं को स्थायी आजीविका के साधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विगत दिनों विभिन्न सब्जियों के साथ दो 'वेजिटेबल कार्ट' का वितरण किया गया। इतना ही नहीं महिला मंडल के सदस्यों ने लाभुक महिलाओं से सब्जी भी खरीदा। साथ ही साथ कॉलोनी में मजदूरों के बीच खाने-पीने के पैकेट भी बांटे गये।

इस मौके पर सीसीएल की प्रथम माहिला प्रीति सिंह सहित उक्त महिला मंडल की रीता मिश्रा, शशि दुहान, किरण झा, हिना राठौड़, धारित्री मोहोराना, ममता शरण, त्रिवेणी इनामदार, नीता लाल, अनीता सिंह, सरिता सक्सेना, शिल्पी मोहन, अन्नू मलिक, कविता झा और अर्चना अखौरी उपस्थित थीं।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की मौजूदगी में समझौता

# गति शक्ति विश्वविद्यालय और आर्मी और वायु सेना के बीच समझौते पर हस्ताक्षर

**सैन्य कर्मियों को लॉजिस्टिक्स ऑपरेशन के लिए दिया जायेगा प्रशिक्षण**

**भारतीय सेना को विश्व स्तरीय रसद प्रणाली विकसित करने में मदद मिलेगी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** सैन्य कर्मियों को लॉजिस्टिक्स ऑपरेशन में प्रशिक्षित करने और उनकी क्षमता बढ़ाने के मकसद से आज भारतीय सेना, वायु सेना और रेल मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले गति शक्ति विश्वविद्यालय के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किये गये। इस दौरान केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि इस समझौते से जहां आर्मी और एयर फोर्स को लॉजिस्टिक्स के मामले में विशेषज्ञता हासिल करने में मदद मिलेगी, वहीं लॉजिस्टिक्स ऑपरेशन यानी रसद संचालन के विभिन्न पहलुओं में क्षमता निर्माण करने और प्रभावशाली रसद प्रणाली विकसित करने में भी सहायता मिलेगी। यह समझौता पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान 2021 और राष्ट्रीय रसद नीति 2022 को भी मजबूती देने वाला साबित होगा। इसके अलावा यह समझौता भारत को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य को भी पूरा करेगा।

इस अवसर पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विश्वास जताया कि गति शक्ति विश्वविद्यालय अत्याधुनिक लॉजिस्टिक संबंधी शिक्षा, अनुसंधान एवं नवाचार के साथ सशस्त्र बलों को सशक्त बनाने की प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में काम करेगा।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, इस समझौते से रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के दृष्टिकोण के अनुरूप सशस्त्र बलों की लॉजिस्टिक्स संबंधी जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। लॉजिस्टिक्स अब केवल सशस्त्र बलों का एक सहायक कार्य नहीं है, बल्कि यह सैन्य अभियानों और राष्ट्रीय सुरक्षा के एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में उभर रहा है। एक कुशल लॉजिस्टिक्स प्रणाली सुरक्षा बलों को तेजी से जुटाने और कम समय में संसाधनों को सही जगह पर पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जिन परिस्थितियों में हमारी सेनाएं काम करती हैं, उन्हें ध्यान में रखते हुए, हमें सैनिकों, उपकरणों एवं आपूर्ति की निर्बाध आवाजाही की आवश्यकता है। जानकारी, नवाचार और सहयोग के जरिए हमारी सेनाओं की जरूरतों को पूरा करने के नजरिए से यह समझौता बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा।

जाहिर है इस समझौते के तहत गतिशक्ति विश्वविद्यालय सशस्त्र बलों के कर्मियों के नेतृत्व, प्रबंधन और संचालनात्मक अनुभव के माध्यम से, लॉजिस्टिक्स विशेषज्ञों और प्रबंधकों की एक ऐसी नयी पीढ़ी को आकार देने में मदद करेगा, जो आधुनिक युद्ध की बहुआयामी आवश्यकताओं को पूरा करेगा।

इस अवसर पर सीडीएस, वायुसेना प्रमुख, सेना प्रमुख, रक्षा सचिव, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और गतिशक्ति विश्वविद्यालय के कुलपति सहित रक्षा मंत्रालय और रेल मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### रांची जिला दुर्गा पूजा समिति की हुई बैठक



रांची (आजाद सिपाही)। रांची जिला दुर्गा पूजा समिति कि बैठक रांची प्रेस क्लब में हुई, जिसकी अध्यक्षता समिति के मुख्य संरक्षक मुनचुन राय ने की। रांची जिला दुर्गा पूजा समिति ने इस बार सभी पूजा समिति को भव्य तरीके से दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर संरक्षक संजय सिंह ने कहा कि समिति ने जो भरोसा मुझ पर किया है उसका ईमानदारी पूर्वक निर्वाह करूंगा। संरक्षक बनाये जानें पर संजय सिंह और मीडिया प्रभारी नमन भारतीय ने कहा कि इसके लिए मैं रांची जिला दुर्गा पूजा समिति के मुख्य संरक्षक मुनचुन राय, अशोक पुरोहित, अशोक चौधरी, संरक्षक संजय सिंह, अध्यक्ष विक्की यादव, कार्यकारणी अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, महामंत्री कुंदन सिंह और रांची जिला दुर्गा पूजा समिति के कई सदस्य सहित रांची जिला के सभी दुर्गा पूजा समिति का आभार प्रकट करता हूं।

### पांच दिवसीय गणपति महोत्सव का आयोजन




रांची (आजाद सिपाही)। मंगल मूर्ति क्लब गणेश पूजा समिति की ओर से बजरंग नगर में इस साल भी पांच दिवसीय गणपति महोत्सव का आयोजन किया गया है। भव्य लाइटिंग साथ ही मेले का भी आयोजन किया गया है। बच्चों के लिए तरह-तरह के झूले लगे हैं। 9 सितंबर 2024 को संध्या गजानन महाराज का 201 महिलाओं के द्वारा बप्पा की महा आरती की गयी। उसके बाद भोग वितरण और संध्या भव्य जागरण का भी आयोजन किया गया। मंगलवार को संध्या 3:00 बजे से महा भंडारा का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में बसंत साव, अरविंद यादव, मनोज अग्रवाल, विक्रम सिंह, नीरज उपाध्याय, मनोज प्रसाद वर्मा, राहुल यादव, नितेश वर्मा, विकी बॉस, प्रदीप सिंह, चंदन कुमार, वीरेन, भगत, संतोष वर्मा, मनीष अग्रवाल, विवेक सिंह, सुशांत सिंह, विकी बॉस, अंकुश, राहुल झा, मनोहर सिंह, सत्यनारायण, गुड्डू, अभिषेक यादव आदि शामिल हैं। यह जानकारी मीडिया प्रभारी रोहित सिंह ने दी।

### युवा दस्ता की बैठक में श्री दुर्गापूजा महोत्सव को सफल बनाने का लिया गया निर्णय



रांची (आजाद सिपाही)। युवा दस्ता की बैठक सोमवार को श्री दुगार्पूजा महोत्सव 2024 को सफल बनाने के लिए रखी गयी। बैठक में युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता युवा दस्ता के अध्यक्ष राजेश गुप्ता छोटू ने की और संचालन पीयूष आनंद ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 15 सितंबर को युवा दस्ता का वार्षिक चुनाव श्री दुगार्पूजा मोहत्सव 2024-25 को सफल बनाने के लिए संपन्न कराया जायेगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि युवा दस्ता के द्वारा 150 नये सदस्यों को राजधानी रांची के विभिन्न क्षेत्रो से जोड़ा जायेगा। बैठक में युवा दस्ता के सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों को आधार, फोटो एवं मोबाईल नंबर जल्द से जल्द उपलब्ध कराने को कहा गया। श्री मिश्रा ने बैठक में सभी सदस्यों एव पधादिकरियो से कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी युवा दस्ता श्री दुगार्पूजा मोहत्सव 2024 को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका निभायेगी। श्री मिश्रा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष युवा दस्ता श्री दुगार्पूजा मोहत्सव को सफल बनाने के लिए दर्शनार्थियों एवं प्रशाशन के बीच कड़ी का काम करती है। बैठक में राहुल सिन्हा चंकी, राकेश सिंह, ज्योति शंकर साहू, गोपाल पारीक, करण नायक, मनीष साहू, सोनू भारद्वाज, राकेश शर्मा, बीरू पासवान, बबलू कच्छप, बिट्टू टोप्पो, अनिल खलखो, साकेत कुमार सहित दर्जनों सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

### श्वेतांबर जैन श्री साधु मार्गी संघ ने क्षमा याचना कार्यक्रम और पुस्तक विमोचन किया



रांची (आजाद सिपाही)। दिगंबर जैन भवन में श्वेतांबर जैन श्री साधु मार्गी संघ द्वारा पर्यूषण पर्व के अंतिम दिन क्षमा याचना कार्यक्रम और पुस्तक विमोचन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुंबई से पधारे स्वाध्यायी बंधु गौतम जी रांका और सुरेश जी बोरडिया का विदाई समारोह और सभी तपस्वियों का बहुमान किया गया। इस अवसर पर, जैन समता युवा संघ द्वारा समता शाखा और प्रार्थना पुस्तक का विमोचन किया गया। पुस्तक का विमोचन मुख्य अतिथि महुआ माजी (राज्यसभा सांसद), सीपी सिंह (विधायक), समरी लाल (विधायक), संजीव विजयवर्गीय (डिप्टी मेयर) सहित अन्य गणमान्य लोगों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सभी तपस्वियों का बहुमान किया गया, जिनमें छोटे लाल जी चोरड़िया, विशाल दस्सानी, धर्मेंद्र बोहरा, दिशा बैंगानी, परी बैंगानी, अमन सेठिया, भव्य सुराणा सहित अन्य लोग शामिल थे।

### आइआइए झारखंड चैप्टर ने डिजाइन यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया



रांची (आजाद सिपाही)। रांची के मेन रोड स्थित होटल कैपिटल हिल में आइआईए झारखंड चैप्टर द्वारा डिजाइन यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीआइटी मेसरा के वरिष्ठ आर्किटेक्ट डॉ मंजरी चक्रवर्ती और डॉ स्मृति मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में देश के प्रमुख आर्किटेक्ट द्वारा भारत वर्ष के विशेष भवन, आवासीय ग्रुप, हॉस्पिटल, लैंडस्केप की अनूठी कला को प्रदर्शित किया गया। आईआईए झारखंड चैप्टर के अध्यक्ष आर्किटेक्ट अतुल सराफ़ ने कहा कि दिसंबर में ईस्टर्न रीजनल कॉन्फ्रेंस 2024 का आयोजन किया जायेगा, जिसमें पूर्वी भारत के मशहूर आर्किटेक्ट अपनी कला पर विचार रखेंगे। कार्यक्रम में स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय के लगभग 200 छात्रों ने डिजाईन को अध्ययन किया और पूरे राज्य से आए 150 आर्किटेक्ट ने भाग लिया। कार्यक्रम में आर्किटेक्ट संदीप झा, गजानंद राम, अपूर्व मिंज, नितेश पॉल नाग, अरुण कुमार, राजीव चड्ढा, गोपी कांत महतो, अनूप कुमार, राहुल सुरीन, अभिषेक सिंह, अनुषा सिन्हा, सौरव टोपो, हर्ष राज, हर्षिता, इति वर्मा, प्रज्ञा मित्तल, अक्षत बहेल, देव कुमार राज सहित कई प्रमुख आर्किटेक्ट उपस्थित थे।

## रामकुमार पाहन ने भाजपा कार्यकर्ताओं को दिया बूथ जीतो-चुनाव जीतो का मंत्र



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** भाजपा अनगड़ा मंडल अंतर्गत बोंगईबेड़ा, पैका, चिलदाग एवं हेसल पंचायत में सोमवार को मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार महतो के नेतृत्व में भाजपा के मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान के तहत बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसमें विशेष रूप से पूर्व विधायक रामकुमार पाहन भी शामिल हुए। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बूथ जीतो चुनाव जीतो का मंत्र देते हुए अपने बूथ को सशक्त बनाने के लिए डोर टू डोर कैंपेन करने को कहा। उन्होंने मोदी सरकार की ओर से चलाई जा रही गरीब कल्याण सहित अन्य योजनाओं और उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए इसे जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। मंडल अध्यक्ष सुनील महतो ने कार्यकर्ताओं को अपने-अपने बूथ को मजबूत बनाने के लिए जनता से बराबर संवाद बनाए रखने और एक दूसरे के साथ समन्वय स्थापित करने की बात कही। इस मौके पर युवा अध्यक्ष संतोष महतो, परमेश्वर महतो, ज्योतिष महतो, आनंद महतो, अशोक महतो, उर्मिला देवी, जगतनारायण महतो, सुकरनाथ महतो, सनिल उरांव, मधु उरांव, कैलाश उरांव, गणेश उरांव, मंगल मुंडा, मुनीलाल उरांव, अमृत महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

## घासी (नायक) समाज युवा कल्याण समिति का गठन, संदीप टाइगर बने प्रदेश अध्यक्ष




**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** तुपुदाना में घासी (नायक) समाज युवा कल्याण समिति झारखंड की बैठक हुई। जिसमें घासी समाज के राजनीतिक, सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक स्थिति पर चर्चा की गई। खासकर युवाओं के सर्वांगीण विकास को लेकर गंभीर चिंतन करते हुए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। बैठक में सर्वसम्मति से घासी समाज युवा कल्याण समिति झारखंड का गठन किया गया। जिसके अध्यक्ष संदीप टाइगर नायक चुने गए। वहीं कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश कुमार नायक, सचिव कुसमन नायक, उपसचिव दशरथ राम घासी, सह सचिव लोधा नायक, कोषाध्यक्ष संजय कु नायक, संगठन सचिव संजय नायक, प्रवक्ता अजय कुमार नायक, संयोजक रामप्रवेश नायक, आईटी सेल राजकुमार महुवा, सह आईटी सेल शक्ति नायक, सोशल मीडिया अनिल नायक, बबलू नायक, मुख्य संरक्षक राजू नायक (रांची), योगेंद्र नायक (खूंटी) वासुदेव नायक, कार्यकारी सदस्य अशोक घासी, कैलाश घासी, दीपक कुमार घासी, महेश नायक एवं मुकुल नायक बनाए गए। इस अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी गई है उसका बखूबी निर्वाह करने की कोशिश करेंगे। वे समाज के युवा वर्ग की आवाज बनकर उनके हक अधिकार की लड़ाई लड़ेंगे। मुख्य संरक्षक राजू नायक ने संगठन की मजबूती के लिए इसका विस्तार जिला से लेकर वार्ड स्तर तक करने की बात कही। इसके अलावा अन्य सदस्यों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## समर्पण और दृढ़ निश्चय से किसी भी बाधा को पार किया जा सकता है : रामनाथ मुंडा



**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत उरुगुटू पंचायत के ग्राम मेढ़ी में स्वर्गीय रामनाथ सिंह मुंडा की जयंती पर भव्य समारोह आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा एससी मोर्चा के उपाध्यक्ष कमलेश राम भी शामिल हुए. इस दौरान गांव में पारंपरिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें मटकी फोड़, तीरंदाजी, गुलेल बाजी आदि खेल शामिल थे। महिलाओं-पुरुषों और बच्चों ने भारी संख्या में इन खेलों में भाग लिया। वहीं, कमलेश राम ने विजेताओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। बताया कि स्वर्गीय रामनाथ मुंडा ने मेढ़ी जैसे सुदूरवर्ती गांव से निकलकर भारतीय सेना में अपनी सेवा दी, जबकि उस समय गांव में न तो बिजली थी ना ही सड़क। अत्यंत कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने अपने जीवन में सफलता प्राप्त की और आज के युवाओं के लिए एक प्रेरणा स्रोत बने हुए हैं। उनके जीवन से हमें यह सिखने को मिलता है कि समर्पण और दृढ़ निश्चय से किसी भी बाधा को पार किया जा सकता है। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने भारी उत्साह के साथ हिस्सा लिया और रामनाथ मुंडा जी की स्मृति को नमन किया। मौके पर बीरसिंह मुंडा, सुखराम पाहन,तेजराय सिंह मुंडा उपस्थित थे।

## ऑपरेटर की गलती, खामियाजा भुगत रही महिलाएं



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का प्रखंड मुख्यालय सहित 17 पंचयात भवन में शिविर लगाकर आवेदन लिया गया था। लेकिन कम्प्यूटर ऑपरेटर की लापरवाही के कारण इनकी त्रुटिपूर्ण इंट्री की वजह से दर्जनों महिलाओं के खाते में पैसे नहीं आ पाये। मामले की जांच करने पर पता चला कि आवेदन का इंट्री (प्रविष्टि) करने के दौरान कम्प्यूटर ऑपरेटरों ने लाभार्थियों के बैंक खाते एवं आईएफएससी कोड की इंट्री में गड़बड़ी कर दी है। जिस कारण प्रखंड की दर्जनों महिलाओं के खाते में अगस्त महीने में भेजी गई राशि का भुगतान नहीं हो पाया है। जबकि अगस्त में स्वीकृत सभी लाभार्थियों के खाते में मंइयां सम्मान योजना की राशि भेज दी गई है। वहीं सोमवार को प्रखंड कार्यालय में महिलाओं का फिर से बैंक खाते एवं आईएफएससी कोड में सुधार किया गया। सुधार करवाने पहुंची महिलाओं का कहना है कि कम्प्यूटर ऑपरेटर द्वारा बड़ी लापरवाही बरतने के कारण उन्हें दोबारा से लाइन में लग कर सुधार करवाना पड़ रहा। साथ ही अगस्त महीने का सम्मान राशि का भी हमलोगों को नुकसान हो गया।

### मांडर विधायक ने विभिन्न गांवों में किया योजनाओं का शिलान्यास

# योजनाओं का समय पर पूरा होना बेहद जरूरी: नेहा तिर्की



विकास योजनाओं का शिलान्यास करतीं मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लापुंग।** मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने सोमवार को लापुंग प्रखंड के महुगांव, हुल्सू पंचायत के करंज टोली, गुदगूद, लड़याटोली, झिकी गुजरु टोली, कोयसारा, ऊनीकेल और अकमरोमा के साखे टोली में विभिन्न योजनाओं के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि सभी विकास योजनाओं का समय पर कार्यान्वयन सबसे ज्यादा जरूरी है, क्योंकि इसी से किसी भी गांव और संपूर्ण क्षेत्र का आर्थिक-सामाजिक विकास संभव है। उन्होंने कहा कि आम जनता की सहभागिता के बिना क्षेत्र का विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं को समय पर अपनी पूरी गुणवत्ता के साथ पूरा होना सबसे बड़ी चुनौती है। इस मामले में सभी के साथ ही संवेदको को भी संवेदनशील होना होगा। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि अपनी जरूरत और अपेक्षा के अनुसार सरकार की लाभकारी एवं कल्याणकारी

## सरकार आपके द्वार शिविर में आकर समस्याओं का निष्पादन करायें व सुविधाओं का लाभ लें : शिल्पी



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हुल्सु पंचायत सचिवालय में सोमवार को आयोजित सरकार आपके द्वार शिविर का उद्घाटन बीडीओ उषा मिंज और विधायक विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। इस अवसर पर उन्होंने वर्तमान सरकार की मंईयां सम्मान योजना समेत अबुआ आवास, वृद्ध पेंशन, बालिका किशोरी योजना, बिरसा फसल बीमा आदि योजनाएं की जानकारी दी। कहा कि अधिक से अधिक संख्या में शिविर में आकर समस्या का निष्पादन यथा शीघ्र करवायें। उधर, शिविर में पूरे पंचायत क्षेत्र में विभिन्न योजनाओ का कुल 542 आवेदन आए और कुछ का निष्पादन किया गया। मौके विधायक प्रतिनिधि व सरकारी पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

योजनाओं का फायदा उठाने के लिये जागरूक बनें। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष जयंत बारला, विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, युवा अध्यक्ष जन्मेजय पाठक, सत्यनारायण पाठक, फिरेनदर साहू, संतोष दास, देवंती देवी, प्रभु दान होरो आदि उपस्थित थे।

## रातू के गुडू में मामूली विवाद में चले तलवार-फरसा, 4 घायल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रातू।** थाना क्षेत्र के गुडू में मामूली विवाद को लेकर एक पक्ष के लोगों ने तलवार, फरसा, डंडा व चापड़ से दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया। जिसमें एक ही पक्ष के पांच लोग घायल हो गये। घायलों को आनन-फानन में रातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकत्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स अस्पातल रेफर कर दिया। घायलो में कुंवर महतो, निरंजन महतो, रंभा देवी व सूरज कुमार शामिल है। जानकारी के मुताबिक एक बोरी धान के लिए उपजे विवाद को लेकर गाली गलौज के बाद नौबत मारपीट तक पहुंच गई। उधर, इस मामले को लेकर सीता देवी ने पांच नामजद व दो अज्ञात लोगों के खिलाफ रातू थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोपियों में गुडू निवासी चंदर उरांव, अनिल उरांव, राजू उरांव, विनय उरांव, विकास उरांव व दो अज्ञात लोग शामिल है।

### घायलों को अस्पताल ले जाने से रोका

भुक्तभोगी गीता देवी की मानें तो मारपीट में बुरी तरह से गायल लोगों को जब परिजन वाहन से इलाज के लिए अस्पताल ले जाने लगे तो आरोपियों ने दबंगई दिखाते हुए वाहन को रोक कर दोबारा मारपीट की। वाहन को अस्पताल ले जाने से भी रोक दिया। यही नहीं, उनके गहने भी लूट लिये। किसी तरह परिजन जान छुड़ाकर घायलों को अस्पताल ले गये।

## हक-अधिकार नहीं मिला, तो आइआइएम के गेट में जड़ देंगे ताला : पंकज शाहदेव

**पिस्कानगडी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी अंचल स्थित आईआईएम संस्थान (मुड़मा) के मुख्य द्वार पर हटिया विस्थापित परिवार समिति के बैनर तले ग्रामीणों ने सोमवार को रोजगार सहित छह सूत्री मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। जिसकी अगुवाई संगठन के अध्यक्ष पंकज शाहदेव ने की। उन्होंने कहा कि हमें एकजुट होकर संघर्ष को जारी रखना है। प्रबंधन को चेताते हुए कहा कियदि विस्थापितों की मांगों पर उचित निर्णय लेते हुए समाधान नहीं निकला गया तो विस्थापित अपने हक और अधिकार की लड़ाई को जारी रखते हुए आईआईएम के मुख्य द्वार पर तालाबंदी कर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ जायेंगें। कहा कि स्थापित विकास विरोधी नहीं हैं, लेकिन विस्थापितों के साथ इसी प्रकार अन्याय होता रहा तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं, धरना का संचालन करते हुए विस्थापित नेता कलाम आजाद ने सवाल किया कि विस्थापित कहां जाएंगे।


## शपथ पत्र

शपथ पत्र के अनुसार क्र.सं. - 5574 दिनांक : 03/09/2024, मैं दुसिया देवी पति स्व0 बासुदेव यादव, उम्र - 33, धर्म - सनातन, जाति - ग्वाला, पेशा - मजदूरी, साकिन - डाहा, ग्राम पंचायत - डाहा, पो0 बिहीया, थाना - हण्टरगंज, जिला - चतरा शपथ पूर्वक ब्यान करती हूँ कि - 1. यह है कि दुसिया देवी तथा, टुसिया देवी एवं चमेली देवी तीनों मेरा नाम है तथा तीनों नामों से मै जानी एवं पहचानी जाती हूँ। 2. यह कि आधार कार्ड में दुसिया देवी, बैंक ऑफ बड़ौदा का नॉमनी में चमेली देवी तथा Insurance बीमा में टुसिया देवी हो गया है 3. यह है कि उपरोक्त नाम एवं पता की मैं एक ही महिला हूँ। किसी प्रकार की गलत सुचना पाये जाने पर इसका जिम्मेवार मैं स्वयं रहूंगी।

## AFFIDAVIT

As per Affidavit Ref. No. 7582 Dated 20.07.2024 I, TAIYAB ANSARI S/O RABUL MIYAN, age about 41 yrs, by faith Islam, by Nationality Indian, Resident of Vill.- Near Masjid, Dumerbera Ara, P.O.- Sarubera, PS- Mandu, Distt. Ramgarh (Jharkhand) do hereby solemnly affirm and declare as under:-

1. That MD. TAJ ANSARI is my own blood-relationship son whose actual and correct name is MD. TAJ ANSARI which has been mentioned in his Aadhar Card.

2. That my son's name has been mentioned as TAJ ANSARI in my his bank Passbook of Bank of India, Sarubera Branch. 3. That MD. TAJ ANSARI and TAJ ANSARI both names are same and single boy who is my son. 4. That I was to rectify my correct name of my son as MD. TAJ Ansari is Place of TAJ Ansari in afforsaid bank passbook. 5. That this affidavit is required for knowledge of bank authority concern for need purpose.

6. That the above statement made by me are true and correct to the best of my knowledge and belief.


## दुर्गा सोरेन की जयंती आज

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** दुर्गा सोरेन स्मारक समिति के तत्वाधान में सोमवार को दुर्गा सोरेन चौक पर बैठक की गयी। इसमें लोवाडीह के दुर्गा सोरेन चौक पर मंगलवार को दुर्गा सोरेन की जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। जिसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी शामिल रहेंगे।

### प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता शुरू

## सरकार का उद्देश्य गांव के बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को उजागर कर आगे बढाना है: बीइइओ

**विभिन्न खेलो में सफल छात्र-छात्राओं को आज किया जाएगा पुरस्कृत**

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मैदान में सोमवार को बेड़ो प्रखंड संसाधन केंद्र के तत्वाधान में खेलो झारखंड 2024-25 के तहत दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता शुभारंभ बीईओ शांतिमुनी तिर्की ने किया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालय के अंडर 14, अंडर 17, अंडर 19 बालक व बालिकाओं के बीच 100, 200, 400, 600, 800, 1500 व 3000 मीटर लंबी दौड के आलावे ऊंची व लंबी कूद, भाला, गोला व चक्का फेंक कराया गया। वहीं मंगलवार को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बेड़ो 1 सह समन्वयक प्रखंड संसाधन केंद्र की उपस्थिति में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर बीइओ ने कहा कि बच्चों के लिए खेलो झारखंड प्रतियोगिता छात्रों के लिए बहुत मायने रखती है। बच्चों को इसका लाभ उठाने और कुछ कर दिखाने की आवश्यकता है। कहा कि सरकार का उद्देश्य गांव के बच्चो के अंदर छिपी प्रतिभा को उजागर कर आगे बढाना है, जिससे बच्चे अपने गांव, प्रखंड राज्य व देश में नाम रोशन कर सके। वहीं बीपीओ विकास भूषण ने बताया कि झारखंड सरकार प्रखंड के सूदूरवर्ती गांव, पंचायत, प्रखंड के विद्यालय के बच्चो को खेल को बढ़ावा देने के लिए खेलो झारखंड प्रतियोगिता करा रही है। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में करमा उरांव, अरुण साहू, आनंद साहू, शैलेंद्र सिंह, सुशील कच्छप, मृणाल मोहन खलखो, सुषमा टोप्पो, अनामिका तिर्की, प्रकाश पवार, अनिल खलखो, प्रवीण सुचित बाजराय, राखी जयसवाल, मो आदिल आदि का सराहनीय योगदान रहा।


### महत्वपूर्ण न्यूज

## अनगड़ा में बूथ नंबर के प्रभारी बनाये गये



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** रांची ग्रामीण जिला के अनगड़ा मंडल गेतलसूद शक्तिकेंद्र (पंचायत) में शक्ति केंद प्रभारी कामेश्वर महतो, संयोजक गौरी शंकर मुंडा, बूथ नंबर 136 प्रभारी अमित चौधरी, 137 के गणेश लोहरा, 138 के सदन सिंह, 139 के राजीव सिंह, 140 के बीरेंद्र यादव बनाये गये। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, सिकिदिरी मंडल अध्यक्ष शोहराय बेदिया, महामंत्री पंचम भोगता, बिगेसर महतो, शंकर महतो आदि उपस्थित रहे।

## पूनम मिश्रा ने वेट लिफ्टिंग मे जीता सिल्वर



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** बोकारो चास में पूर्वी भारतीय पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इसमें नामकुम के जोरार बस्ती पंडित सदन निवासी पूनम मिश्रा ने (76 केजी) वेट लिफ्टिंग में सिल्वर मेडल जीतकर नामकुम (रांची) का नाम रोशन किया है। गौरतलब है कि बोकारो चास में पूर्वी भारतीय पावर लिफ्टिंग 2024 का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम 4 से 7 सितंबर तक चला। जिसमें बिहार, झारखंड, मणिपूर, बंगाल, आसाम, उड़ीसा के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें पुरुष वर्ग में ओवर ऑल टीम चैंपियन शिप वेस्ट बंगाल रहा। महिला वर्ग में ओवर ऑल टीम चैंपियनशिप झारखंड को मिला। बेस्ट लिफ्टिंग में पुरुष वर्ग में बिहार एवं महिला वर्ग में झारखंड को मिला। इधर, आजाद सिपाही से बात करते हुए पूनम मिश्रा ने अपनी जीत का श्रेय फिटनेस फर्स्ट जिम के संचालक सह ट्रेनर सुनील मुंडा, अपने परिजनों और पूरी टीम को दिया। फिटनेस फर्स्ट जिम के संचालक सुनील ने बताया कि पूनम मिश्रा बहुत ही मेहनती है। इससे पहले भी पूनम झारखंड स्टेट बेंच प्रेस पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत चुकी है।

## ओरमांझी में लगा सरकार आपके द्वार शिविर



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ओरमांझी पंचायत सचिवालय में सोमवार को सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने अबुआ आवास, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन और दिव्यांग पेंशन योजना के अलावा अन्य सरकारी योजनाओं के फार्म भरे। वहीं, आजीविका महिला स्वयं सहायता समूह को रोजगार सृजन के लिए चेक दिया गया। इस मौके पर प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी राम स्वरूप भगत, कार्यकारी मुखिया संतोष कुमार गुप्ता, पंचायत समिति सदस्य ललिता देवी, वार्ड सदस्य अनिता देवी, मनी मुंडा, बालो देवी, शशि मेहता, संतोष कुशवाहा, मनोज महतो आदि मौजूद थे।


## Office of the Project Director, ATMA, Khunti, Jharkhand

**Tender Reference No: --------- Date:-----------**

Office of the Project Director, ATMA, Khunti, Jharkhand invites for **"Proposal for Selection of Agency for Rate Contract of Development of Micro Irrigation System along with Pumpset & Capacity Building of Farmers for Improving Land Productivity & Enhancement of Farmers Income through Improved Technology in Khunti District of Jharkhand."** Tender documents with detailed terms and conditions can be obtained through website https://khunti.nic.in and hard copies of technical bids and financial bids should be submitted to the department on or before declared due date.

| SI.No. | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | "Proposal for Selection of Agency for Rate Contract of Development of Micro Irrigation System along with Pumpset & Capacity Building of Farmers for Improving Land Productivity & Enhancement of Farmers Income through Improved Technology in Khunti District of Jharkhand." |
| 2 | Date of Publication of Bid on website | Date: 09 Sept, 2024 |
| 3 | Tender Cost/Document Fee | Rs. 5000.00 (In the form of DD) in favor of Deputy Commissioner, Khunti. |
| 4 | Last date and time of receipt of Bid | Date: 18 Sept, 2024 Time: 05:00 PM |
| 5 | Date and time of opening of Bid | Date: 19 Sept, 2024 Time: 11:00 AM |
| 6 | Bid submission Place | Office of Project Director, ATMA , Khunti, Khunti |
| 7 | Bid Opening Place | Collectorate Meeting Hall, Khunti |

Note:- The specified dates and times may change due to the declaration of holidays or any other unforeseen circumstances. The same shall be informed by the web portal as and when required. For any query/clarification, following numbers may be contacted 9431905311, 9934941929

PR 335163 District(24-25).D

Project Director, ATMA, Khunti.

## Government of Jharkhand
## Urban Development Department Latehar Nagar Panchayat , Latehar

**e- Procurement Notice (Very Short Tenders Notice)**

**NIT No. - UDD/LNP/02/2024-25 (2nd Call)**

**Notice No. - Date –**

| S.L. No. | Tender ID | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | Tender Fee | Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | शहरी परिवहन मद से | | | | |
| 01 | 02/LNP/02/2024-25 (2nd Call) | वार्ड सं0 08 में सुमन कुमारी के धर से प्रहलाद कुमार के धर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 656600.00 | 13200.00 | 5000.00 | दो माह |
| 02 | 03/LNP/02/2024-25 (2nd Call) | नगर पंचायत क्षेत्र अन्तर्गत वार्ड सं0 07 में बाईपास रोड़ से कृष्णा प्रसाद, राजु सिंह, प्रमोद प्रसाद एवं प्रदीप अग्रवाल के धर होते हुए बिजय पासवान के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 515500.00 | 10350.00 | 5000.00 | दो माह |
| 03 | 05/LNP/02/2024-25 (2nd Call) | नगर पंचायत लातेहार क्षेत्र अन्तर्गत वार्ड 10 में प्रदीप अग्रवाल के धर से बिजय पासवान के धर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 1617700.00 | 32400.00 | 5000.00 | तीन माह |
| | | नागरीक सुविधा मद से | | | | |
| 04 | 09/LNP/02/2024-25 (2nd Call) | वार्ड सं0 08 में संदीप कुमार के धर से अम्बीका प्रसाद के धर तक स्लैब सहित आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 711800.00 | 14300.00 | 5000.00 | दो माह |
| 05 | 10/LNP/02/2024-25 (2nd Call) | वार्ड सं0 08 में अवधेश सोनी के धर से जयत्री नाला तक स्लैब सहित आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 454200.00 | 9100.00 | 5000.00 | एक माह |
| 06 | 12/LNP/02/2024-25(2nd Call) | नगर पंचायत लातेहार अन्तर्गत वार्ड सं0 12 में इसराफील मास्टर के धर से आहर तक स्लैब सहित आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 1043800.00 | 20900.00 | 5000.00 | तीन माह |
| 07 | 13/LNP/02/2024-25(2nd Call) | नगर पंचायत लातेहार क्षेत्र अन्तर्गत वार्ड सं0 12 में एरूल खान के धर से जयत्री नाला तक स्लैब सहित आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 1295200.00 | 25950.00 | 5000.00 | तीन माह |
| 08 | 15/LNP/02/2024-25 (2nd Call) | नगर पंचायत लातेहार क्षेत्र अन्तर्गत वार्ड सं0 14 चन्दनडीह विवेकानन्द पार्क में प्याउ का निर्माण कार्य। | 545900.00 | 10950.00 | 5000.00 | दो माह |
| 09 | Date of Publication of Tender on website | | 10.09.2024 at 11:00 AM | | | |
| 10 | Mode of Submission of bids | | E-Tendering https//:jharkhandtenders.gov.in | | | |
| 11 | Date start of submission of bids | | 11.09.2024 at 10:00 am | | | |
| 12 | Last Date/Time of submission of bids | | 18.09.2024 upto 03:00 pm | | | |
| 13 | Date of Technical & Financial Bid opening (online) | | 20.09.2024 upto 05:00 pm | | | |
| 14 | Name & Address of office inviting tender | | Executive officer Nagar Panchayat, Latehar | | | |
| 15 | Contact No. of Procurement officer | | 9308707021/ 8789131804 | | | |
| 16 | Helpline number of e-Procurement cell | | 9308707021/ 8789131804 | | | |

NOTE : Only e-Tenders will be accepted. Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in

(Rajeev Ranjan)
Executive Officer Nagar Panchayat, Latehar

PR.NO.335187 Urban Development(24-25):D

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 10 सितंबर, 2024
www.azadsipahi.in


# कल्याण गुरुकुल खूंटी के 26 छात्रों को मिली नौकरी

## मुंबई और बेंगलुरु के लिए हुए रवाना



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजति, अल्पसंख्यक और पिछड़ी जाति कल्याण विभाग झारखण्ड सरकार और प्रेझा फाउंडेशन द्वारा संचालित कल्याण गुरुकुल खूंटी के 26 छात्रों को सोमवार संस्थान परिसर में एक सादे समारोह का आयोजन कर दिल्ली और बेगलुरू के लिए रवाना किया गया। इन 26 छात्रों को शोभा लिमिटेड में नौकरी मिली है। 17 लोगों को बेंगलुरू और नौ छात्रों को दिल्ली में जॉब लगा है। प्रधानाचार्य किशोर चंद्र मोहंती उन्हें श्हरी झंडी दिखाकर और शुभकामना देकर विदा किया। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजति, अल्पसंख्यक और पिछड़ी जाति कल्याण विभाग झारखण्ड सरकार और प्रेझा फाउंडेशन द्वारा पूरे झारखंड में 28 कल्याण गुरुकुल एवं आठ नर्सिंग कौशल कॉलेज एवं एक आईटीआई कॉलेज का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सेमवार को मल्टी स्किल कल्याण गुरुकुल खूंटी के प्रधानाचार्य किशोर चन्द्र मोहंती ने कहा कि कि झारखंड के दूर- दराज क्षेत्र में रहनेवाले लड़के-लड़कियों को गरीबी चक्र से बाहर निकालकर, आधुनिक प्रशिक्षण, बेहतर जीवन शैली एवं सुरक्षित रोजगार देने के लिए झारखंड सरकार के मार्गदर्शन में कल्याण गुरुकुल एक नया आयाम लिख रहा है। छात्रों को नियुक्ति पत्र मिलने के बाद सभी युवाओं को गुरुकुल से रवचाना किया गया। मौके पर सीनियर प्रिंसिपल किशोर चंद्र मोहती, प्रदीप कुमार विश्वास, पिंटू कुमार प्रसाद, चंदन कुमार, वेद प्रकाश,रमेश चंद्र जेना और मोहमद आलमगीर मौजूद थे।

# सफलता का मूल मंत्र कठिन परिश्रम में छिपा है : कोचे मुंडा

संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता पाप्त कर कृष्णा ने पूरे जिले का नाम रौशन किया।



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** कहा जाता है कि सफलता किसी की मोहताज नहीं होती और कथ्ठन परिश्रम करने वालों को सफलता निश्चित मिलती है। इस कहावत को चरितार्थ किया है रनिया प्रखंड की खटंगा पंचायत के खटंगा गांव में रहनेवाले निवासी अशोक यादव के पुत्र कृष्णा यादव ने। जिन्होंने इस वर्ष संघ लोक सेवा आयोंग की परीक्षा मं सफलता पाई है। यूपीएससी की परीक्षा में सफलता प्रापत करने वाले कृष्णा याद और उनकें पिता अशोक यादव को तोरपा के विधायक कोचे मुंडा ने सोमवार को ताकेंन गांव में आयोजित एक समारोंह में सम्मानित किया। पारा शिक्षक के रूप में तोकेन प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत अशोक यादव के पुत्र कृष्ण यादव ने सफलता प्रापत की है। कृष्णा यादव का चयन सीआरपीएफ असिस्टेंट कमांडेंट के रूप में हुआ है। कृष्णा यादव की प्रारंभिक शिक्षा संत मेरीज स्कूल इंग्लिश मीडियम सकूल कुदा कमडारा गुमला में हुई। 2014 में मैट्रिक परीक्षा एसडीए स्कूल खूंटी में 72 अंक से उतरीर्ध करने के बाद कृष्णा ने 2016 में इंटर की परीक्षा संत पोल कोलेज रांची में 65ः अंक से पास की। 2019 में संत जेवियर्स कॉलेज में 71ः अंक रहा 2021 में पीजी बनारस हिंदू विश्व विद्यालय में पास करने के बाद संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता पाप्त कर कृष्णा ने पूरे जिले का नाम रौणन किया। खटंगा में सोमवार कों समारोह का आयोजन कर तोरपा के विधायक कोचे मुंडा ने कृष्णा यादव और उनकें पिता अशोंक यादव कों शॉल देंकर सम्मानि किया। मौक पर विधायक ने कहा कि लगन और मेहनत हो तो सफलता किसी का इंतजार नहीं करती। उन्होने कहा कि सफलता का मूल मंत्र कठिन परिश्रम में छिपा है। मौके पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष सीताराम नाग, भाजपा के पूर्व सांसद प्रतिनिधि नारायण साहू, कृष्णा सिंह, विजय सिंह, बिरसा मांझी, ुगलेश्वर नाग, विमला देवी, आनंद सिंह, बुलबुल मांझी, शोभा लाकड़ा, अशौक यादव आदि मौजूद थे।

# लक्ष्य प्राप्ति के लिए आत्मविश्वास और दृढ़संकल्प जरूरी : असरीता केरकेट्टा

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय, खूंटी में सोमवार को एशियाई। चौंपियनशिप और वर्ल्ड कप में भारत का नाम रोशन करने वाली अंतर्राष्ट्रीय तीरंदाज असरीता केरकेट्टा का आगमन हुआ। असरीता के आगमन ने कठिन परिस्थितियों में भी अपने सपनों को साकार करने की आशा रखने वाले अनाथ, एकल अभिभावक के बच्चे, बाल श्रम से मुक्त कराए गए बच्चे और नक्सल प्रभावित परिवारों के बच्चों की उम्मीदों को नई उड़ान दी। असरीता ने बच्चों को आधुनिक कंपाउंड धनुष भेंट किए, जिनका उपयोग वे भविष्य में तीरंदाजी के अभ्यास में कर सकेंगे। उन्होंने अपने जीवन की संघर्षपूर्ण यात्रा को साझा किया। जिसमें उन्होंने न केवल अपनी व्यक्तिगत कठिनाइयों को पार किया बल्कि अपने देश को भी गर्वित किया। असरीता की यह यात्रा उन बच्चों के लिए एक प्रेरणा है जो जीवन की कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं और अपने सपनों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि सफलता का रास्ता कभी भी आसान नहीं होता, लेकिन जब हम अपने सपनों को साकार करने के लिए कठिन मेहनत करते हैं, तो हम उस सफलता के लायक बन जाते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आत्म-विश्वास और दृढ़ संकल्प की आवश्यकता होती है और यह कभी भी असंभव नहीं होता। विद्यालय परिवार ने असरीता को धन्यवाद दिया और उनके आगमन को एक ऐतिहासिक पल मानते हुए उनकी उपस्थिति की सराहना की। बच्चे भी असरीता की प्रेरणादायक बातें सुनकर अत्यंत प्रभावित हुए और उनके साथ तस्वीरें खिंचवाने के लिए उत्सुक रहे।

असरीता की यात्रा ने न केवल बच्चों को प्रेरित किया बल्कि विद्यालय के पूरे समुदाय को एक नयी दिशा और ऊर्जा प्रदान की। असरीता द्वारा की गई प्रेरणादायक बातें और उपहार ने बच्चों के मन में संघर्ष और सफलता की एक नई कहानी बुन दी है।

## कांग्रेस नेताओं ने दिउड़ी मंदिर में पूजा-अर्चना की



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** केशव महतो कमलेश, कांग्रेस झारखंड प्रदेश कमेटी के अध्यक्ष, और प्रदीप बालमुचू, पूर्व अध्यक्ष कांग्रेस प्रदेश कमेटी, ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन आजसू के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष ललित कुमार महतो ने देउड़ी मंदिर में पूजा अर्चना की और राज्य की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर, केशव महतो कमलेश ने कहा कि राज्य को आगे बढ़ाने और सुख-समृद्धि के लिए हमें जाति, धर्म और पार्टी से ऊपर उठ कर माटी की रक्षा करनी होगी। उन्होंने अपने पुराने साथी और रिश्तेदार ललित कुमार महतो को याद किया और उनके साथ पूजा अर्चना की। इस कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेश के नेताओं ने भाग लिया, जो चाइबासा दौरे पर गये थे। उन्होंने राज्य की खुशहाली के लिए एक साथ मिल कर काम करने का संकल्प लिया।

## गौरांगकोचा और बांदू पंचायत भवन में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के गौरांगकोचा और बांदू पंचायत भवन में सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाया गया था। वही कार्यक्रम में लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया। मौके पर सभी विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## मुखिया संघ का आंदोलन खत्म, पंचायत में दिया योगदान



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी प्रखंड मुखिया संघ ने घोषित आंदोलन खत्म होने के बाद कार्य शुरू कर दिया है।इस संबंध में सोमवार को मुखिया संघ के अध्यक्ष पुतुल देवी के नेतृत्व में खलारी प्रखंड विकास पदाधिकारी को एक पत्र सौंपकर आंदोलन खत्म होने की जानकारी दी है। पुतुल देवी ने बताया कि झारखंड प्रदेश के तमाम मुखिया 27 अगस्त से रांची राजभवन के समक्ष पांच सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना पर थे। जिसमे खलारी प्रखंड का सभी मुखिया भी शामिल थे। ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी धरना स्थल रांची पहुंचे और प्रदेश मुखिया संघ से वार्ता का पांच सूत्री मांगो को पूरा करने हेतु सकारात्मक पहल करने का लिखित आश्वासन दिया। सभी मुखिया धरना से वापस आ गये एवं पुनः अपना अपना पंचायत कार्य में योगदान देंगे।मुखिया के आंदोलन खत्म होने के बाद पंचायत के लोगो ने राहत की सांस ली है। इस मौके पर मुखिया पुष्पा खलखो, तेजी किस्पोट्टा, दीपमाला कुमारी, सुनीता देवी, ललिता देवी, शीला कुमारी, शिवरत मुंडा, पारसनाथ उरांव आदि मुखिया शामिल थे।

# खूंटी और तोरपा में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** खूंटी जिले के नागरिकों की शिकायतों का त्वरित और प्रभावी निवारण तथा पुलिस और नागरिकों के बीच अविश्वास तथा दूरी को समाप्त करने के उद्देश्य से दस सितंबर मंगलवार को जिले में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में आमजनों की सहभागिता सुनिश्चित करने एवं उन्हें कार्यक्रम की पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सोमवार को पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने नगर भवन खूंटी से हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम के प्रचार वाहन को रवाना किया। यह वाहन जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जाकर आमजनों को कार्यक्रम की जानकारी देगा। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन खूंटी पुलिस अनुमण्डल के पांच थाना खूंटी, मुरहू, सायको, अड़की एवं मारंगहादा थाना के लिए नगर भवन, खूंटी में तथा तोरपा पुलिस अनुमंडल के तीन थाना तोरपा, तपकरा एवं रनिया थाना क्षेत्र के लिए तोरपा स्थित सभागार (तोरपा थाना परिसर) में किया जायेगा। निर्धारित तिथि एवं समय पर खूंटी पुलिस अनुमण्डल अन्तर्गत खूंटी, मुरहू, अड़की, सायको और मारंगहादा थाना क्षेत्र के निवासी अपनी शिकायतों के निष्पादन के लिए नगर भवन, खूंटी में तथा तोरपा पुलिस अनुमंडल अन्तर्गत तोरपा, तपकरा एवं रनिया थाना क्षेत्र के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय, तोरपा स्थित सभागार (तोरपा थाना परिसर) में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में भाग ले सकते है।

**इन मामलों की दी जायेगी जानकारी :** जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में गुमशुदा बच्चों एवं महिला सुरक्षा संबंधी कानून, पीड़ितों को मुआवजा, नये आपराधिक कानून के अंतर्गत जीरो एफआइआर और ऑनलाइन एफआइआर प्रणाली, डायल 112 तथा 1930 (साइबर फ्रॉड) एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम, संपत्ति मूलक अपराध, साइबर अपराधियों द्वारा ठगी के तरीके, मानव तस्करी, नशीले पदार्थों का सेवन-बिक्री की रोकथाम आदि के बारे में जानकारी दी जायेगी।

## पिपरवार कोयलांचल में गणेश भगवान की प्रतिमा का हुआ विसर्जन



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में स्थापित गणेश भगवान की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस मौके पर संबंधित गणेश पूजा समिति के द्वारा भव्य विसर्जन जुलूस निकाला गया। जानकारी के अनुसार बचरा बाजारटांड़ स्थित सन क्लब के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय गणेश पूजा महोत्सव के अंतिम दिन गाजे-बाजे के साथ विसर्जन जुलूस निकाला गया। यह विसर्जन जुलूस बचरा बाजारटांड़, बचरा थाना चौक, अंबेडकर चौक, चार नंबर चौक, बस स्टैंड, पटेल चौक सहित अन्य जगहों का भ्रमण किया। इस दौरान देवा हो देवा गणपति देवा तुमसे बढ़कर कौन, स्वामी तुमसे बढ़कर कौन एंव गणपति बप्पा अगले वर्ष तुम जल्दी आना सहित अन्य गीतो पर नाचते गाते नजर आए। इलाके का भ्रमण करने के बाद विसर्जन जुलूस बचरा सफी नदी पहुंचा जहां गणेश भगवान की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। विसर्जन जुलूस में काफी संख्या में लोग मौजूद थे। इधर बचरा बंसत विहार स्थित टीएच कॉलोनी और बेंती पूजा पंडाल में स्थापित गणेश भगवान की प्रतिमा का नगर भ्रमण के बाद दामोदर नदी एवं सफी नदी में विसर्जन किया गया।

## विधायक प्रतिनिधि के पुत्र सीसीएल कर्मचारी नरेंद्र लाल का निधन

# मृतक के परिजन को नौकरी देने की मांग को लेकर आठ घंटे रही कोयला दुलाई ठप

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बहेरा निवासी और सिमरिया के भाजपा विधायक किशुन दास के विधायक प्रतिनिधि विजय लाल के बड़े पुत्र सीसीएल कर्मचारी नरेंद्र लाल का निधन बीती रात रांची के मेडिकल अस्पताल में हो गयी। जानकारी के अनुसार नरेंद्र लाल सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के सीएचपी/सीपीपी परियोजना में कार्यरत थे। इस संबंध में उनके परिजनों ने बताया कि रविवार को वह ड्यूटी करने के बाद घर आया, जिसके बाद उनकी तबीयत खराब हो गयी। परिजनों ने उसे ईलाज के लिए सीसीएल के केंद्रीय अस्पताल गांधीनगर पहुंचाया,जहां इलाज के बाद उन्हें रांची के मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया गया,जहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद मृतक के परिजन सहित स्थानीय ग्रामीणों ने मृतक के परिजन को नौकरी देने की मांग को लेकर क्षेत्र की कोयला ढुलाई सहित साईडिंग का काम बंद करा दिया। इस दौरान सभी लोग सीएचपी/सीपीपी परियोजना कार्यालय पहुंचकर मृतक के आश्रित को नौकरी देने की मांग करने लगे। इस दौरान सीएचपी/सीपीपी परियोजना कार्यालय मे प्रबंधन और ग्रामीणों के बीच वार्ता भी हुई, लेकिन वार्ता में कोई पहल नहीं होने का कारण वार्ता विफल रही। पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय में महाप्रबंधक संजीव कुमार ने मृतक के आश्रित एवं स्थानीय ग्रामीणों के साथ वार्ता किया। जिसमे सीसीएल कर्मचारी नरेंद्र लाल के निधन पर उनकी पत्नी को अनुकंपा के आधार पर नौकरी देने को लेकर चर्चा की गयी।

# बमने पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

## 290 आवेदनों का हुआ तत्काल निष्पादन



**खलारी।** खलारी प्रखंड के बमने पंचायत भवन परिसर में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी खलारी संतोष कुमार की अध्यक्षता में आपकी योजना आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर बनने पंचायत मुखिया शिवनाथ मुंडा, पंचायत समिति सदस्य मनभावन कुमार लोहार, लपरा मुखिया पुतुल देवी, खलारी मुखिया तेजी किस्पोट्टा, चूरी उत्तरी मुखिया ललिता देवी, हुटाप मुखिया शिवरात मुंडा, चूरी दक्षिणी मुखिया मलका मुंडा, चूरी मध्य मुखिया सुनीता देवी, मायापुर मुखिया पुष्पा खलखो सहित जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। कार्यक्रम में सरकारी योजनाओं के विभागों के अलग-अलग स्टॉल लगाया गया था। जिसमें ग्रामीणों ने संबंधित विभागों की योजनाओं को लेकर आवेदन जमा किया। वही उन्होंने सरकार की विभिन्न संचालित योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत कराया। कार्यक्रम में बीडीओ संतोष कुमार ने पंचायत प्रतिनिधियों और जनप्रतिनिधियों के साथ ग्रामीण लाभुको के बीच परिसंपत्तियों का वितरण भी किया। जिनमे 17 लोगों को धोती साड़ी वितरण, सर्वजन पेंशन के लिए 14 आवेदन, 15वें वित्त आयोग के तहत 05 योजना का स्वीकृत, अबुआ आवास योजना में 51 आवेदन, आयुष्मान कार्ड के लिए 15 आवेदन, आधार कार्ड पंजीकरण के लिए 42, आवेदन, राशन कार्ड सुधार के लिए 141 आवेदन, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के लिए 11 आवेदन, सावित्री बाई फुले के लिए 02 आवेदन, केसीसी के लिए 04 आवेदन जमा हुए। वहीं कार्यक्रम के दौरान 29 लोगों के स्वास्थ्य जांच किया गया। मौके पर कूल 358 मिले आवेदन में से 290 का तत्काल निष्पादन किया गया।

## बाल संरक्षण के मुद्दों पर जागरूकता कार्यक्रम शुरू



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा प्रखंड के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में जिला बाल संरक्षण ईकाई, खूंटी (समाज कल्याण शाखा) और संभव ट्रस्ट, तोरपा के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार से बाल संरक्षण मु मुद्दों पर जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। राजकीय कृत मध्य विद्यालय और संत जोसेफ स्कूल तोरपा में अभिषेक ने बच्चों को बाल मजदूरी, बाल-विवाह, बच्चों पर हिंसा, बाल शोषण के प्रति जागरूक किया। साथ ही गरीबी रेखा से नीचे जीवन, यापन करने वाले बच्चों, अनाथ बच्चों एवं एकल अभिभावक वाले बच्चों को सरकार द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न सुविधाओं की जानकारी प्रदान की गयी। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, खूंटी मो अल्ताफ खान, अभिषेक कुमार झा (जिला प्रयवेक्षक बाइल्ड हेल्प लाइन, लालमोहन कुमार (परामर्श दाता, पीयूष कुमार (प्रयवेक्षक, मोनिका आर्या अध्यक्ष और प्रिया कुमारी सम्भव ने भी छात्र-छात्राओं का जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यायल प्रशासन के प्रणव कुमार सिन्हा, रेव्ह अरविंद बरला का सहयोग रहा।

## चूरी दुर्गा पूजा समिति का गठन, सोनू पांडेय बने अध्यक्ष



**खलारी (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर चूरी शिव मंदिर प्रांगण में ललू सिंह की अध्यक्षता में कॉलोनी वासियों की बैठक हुई। बैठक में दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया। जिसमें संरक्षक परियोजना पदाधिकारी अनुज कुमार, कुबेरनाथ सिंह, सीताराम शाही, आरके सिंह, रामसागर सिंह, नंदू विश्वकर्मा, गोपाल शर्मा, मिथिलेश सिंह, अनिल जैन, शिव पासवान ,सुदेश पासवान, गंभीर सिंह, बीके राणा, राजेश महतो, रामजीत शर्मा, अंकु मंडल को बनाया गया।

## प्राचार्या ने नन्हे कराटेकारों को किया सम्मानित



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** उसुर्लाइन इंग्लिश मीडियम स्कूल खूंटी में सोमवार को आयोजित एक कार्यक्रम में प्राचार्या जिंसी मैथ्यू मैथ्यू ने नन्हे कराटेकारों को बेल्ट और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। बेल्ट पानेवाले बच्चों में शिवम कुमार, बसंत सोई, जॉन बोदरा, विवेक कुमार, जगन्नाथ मुंडा, सृष्टि कुमारी अनीश मुंडा, गायत्री मुंडू, रानी किरण मुंडू, कुमारी बबिता, कुमारी कृति, आयुष नाग, टिंवकल कुमारी, आयुष नाग शामिल हैं। मौके पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और कराटे प्रशिक्षक विजय कुमार उपस्थित थे।

# कल्याण गुरुकुल वरीय प्राचार्य के प्रयास से एतवा उरांव को मिली नयी जिंदगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** कल्याण गुरुकुल के वरीय प्राचार्य किशोर चंद्र मोहंती और रांची के बाल आश्रय शेल्टर होम के प्रयास से एक भटके हुए और अपना सब कुछ भूल चुके एतवा उरांव नामक युवक को नयी जिंदगी मिल गयी, पर अपने पैरों पर खड़ा होने का साधन भी मिल गया। 24 वर्षीय एतवा उरांव को अपनें माता-पिता और भाई-बहनों का नाम तो पता है, पर उसे अपने गांव, थाना या जिले की जानकारी नहीं है। वह अपना नाम एतवा उरांव पिता का नाम छेदू दरांव और माता का नाम रूकमी देवी बताता हैं वह बताता है कि विजय, अजय, बुधु, मनोज, दिलीप उसके भाई हैं। एसकी एक छोटी बहन भी है। वरीय प्राचार्य मोहंती कें प्रयास से एतवा उरांव ने कल्याण गुरुकुल खूंटी में न सिर्फ शटरिंग और करापेंट्री का प्रशिक्षण लिया, बल्कि दिल्ली के शोभा लिमिटेड में नौकरी भी मिल गई। सोमवार को गुरुकुल में आयोजित एक सादे समारोह में शोभा कंपनी में नौकरी पानेवाले गुरुकुल के अन्य 25 छात्रों के साथ अपने कार्यस्थल कें लिए रवाना हुआ। **भाई की प्रताड़ना के कारण घर छोड़कर भाग गया था :** एतवा ने बताया कि वह तीसरी कक्षा तक पढ़ा है। वह आगे पढ़ना चाहता था, पर पिता उसे घर का काम कराते थे। कुछ दिनों तक वह अपने बड़े भाई विजय के साथ रहने लगा, लेकिन मारपीट किये जाने से वह घर छोड़कर भाग गया और किसी ट्रेन में सवार होकर किसी स्एशन तक गया और वहीं एक होटल में काम करने लगा। वहां भी उसे प्रताड़ित किया जाने लगा, तो किसी तरह वह भाग कर रांची पहुंचा। रांची औवर ब्रिज के पास पुलिस ने उसे पकड़कर बाल आश्रय शेल्टर होम को सौंप दिया। एतवा 2016 से ही बाल आश्रय शेल्टर होम में रहने लगा। वहीं के पते से उसका आधाार कार्ड बनाया गया। कल्याण गुरुकुल के सीनियर प्रिंसिपल मोहंती ने बताया कि कुछ माह पूर्व शेल्टर होम सें उनकें एक दोस्त ने एतवा उरांव की जानकारी दी और उनसे लड़के का भविष्य सुधारने का आग्रह किया। प्राचार्य ने कल्याणा गुरुकुल के 65वें बैच में एतवा उरांव का नामांकन कराया, जहां उसने शटरिंग-करपेंट्री का प्रशिक्षण लिया। प्राचार्य ने बताया कि जिस समय एतवा उरांव गुरुकुल आया था, उस समय वह कुछ बोलता तक नहीं था। मोहंती ने बताया कि उनके प्रयास से लड़के का पैन कार्ड भी बना दिया गया है। प्राचार्य ने अपनी ओर से उसे एक मोबाइल भी दिया है। एतवा ने खुशी-खुश बताया कि अब वह महीने 20 हजार रुपये से अधिक कमायेगा। वरीय प्राचार्य केसी मोहंती ने लोगों से अपील की है कि यदि कोई लड़के को पहचानता है तो, उसके माता-पिता और भाइयों को इसकी जानकारी जरूर दे दें, ताकि वह अपने घरवालों से मिल सके।

## संडे ड्यूटी और पीएचडी को लेकर प्रबंधन के भेदभाव रवैया पर नाराजगी प्रकट की



**खलारी (आजाद सिपाही)।** एनके एरिया की पुरनाडीह परियोजना कार्यालय के कर्मियों की बैठक सोमवार को परियोजना कार्यालय के समीप कैंटीन में हुई। सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई बैठक में परियोजना कार्यालय से जुडी विभिन्न बुनियादी समस्याओं पर चर्चा हुई। साथ ही संडे ड्यूटी और पी एचडी को लेकर प्रबंधन के भेद भाव रवैया पर नाराजगी प्रकट किया गया। वहीं बैठक में सर्वसम्मति से सभी कार्यालय कर्मियों ने महीने की पहली तारीख एवं 16 तारीख को दो बार बैठक करने का निर्णय भी लिया।

### दिशा की बैठक में पलामू सांसद ने की जिले में संचालित विकासात्मक कार्यों की समीक्षा

# सभी योग्य लाभुओं को आवंटित हो प्रधानमंत्री आवास : वीडी राम

### कार्य में लापरवाही बरतने वाले पाटन के सतौवा पंचायत के कंप्यूटर ऑपरेटर व संचायत सचिव पर कार्रवाई का निर्देश

**कंप्यूटर ऑपरेटर की लापरवाही, सतौवा पंचायत के 800 परिवार लाभ से वंचित**

आजाद सिपाही संवाददाता



समाहरणालय सभागार में दिशा की बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते सांसद वीडी राम व उपरिस्थत अन्य अधिकारीगण।

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सोमवार को समाहरणालय सभागार में हुई। जिसकी अध्क्षता पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने की। इसमें जिले में आम लोगों के लिए चलायी जा रही योजनाओं की समीक्षा की गयी। साथ ही कुछ योजनाओं की धीमी प्रगति पर सांसद ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारी से सवाल-जवाब भी किया। लगे हाथ पिछली बैठक में लिए गये निर्णयों एवं अनुपालन विषय पर चर्चा भी की। बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा), प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सर्व शिक्षा अभियान, समेकित बाल विकास योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, बेटी बचाव बेटी पढ़ाओ, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा का क्रियान्वयन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं की समीक्षा की। जनप्रतिनिधियों ने समीक्षा के दौरान जिले में विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों में आ रही कमियों से अध्यक्ष को अवगत कराया। इस पर अध्यक्ष ने लक्ष्य आधारित कार्यों को समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में सांसद ने वित्तीय वर्ष 2024-25 अंतर्गत पीएम आवास के लक्ष्य की जानकारी लेते हुए सभी योग्य लाभुकों को आवास प्रदान करने की बात कही। कहा कि पाटन के सतौआ पंचायत में 800 से अधिक ऐसे लाभुक है जो आवास की अहर्ता रखते हैं, लेकिन उन्हें आज तक आवास मुहैया नहीं कराया गया है। इस मामले में संबंधित कंप्यूटर ऑपरेटर की लापरवाही का मामला प्रकाश में आया है। इस पर डीसी शशि रंजन ने कहा कि संबंधित ऑपरेटर व पंचायत सचिव के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। ऐसे ही एक मामले को पांकी विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने उठाया, यह तरहसी के सेलारी से जुड़ा था। इसके बाद डीसी ने डीडीसी को पूरे जिले से रिपोर्ट मांगने को लेकर निर्देशित किया। जिसमें यह स्पष्ट रूप से उल्लिखित रहे, कि कितने ऐसे गांव है जहां एक भी घर आवास योजना के तहत नहीं बना है। सांसद ने मनरेगा के तहत 100 दिनों के रोजगार को अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने पर बल दिया।

#### जल जीवन मिशन, कृषि विभाग की हुई समीक्षा

बैठक में पांकी विधायक ने अपने विधानसभा क्षेत्र नीलांबर-पीतांबरपुर व पांकी में जलापूर्ति योजना में नियमित जलापूर्ति नहीं होने का मामला उठाया। इसी तरह डालटनगंज विधायक ने रामगढ़ के नवाडीह में भी जलापूर्ति नहीं होने की बात कही। इस पर सांसद ने जिले में जलापूर्ति योजना के तहत नियमित रूप से पानी की सप्लाई हो, इसे सुनिश्चित करने पर बल दिया। कृषि विभाग की समीक्षा में उर्वरक की कालाबाजारी पर पूर्णरूप से लगाम लगाने की बात कही गयी। इस दौरान सांसद ने सॉइल टेस्टिंग सेंटर की भी जानकारी ली। जेएसएलपीएस के तहत दीनदयाल अंत्योदय योजना अंतर्गत गैर कृषि आधारित आजीविका को बढ़ावा देने पर बल दिया गया। बैठक में श्रम अधीक्षक को जिले के सभी श्रमिकों का श्रमधान पोर्टल पर पंजीयन कराने व इसका प्रचार-प्रसार कराने की बात कही गयी। सांसद ने एमएमसीएच में पार्किंग काटने की समस्या को भी रेखांकित किया। इसपर डीसी ने मेदिनीनगर नगर आयुक्त को पार्किंग के नियमों को शिथिल करने व पार्किंग में आमजनों को किसी तरह का कोई समस्या न आये,इसे सुनिश्चित करने पर बल दिया। इसी तरह शिक्षा, कल्याण विभाग, हेल्थ डिपार्टमेंट, रोड कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट, आपूर्ति समेत अन्य विभागों की समीक्षा की गयी। बैठक में चतरा सांसद कालीचरण सिंह, डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, अपर समाहर्ता, सभी प्रखंड प्रमुख, विधायक के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

#### बस स्टैंड को छह मुहांन से बैरिया शिफ्ट करने पर सहमति

बैठक में सांसद ने बस स्टैंड को छह मुहांन से बैरिया शिफ्ट करने पर चर्चा किया। कहा कि बस स्टैंड को शहर से दूर रखा जाये, ताकि आवश्यक रूप से लगने वाले जाम से शहरवासियों को मुक्ति मिल सकें। इसपर डीसी ने मेदिनीनगर नगर आयुक्त जावेद हुसैन को बस स्टैंड को बैरिया में शिफ्ट करने को लेकर आ रही अड़चनों को दूर करते हुए बस स्टैंड को बैरिया में शिफ्ट करने की बात कही।

# हुसैनाबाद में जिन्हें विकास नहीं दिख रहा, वे गलत राजनीति के शिकार हैं : कमलेश सिंह

**हुसैनाबाद से पथराघाट 29.10 किलो मीटर सड़क की निविदा निकली, निर्माण जल्द**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** विधायक कमलेश कुमार सिंह का प्रयास रंग लाया। वर्षों पुरानी मंसा हुसैनाबाद से पथराघाट तक 29.10 किलो मीटर सड़क निर्माण की निविदा निकल गई है। इस संबंध में विधायक ने बताया कि उन्होंने एक-एक सड़क, पुल पुलिया समेत जितने भी कार्य पिछले 10 से नहीं हो पाए थे, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर कराने का काम किया है। कुछ छोटी सड़कों का निर्माण नहीं हो सका होगा, तो वह भी आने वाले दिनों में होने की उम्मीद है। क्योंकि सभी का प्रस्ताव भेजा गया है। कहा कि सबसे महत्वपूर्ण हैदरनगर पंसा पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास भी दो दिनों के अंदर कर कार्य शुरू कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन्हें आज विकास नहीं दिख रहा है, वह गलत राजनीति के शिकार हो गए हैं। अगर विकास देखना ही है तो हुसैनाबाद, हरिहरगंज, पिपरा, हैदरनगर व मोहम्मदगंज की सड़कें पुल पुलिया विभिन्न विभागों के भवन आकर देखें, उनकी आंखें खुल रह जाएंगी। उन्हें यह पता लग जायेगा की विकास किसे कहते हैं। हुसैनाबाद से पथराघाट तक की सड़क पिपरा के लिए लाइफ लाइन हो जायेगी। इससे पिपरा के साथ साथ हुसैनाबाद व हरिहरगंज को भी लाभ होगा।

# चुनाव नजदीक देख हेमंत सरकार कर रही लोक लुभावन वादे : नरेंद्र पांडेय

**केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से मिले भाजपा नेता, पिछड़े वर्ग के लोगों से किया जनसंवादो**

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र पांडेय ने सोमवार को विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांवों का दौरा किया। इस दौरान ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुनी और दूर करने के लिए सार्थक प्रयास करने का भरोसा दिया। साथ ही केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से मुलाकात कर उनका अनुभव सांझा किया। पीएम आवास योजना के कई लाभार्थियों ने बताया कि पक्के मकान का सपना तो मोदी सरकार ने ही पूरा किया। इस दौरान भाजपा नेता कई पिछड़े वर्ग के गांवों में जाकर उनसे संवाद किये। ग्रामीणों ने उन्हें कई परेशानियों से रुबरु कराया। इस पर नरेंद्र पांडेय ने कहा कि पिछले साढ़े चार साल में चुनाव नजदीक देख हेमंत सरकार को जनता की याद आ रही है। इस लिए लोक लुभावन वादे कर रही है। पर भाजपा सरकार हमेशा जनसेवा के लिए समर्पित और निरंतर जनसेवा में जुटी रहती है। प्रदेश की जनता भी इस बात को पूरी तरह समझ गई है। आगामी चुनाव में जनता हेमंत सरकार को नकार देगी। उन्होंने कहा कि सिंचाई के लिए कनहर नदी को बांधने की योजना शुरू हुई थी, जिसे वर्तमान सरकार ने ठंडे बस्ते में डाल दिया। इसी प्रकार पूर्व की भाजपा सरकार के कई कल्याणकारी योजनाओं को हेमंत सरकार ने बंद कर दिया। केंद्र प्रायोजित योजनाओं को भी लटका कर रखी है। अब जात धर्म और तुष्टिकरण का खेल शुरू कर जानता को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन जनता सब समझ रही है। मौके पर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण मुरारी सिंह, केशव चौधरी, मनोज कुमार, संजय वर्मा सहित कई भाजपाई व ग्रामीण मौजूद थे।

# भगवान गणेश ज्ञान, भाग्य व शुभ परिणामों के दाता हैं : विनोद सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य विनोद कुमार सिंह ने हरिहरगंज प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान शहर में पद यात्रा कर जनता से मिले और हाल जाना। वहीं दुर्गा मंदिर प्रांगण में आयोजित गणेश पूजा पंडाल में पहुंच कर पूजा की। उन्होंने कहा कि भगवान गणेश ज्ञान, भाग्य और शुभ परिणामों के दाता हैं। भगवान गणेश के कान सभी की बात सुनने और अपने विवेक से काम करने के महत्व का प्रतीक हैं। उन्होंने क्षेत्र के लोगों को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह त्योहार एकता, विश्वास और सांस्कृतिक समृद्धि को बढ़ावा देता है। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष चंदन जायसवाल, करण राजवीर, कन्हाई, ओम प्रकाश सिंह, सनोज गुप्ता, धनंजय सिंह, संदीप सिंह, रघुनंदन साव आदि मौजूद थे।



#### भगवान गणेश की महाआरती में हुए शामिल थाना प्रभारी

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** शहर के मेन बाजार स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में नवयुवक गणपति सेवा समिति की ओर से आयोजित गणेश चतुर्थी महोत्सव पर रविवार की देर शाम महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमें पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार शामिल होकर पूजा की। इससे पहले पूजा समिति द्वारा थाना प्रभारी चंदन कुमार, एसआई विगेश कुमार राय और एएसआई मनोज दास को मां दुर्गा की चुनरी से सम्मानित किया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि गणेश उत्सव सामाजिक और सांस्कृतिक एकता को सुजृढ़ता प्रदान करने वाला पर्व है।

# बंशी में सरकार आपके द्वार का आयोजन विभिन्न योजनाओं के लिए मिले आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता



**मनातू/पलामू।** मनातू प्रखंड के बंशी पंचायत सचिवालय परिसर में सोमवार को मुखिया प्रमिला देवी की अध्यक्षता में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुखिया प्रमिला देवी, बीडीओ राजकुमार सिंह, सीओ मदन कुमार सुमन, पूर्व मुखिया उदय सिंह, अनुज प्रसाद और उप मुखिया ने संयुक्त रूप से किया। बीडीओ ने सरकार की ओर से चलाई जा रही सभी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। वहीं, पूर्व मुखिया उदय सिंह ने कहा कि सरकार गरीबों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं। जिसका सिधा लाभ आप सभी को देने के उद्देश्य से आपके पंचायत में शिविर लगाया गया है। मुखिया प्रमिला देवी ने लोगों से सरकारी लाभ लेने को कहा। साथ ही शिविर में पहुंच कर समस्याओं का समाधान कराने की अपील की। उधर, शिविर में विभिन्न योजनाओं को लेकर लगाये गये स्टॉल से कुल 240 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में जेएसएलपीएस की ओर से फूलों झानो के तहत 2.5 लाख रुपये का चेक दिया गया। साथ ही जरूरतमंदों के बीच धोती साड़ी का भी वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी देव प्रिय, योगेंद्र प्रसाद, मयूर अहमद, मंजीत कुमार, दिलीप कुमार प्रखंड व अंचल कर्मी के अलावा कई पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### न्याय नहीं मिलने से हताश पूरे परिवार ने लिया आत्मदाह करने का निर्णय



**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** छतरपुर थाना क्षेत्र के मदनपुर निवासी नरेश ठाकुर की 24 दिसंबर 2023 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उक्त हत्याकांड में नरेश ठाकुर की पत्नी मुन्नी देवी ने थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी, लेकिन पुलिस की ओर से अब तक हत्या का उद्भेदन नहीं किया जा सका। ना ही आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जिससे नाराज व हताश होकर परिजनों ने 20 सितंबर को पलामू पुलिस अधीक्षक के कार्यालय के समक्ष सुबह 11 बजे आत्मदाह करने की अनुमंडल पदाधिकारी को लिखित चेतावनी दी है। इस संदर्भ में मृतक नरेश ठाकुर के छोटे भाई उमेश ठाकुर ने कहा कि उनके भाई की हत्या सुनियोजित तरीके से भू माफियाओं द्वारा कर दी गई थी, जिनकी पहुंच राज्य के बड़े-बड़े अधिकारियों और मंत्रियों तक है। जिसका भय दिखाकर हत्यारे खुलेआम घूम रहे हैं। केस उठाने के लिए दबाव बना रहें है। ऐसा नहीं करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहें है। उमेश ने बताया कि उसके भाई की हत्या हुए आठ महीना बीत जाने के बाद भी पुलिस ने हत्याकांड का उद्भेदन नहीं किया है। ना ही किसी को अब तक गिरफ्तार ही कर पायी है। उमेश ने कहा कि अब न्याय मिलने की उम्मीद खत्म होने हो गयी है। इस लिए हम सभी ने पूरे परिवार के साथ आत्मदाह करने का निर्णय लिया है, जिसकी पूरी जवाबदेही स्थानीय पुलिस की होगी। इस मौके पर नरेश ठाकुर की पत्नी मुन्नी देवी, बेटी रानी कुमारी, पुत्र रविंद्र ठाकुर, नागेंद्र ठाकुर, भाई राजेश्वर ठाकुर, उमेश ठाकुर, पिता पूरन ठाकुर और मां मानमति देवी सहित परिवार के अन्य सदस्य मौजूद थे।


### पटेल नगर दुर्गा पूजा समिति का हुआ पुनर्गठन नीतीश पटेल अध्यक्ष व मोहित पटेल बने सचिव

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के पटेल नगर सार्वजनिक भवन में रविवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व नगर अध्यक्षा बहन उषा देवी ने की। बैठक में इस वर्ष भी दुर्गा पूजा भव्य व आकर्षक तरीके से मनाने पर चर्चा की गई। वहीं पूर्व के पूजा समिति को सर्वसम्मति से भंग करते हुए नयी कमेटी का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से नीतीश कुमार पटेल, उर्फ गणेश को अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि अजित चौधरी उपाध्यक्ष, मोहित पटेल को सचिव, सह सचिव राहुल पटेल, कोषाध्यक्ष सोनू पटेल, सह कोषाध्यक्ष प्रवीण पटेल को बनाया गया। वहीं, अभिभावक सह संरक्षक के रूप में अनुज चौधरी, कामेश्वर चौधरी, उषा देवी, रामेश्वर राम और तेतरी कुंवर आदि को शामिल किया गया हैं।

### कोलकाता रेप-मर्डर के प्रतिवाद में किया सत्याग्रह

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में हुई घटना को सोमवार को एक महीना पूरा हो गया। पर अभी तक सभी अपरादियों की गिरफ्तारी हुई है। पीड़िता को तत्काल न्याय की मांग को लेकर धनबाद सोसाइटी ऑफ ऑब्सटेट्रिक्स और गायनोकोलॉजी की ओर से गांधी सेवा सदन स्थित गांधी के प्रतिमा के समक्ष सत्याग्रह किया गया। जिसमें डीएसओजी के साथ आईएमए, रेड क्रॉस, डीबीए, जेपी आंदोलन के अलावे दर्जनों संगठन के लोग शामिल हुए और पीड़िता के लिए न्याय की मांग की।

## स्पोर्ट्स



बारतीय हॉकी टीम ने एशिनय टैंपियंस ट्राफी 2024 के दूसरे मुकाबले में जापान को हरा दिया। सोमवार को हूलुनबुइर में खेले गये मैट में 5-1 के जीत दर्ज की। वहीं, रविवार को मेजबान चीन को 3-0 से हराया था।

# एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने जापान को 5-1 से हराया

### सुखजीत व अभिषेक ने दो मिनट में किये 2 गोल, अगला मुकाबला मलेशिया से



**हुलुनबुइर (एजेंसी)।** भारतीय हॉकी टीम ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 के दूसरे मुकाबले में जापान को हरा दिया। सोमवार को हुलुनबुइर में खेले गए मैच में पेरिस ओलिंपिक की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट टीम ने 5-1 से जीत दर्ज की। अपने पहले मुकाबले में रविवार को भारत ने मेजबान चीन को 3-0 से हराया था। भारत का अगला मुकाबला 11 सितंबर को मलेशिया से होगा। डिफेंडिंग चैंपियन भारत की ओर से सुखजीत सिंह ने 2 अभिषेक, संजय और उत्तम सिंह ने 1-1 गोल किया। जबकि जापान की तरफ से काउंटर अटैक में मात्सुमोतो काजुमासा ने गोल किया। बतातें चलें कि कभारतीय टीम ने इस मुकाबले के शुरूआती 2 मिनट में ही दो गोल दागकर जापान को बैकफुट पर भेज दिया। टीम के लिए सुखजीत सिंह ने पहला और अभिषेक ने दूसरा गोल किया। टीम ने शुरूआती दोनों गोल फील्ड गोल किए। दूसरे क्वार्टर की शुरूआत भी गोल के साथ हुई। मैच के 17वें मिनट में भारत को पेनाल्टी कॉर्नर मिला। जिसे संजय ने गोल में तब्दील कर भारत की बढ़त को 3-0 कर दिया।

#### पॉइंट्स टेबल में 1 नंबर

एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के पॉइंट्स टेबल पर लगातार जीत के साथ भारत पहले नंबर पर काबिज है। उसके 2 मैच में 2 जीत के साथ 6 पॉइंट्स अर्जित किये है। जबकि दूसरे नंबर पर साउथ कोरिया है। उसके 2 मैच में 2 हार के साथ 2 पॉइंट्स है। ये 2 पॉइंट्स कोरिया को बाकी टीम से गोल डिफरेंस कम होने की वजह से मिला है। पाकिस्तान 2 पॉइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर है।

#### तीसरे क्वार्टर में जापान ने किया पहला गोल

शुरूआती दो क्वार्टर में कई मौके गंवाने के बाद आखिरकार तीसरे क्वार्टर की शुरूआत में जापान ने अपना पहला गोल किया। मात्सुमोतो काजुमासा ने मैच के 41वें मिनट में फील्ड गोल कर अपनी टीम का खाता खोला। भारतीय टीम इस क्वार्टर में कोई गोल नहीं कर सकी। वहीं, भारत ने आखिरी क्वार्टर में मैच को एकतरफा कर दिया। उत्तम और सुखजीत ने एक के बाद एक दो गोल किए। मैच के 54वें मिनट में उत्तम सिंह ने फील्ड गोल किया। जबकि मैच के आखिरी मिनट में सुखजीत सिंह ने मैच में अपना दूसरा गोल कर भारत की बढ़त को 5-1 कर दिया।

# श्रीलंका ने 10 साल बाद इंग्लैंड में जीता टेस्ट मैच

**लंदन (एजेंसी)।** श्रीलंका ने इंग्लैंड में 10 साल बाद टेस्ट मैच जीत लिया है। टीम ने सोमवार को द ओवल टेस्ट में इंग्लैंड को 8 विकेट से हराया। श्रीलंका के लिए पहली पारी में फिफ्टी लगाने वाले पाथुम निसांका ने दूसरी पारी में शतक लगाया। टीम से लहिरु कुमार ने 2 पारियों में 6 विकेट लिए। टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए इंग्लैंड ने पहली पारी में 325 रन बनाए। श्रीलंका पहली पारी में 263 रन ही बना सका और टीम 62 रन से पीछे रही। दूसरी पारी में इंग्लैंड 156 रन बनाकर सिमट गया और श्रीलंका को 219 रन का टारगेट मिला। श्रीलंका ने चौथे दिन 2 विकेट खोकर 40.3 ओवर में ही टारगेट हासिल कर लिया।

**2014 में जीता था आखिरी टेस्ट :** श्रीलंका ने आखिरी बार 2014 में लीड्स में इंग्लैंड को टेस्ट हराया था। तब टीम ने सीरीज भी 1-0 से जीती थी। लेकिन इस बार एक टेस्ट जीतकर भी श्रीलंका ने 3 मुकाबलों की सीरीज 2-1 के अंतर से गंवा दी। इंग्लैंड ने पहला टेस्ट 5 विकेट और दूसरा टेस्ट 190 रन से जीता था। उधर, श्रीलंका ने चौथे दिन के पहले सेशन में 94/1 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। निसांका ने 53 और कुसल मेंडिस ने 30 रन के स्कोर से पारी आगे बढ़ाई। मेंडिस कुछ देर बाद ही गस एटकिंसन का शिकार हो गए। वहीं, 108 रन के स्कोर पर श्रीलंका ने दूसरा विकेट गंवाया। यहां से निसांका ने एंजलो मैथ्यूज के साथ पारी संभाल ली। निसांका ने 107 बॉल पर अपनी सेंचुरी पूरी कर ली।

## सिंदरी डीएसपी ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया

# समस्याओं का तुरंत समाधान एवं पुलिस के प्रति जनता का विश्वास बढ़ाना उद्देश्यः भूपेंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक के आदेश पर प्रत्येक जिलों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम मेंम जन शिकायत समाधान कार्यक्रम को सफल बनाने और लोगों जागरूक करने के उद्देश्य से झरिया थाना परिसर से सिंदरी डीएसपी भूपेंद्र प्रसाद राऊत ने हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन को रवाना किया। सिंदरी डीएसपी ने बताया कि जागरूकता रथ पूरे अनुमंडल क्षेत्र में घूमेगा, ताकि आम लोग अपनी समस्याओं को लेकर उक्त शिविर में पहुंचेंगे। कहा कि मंगलवार को जन शिकायत समाधान को लेकर जोरापोखर थाना क्षेत्र के टाटा ओडोटोरियल में शिविर लगाया जाएगा। जिसके माध्यम से लोग अपनी-अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके बाद प्रशासन की ओर से समास्याओं का समाधान किया जाएगा। डीएसपी ने बताया कि लोगों को जागरूकता रथ के माध्यम से मंगलवार को टाटा ऑडोटोरियल जोरापोखर में आयोजित होने वाले जन शिकायत समाधान कार्यक्रम को लेकर जागरूक किया जा रहा है। बताया गया कि वे भी इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें। यह कार्यक्रम उन्हीं लोगों के लिए आयोजित किया गया है, जिनके बीच आए दिन किसी न किसी बात को लेकर लेकर लड़ाई झगड़ा होते रहता है। जन समाधान कार्यक्रम के माध्यम से उसका निबटारा किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का तुरंत समाधान करना और पुलिस के प्रति जनता के विश्वास को बढ़ाना है। मौके पर झरिया थाना प्रभारी शशि रंजन, जोरापोखर थाना प्रभारी राजेश कुमार, तीसरा थाना प्रभारी सुमन कुमार आदि मौजूद थे।



जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते सिंदरी डीएसपी भूपेंद्र प्रसाद राउत।

## झरिया की महिला ने एक साथ जन्म दिये तीन बच्चे

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिले के झरिया की रहने वाली गुड़िया देवी नामक एक महिला ने शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में एक साथ तीन बच्चों को जन्म दिया है। यह बात क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। जानकारी के मुताबिक तीनों बच्चें और उनकी मां गुड़िया देवी पूरी तरह स्वस्थ है। चिकित्सक ने बताया कि 2 दिन पूर्व महिला अस्पताल में भर्ती हुई थी। शनिवार को महिला ने तीन बच्चों को जन्म दिया। जिसमें दो लड़की और एक लड़का है। वहीं, बच्चों के पिता पंकज कुमार ने बताया कि एक साथ तीन बच्चों के जन्म लेने की जानकारी होते ही परिवार सहित रिश्तेदारों में खुशी दौड़ गयी। राहत की बात है कि तीनों बच्चे और मां स्वस्थ हैं। बतातें चलें कि उक्त दंपति पहले से एक लड़का और एक लड़की है। फिलहाल तीनों बच्चों को एनआईसीयू में रखा गया है। पूरे घर परिवार में खुशी का माहौल है।



## केंद्रीय मंत्री ने सुरक्षित कोयला उत्पादन में इनमोसा की भूमिका की सराहना की

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** बीसीसीएल इनमोसा के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को उप महामंत्री कुश कुमार सिंह की उपस्थिति में केंद्रीय राज्य कोयला मंत्री सतीश चंद्र दुबे का मटकुरिया ऑफिसर क्लब में उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान कुश कुमार सिंह ने अपने केंद्रीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों एवं इनमोसा संगठन का परिचय दिया। साक्षात्कार के क्रम में उन्होंने विभिन्न लंबित मांगों से केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया। साथ ही छह सूत्री लिखित ज्ञापन भी दिया। जिसमें थ्री टियर सिस्टम को लागू करने, सभी कर्मियों को कोलफील्ड अलाउंस देने, सभी सुरक्षा समितियों में इनमोसा की भागीदारी सुनिश्चित करने, माइनिंग सुपरवाइजरी स्टाफ को पूरे करियर में आठ प्रमोशन जारी करने, डीजीएमएस द्वारा पारित रिस्ट्रिक्टेड एवं अनरिस्ट्रिक्टेड सर्टिफिकेट होल्डर अभ्यार्थियों की नियुक्ति कोल इंडिया की सभी सब्सिडियरी में दिये जाने, सुरक्षित उत्पादन के लिए सभी वर्गों में स्टेट्यूटरी रिक्तियां को जल्द से जल्द भरने और माइनिंग सुपरवाइजर के कैडर स्कीम में संशोधन करने आदि शामिल थे। कुश कुमार ने कोयला मंत्री को इनमोसा द्वार कठिन एवं विपरीत परिस्थितियों में देश के निर्बाध ऊर्जा के लिए सुरक्षित उत्पादन करने में इनमोसा की अहम भूमिका से अवगत कराया। वहीं, केंद्रीय मंत्री ने सभी मांगों पर सकारात्मक पहल करने की बात कही एवं बीसीसीएल उच्च प्रबंधन को मांगों पर उचित कार्रवाई की अनुशंसा की। उन्होंने सुरक्षित कोयला उत्पादन में इनमोसा की भूमिका की सराहना की। इस मौके पर डेको कंपनी के सीईओ एएन झा, प्रदीप मिश्रा, रिंकू मिश्रा, बंटी पांडे, जयशंकर झा, अखिलेश पांडे, सुमन सिंह रणधीर आदि मौजूद थे। वहीं, इनमोसा केंद्रीय प्रतिनिधिमंडल के अजीत सिंह, अशोक कनौजिया, यशवंत कुमार सिंह, जयनंदन पासवान और अरविंद कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।



## टाटा स्टील फाउंडेशन ने मालकेरा के चार आंगनबाड़ी केंद्रों का किया उद्घाटन



**सिजुआ/कतरास (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक विकास के प्रति अपनी निरंतर प्रतिबद्धता के तहत टाटा स्टील फाउंडेशन ने सोमवार को मालकेरा उत्तर और दक्षिण पंचायत में चार आंगनबाड़ी केंद्रों का उद्घाटन किया। जिसमें करमधौड़ा मैगजीन क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 202, चैतुडीह 1 आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 194, पासीटांड़ आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 190 और छाताबाद 1 लालधौड़ा आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 404 शामिल है। ये मालकेरा बाघमारा के 710 परिवारों को सेवाएं प्रदान करेंगे। इन आंगनबाड़ी केंद्रों का उद्देश्य सामुदायिक स्तर पर पहुंच में आने वाली कठिनाइयों को दूर करना और बड़े पैमाने पर समुदायों की आवश्यकताओं को पूरा करना है। इस अवसर पर धनबाद सांसद के प्रतिनिधि सत्रुघ्न महतो, रवि रॉय, सीनियर एरिया मैनेजर ऑपरेशन, भेलाटांड़ कोलियरी, राजेश कुमार, यूनिट लीड, टाटा स्टील फाउंडेशन, विकास कटारिया, बिपिन सिंह चौधरी, जिप प्रतिनिधि जितेश रजवार, भाजपा नेता सोनू श्रीवास्तव, डॉ विवेकानंद पात्रा, मेडिकल ऑफिसर (होम्योपैथिक) टीएसएफ, मालकेरा उत्तर की मुखिया अंजना देवी आदि उपस्थित थे।

## हॉट स्ट्रिप मिल में हुआ रिकॉर्ड उत्पादन



**बोकारो (आजाद सिपाही)। हॉट स्ट्रिप मिल ने 15101 टन/671 कॉइल का उच्चतम दैनिक उत्पादन हासिल किया है, जो मिल के फिनिशिंग और कॉइलर अपग्रेडेशन के बाद पिछले सर्वश्रेष्ठ आंकड़े 14486 टन/661 कॉइल को पार कर गया है। निदेशक प्रभारी वीरेंद्र कुमार तिवारी और अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य) राजन प्रसाद ने सोमवार को हॉट स्ट्रिप मिल के अधिकारियों व कर्मियों से मुलाकात कर उन्हें इस उपलब्धि पर बधाई दी। साथ ही हॉट स्ट्रिप मिल की पूरी टीम का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर मुख्य महाप्रबंधक (हॉट स्ट्रिप मिल) वीके सिंह आदि मौजूद थे।**

## बैरिस्टर अध्यक्ष, विजय सचिव एवं शक्ति सिंह बने कोषाध्यक्ष



आजाद सिपाही संवाददाता

**कथारा।** राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन (राकोमयू) के महामंत्री व जेबीसीसीआई के सदस्य राजेश सिंह ने कथारा क्षेत्रिय कमेटी का पुनर्गठन करते हुए नयी समिति का पत्र जारी किया गया हैं। जिसमें बैरिस्टर सिंह अध्यक्ष, विजय सिंह सचिव और शक्ति कुमार कोषाध्यक्ष बनाये गए हैं। नव नियुक्त पदाधिकारियों ने महामंत्री द्वारा जारी उक्त पत्र को क्षेत्र के प्रभारी महाबंधक सीबी तिवारी को सौंप दिया है। साथ ही विभागाध्यक्ष कार्मिक, असैनिक, ईएंडएम सहित विभिन्न विभाग में पत्र देने का कार्य हुआ। इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष गणेश राम, उपाध्यक्ष नागवंत प्रसाद, जीएम यूनिट के अध्यक्ष संतन कुमार और छोटू चौहान आदि मौजूद थे। उधर, प्रभारी महाप्रबंधक सीबी तिवारी ने पत्र लेते हुए नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। कहा कि राष्ट्रीयहित में हम सब मिलकर कार्य करेंगे। इसके पूर्व श्रमिक संगठन के प्रतिनिधियों ने प्रभारी महाप्रबंधक को नयी समिति का पत्र और बुके सौंपा।

## व्यापारियों और कर्मचारियों की समस्याओं का जल्द समाधान सुनिश्चित करने की मांग



**सिंदरी (आजाद सिपाही)।** एफसीआईएल की ओर से सिंदरी के फुटकर दुकानदारों को हटाने के नोटिस के बाद से स्थानीय व्यापारियों और कर्मचारियों में असंतोष है। इन समस्याओं के समाधान के लिए सांसद को पत्र देकर विशेष अपील की गई है। इस पत्र में चार प्रमुख मांगें व्यापारियों का पुनवार्स, दुकानों का भाड़ा घटाने, वर्षों से लंबित नाम हस्तांतरण की प्रक्रिया को तुरंत शुरू करने और एफसीआईएल द्वारा चलाए जा रहे विद्यालय के बंद होने पर पूर्व कर्मचारियों के बच्चों को मिलने वाली मुफ्त शिक्षा बंद हो जाने की जानकारी दी गयी है।इस पर ध्यान देने की मांग की है। उधर, जानकारी मिली है कि जिन दुकानों को पीपी एक्ट के तहत नोटिस दिया गया था, उन्हें 150 स्क्वायर फीट की दुकानें बाजार क्षेत्र में आवंटित करने के लिए प्रबंधन सहमत हो चुका है और स्थान भी चिन्हित कर लिया गया है। हालांकि, लोकसभा चुनाव के कारण इस प्रक्रिया को रोक दिया गया था और इसे चुनाव के बाद पूरा किया जाएगा। 17 अगस्त 2024 को जारी सर्कुलर नंबर 725 के तहत प्रबंधन द्वारा दी गई अंडरटेकिंग को भी स्थगित कर दिया गया है, जबकि अन्य मांगों को सकारात्मक रूप से सेंट्रल ऑफिस भेजा गया है। नई रिलीज नीति के अनुसार, दुकानों का आवंटन 33 सालों के लिए किया जाएगा और रिनुअल की प्रक्रिया भी ध्यान में रखी जाएगी। साथ ही, नामिनी के नाम से आवंटन की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी।

## धनबाद के अधिवक्ताओं ने दी हेमंत सोरेन को बधाई

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पहल से अधिवक्ताओं में हर्ष : ब्रजेंद्र सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** बार एसोसिएशन के पूर्व कोषाध्यक्ष सह वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में धनबाद के अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बधाई दी। ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि झारखंड देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है जिसने अधिवक्ताओं को भी सहयोग राशि देने की पहल की है। यही नहीं, अधिवक्ता संघ की वर्षों पुरानी अधिवक्ताओं के पेंशन राशि में वृद्धि, स्वास्थ्य बीमा का लाभ, अधिवक्ता के निधन के बाद उनके आश्रितों को सहायता राशि प्रदान करने और नए निबंधित अधिवक्ताओं के स्टाइपेंड राशि में बढ़ोतरी समेत अधिवक्ता कल्याण की मांग को हेमंत सरकार ने पूरा किया है। सरकार के इस निर्णय से अधिवक्ताओं में खुशी है। इस दौरान उदय प्रकाश सिन्हा, जयदयाल केसरी, श्रीकांत वर्मा, मो सौलत दाऊद, अनवर समीम, मनोज यादव, रमेश राय, समर महतो, पथनाथ कुमार, इंद्रदेव मंडल, आदित्य मिश्रा, लाजवंती कुमारी, बंटी सिंह, हिमांशु श्रीवास्तव, ऋषभ कुमार, कालाचंद कुम्हार, सीजा कुमारी, सुमित अरोड़ा और आमिर सुजा आदि ने भी सरकार को बधाई दी।




## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, कोडरमा

पत्रांक ......................../ दिनांक ........................ /

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 18/2024–25

1. विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमंडल, कोडरमा ।
2. परिमाण विपत्र की ब्रिकी की तिथि एवं समय :– 18.09.2024 को 1.00 बजे अपराह्न् तक ।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 19.09.2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 19.09.2024 को 3.30 बजे अपराह्न ।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– क. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कोडरमा का कार्यालय। ख. अधीक्षण अभियन्ता, भवन अंचल, हजारीबाग का कार्यालय ।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– क. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कोडरमा का कार्यालय।
7. कार्य की विवरणी :–

| Group No. | Name of Work | Estimate Cost | Cost of BOQ | Earnest Money | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repair Of Drug Inspection Office Koderma(With Painting, Sanitary, Water Supply And Electrical Work) In The Campus of Sadar Hospital Koderma at Koderma District. | 13,30,308.00 | 2500.00 | 26700.00 | 2 Month |
| 2 | Construction of 2 Nos. of 20mm x 165mm x180mm Deep high Yield Drilling Tube Well (with submersible pump) in the campus of Ashram School, Nagrito, PanchayatChopnadih, at Block MarkachoDistKoderma | 7,50,102.00 | 1250.00 | 15100.00 | 1 Month |

निविदा की शर्तें को www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियन्ता,
भवन प्रमण्डल, कोडरमा

PR 335180 Building(24-25).D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना

अतिअल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या – 18/2024-25/RWD/GARHWA दिनांक – 09.09.2024

1. कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा | RWD/GARHWA/49/2024-25 | एन0एच0–75 से खजुरी तक पथ निर्माण कार्य। (10.525 कि0मी0) | 1221.665 | बारह करोड़ इक्कीस लाख छियासठ हजार पाँच सौ रूपये। | 18 (अठारह) महीना |
| 2 | मेराल | RWD/GARHWA/50/2024-25 | अधौरी मोड़ आर0ई0ओ0 रोड से गरनाहा महाड़ भाया गढ़ही टोला तक पथ निर्माण कार्य। (1.500 कि0मी0) | 123.022 | एक करोड़ तेईस लाख दो हजार दो सौ रूपये। | 09 (नौ) महीना |
| 3 | रंका | RWD/GARHWA/51/2024-25 | मोमीनपुर–नरसिंह ठाकुर के घर से यसीन के घर होते हुए गोरखुटिया नाला तक पथ निर्माण कार्य। (2.800 कि0मी0) | 305.162 | तीन करोड़ पाँच लाख सोलह हजार दो सौ रूपये। | 15 (पन्द्रह) महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 13.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 19.09.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 21.09.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0: 06561–299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

PR 335159 Rural Work Department (24-25)_D

## कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा

**विज्ञापन संख्या 04/2024**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जो स्थानीय व्यक्ति, समाज के कमजोर वर्ग तथा जरूरतमंद लोगों के लिए कार्य करना चाहते हैं तथा ऐसे कार्यों के लिए किसी प्रकार के आय की अपेक्षा नहीं रखते हो एवं अभ्यर्थी मैट्रिक अथवा उससे उच्चतर योग्यता रखते हों तथा उनमें समझने एवं समझाने की क्षमता हो। **शिक्षक/सेवा निवृत शिक्षक/वरिष्ठ नागरिक/आंगनबाड़ी सेविका/चिकित्सक/छात्र/विधि छात्र (जो अधिवक्ता के रूप में पंजीकृत नहीं हैं) गैर राजनीतिक संगठन/एन0 जी0 ओ0 क्लब/मार्जिनलाइज्ड ग्रुप के सदस्य/महिला, स्वंय सहायता समुह के सदस्य/कोई अन्य व्यक्ति** जो DLSA (डालसा) द्वारा पारा लिगल वोलेंटियर के पद पर सुयोग्य हो। वे पारा लिगल वोलन्टियर के रूप में चयन हेतु विहित फार्म में आवेदन कर सकते है:–

कुल रिक्त पद– 57
न्यूनतम उम्र – 18 वर्ष
न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता – मैट्रिक
नोट:–

1. आवेदकों द्वारा आवेदन स्वहस्तलिखित या टंकित प्रारूप में दिए गए प्रपत्र में ही जमा करना है। आवेदन निबंधित डाक या हाथों–हाथ दोनों के माध्यम से (सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय, चतरा पिन– 825401) स्वीकार की जाएगी। लिफाफे के उपर स्पष्ट अक्षरों में "पारा लिगल वोलन्टियर के लिए आवेदन" लिखा होना चाहिए।
2. संलग्न दस्तावेजों की सूची :– शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, जन्म तिथि ईत्यादि के समर्थन में प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, 02 पासपोर्ट साईज का अतिरिक्त फोटो तथा एक स्वपतालिखित एवं रू 42 का डाक टिकट संलग्न लिफाफा।
3. आवेदन सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय, चतरा पिन– 825401 के नाम से स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट/कुरियर/हाथों–हाथ जमा करें। आवेदन प्रपत्र के सभी कॉलम को भरना अनिवार्य है।
4. पारा लिगल वोलन्टियर के रूप में चयन सिर्फ अगले वर्श के लिए मान्य होगी, जो कि उनके कार्य के प्रदर्शन के आधार पर ही आगे कार्य विस्तार दिया जाएगा।
5. पारा लिगल वोलन्टियर के रूप में कार्य/चयन पूर्णतः अस्थायी होगा एवं समय–समय पर झालसा/जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा द्वारा निश्चित मानदेय (वर्तमान में रू 700/– प्रति कार्यदिवस) को छोड़कर पारा लिगल वोलेन्टियर के रूप में किये गये कार्यो के लिए कोई वेतन, पारिश्रमिक या मजदूरी देय नही होगा।
6. **कार्यालय में आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि – 17.09.2024 अपराह्न 4:30 तक होगी।**
7. **पारा लिगल वोलेंटियर का चयन साक्षात्कार के आधार पर होगा। साक्षात्कार की तिथी की जानकारी के लिए मोबाइल नं0–9430734303/ 9304858218 एवं https://chatra.dcourts.gov.in वेबसाइट को निरंतर देखते रहें। साक्षात्कार संभवतः इसी माह के तीसरे सप्ताह में होगी।**

सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
व्यवहार न्यायालय, चतरा

PR 335121 Law(24-25)#D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमंडल,रामगढ़।

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

अति–अल्पकालीनई–निविदा संख्या:-**05/2024-25/RWD/RAMGARH** दिनांक :- **06.09.2024**

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़ द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/RAMGARH/16/2024-25/MMGSY | गोला | सरगडीह पी0डब्ल्यू0डी0रोड से सुथरपुर गाँव तक पथ का निर्माण। (कुल लम्बाई– 4.750 कि0मी0) | 389.112 | 15माह |
| 2 | RWD/RAMGARH/17/2024-25/MMGSY | गोला | गंधौनिया पुल से पिपराटाँड शमशान घाट भाया पिपराटाँड हाई स्कूल तक पथ का निर्माण। (कुल लम्बाई– 3.100 कि0मी0) | 265.883 | 15माह |
| 3 | RWD/RAMGARH/18/2024-25/MMGSY | गोला | लिपिया के डौगजारा से गंधौनिया बाजार तक पथ का निर्माण। (कुल लम्बाई– 2.265 कि0मी0) | 244.839 | 12माह |
| 4 | RWD/RAMGARH/19/2024-25/MMGSY | गोला | पी0डब्ल्यू0डी0 रोड बरियातु कब्रिस्तान से साड़म तक पथ का निर्माण। (कुल लम्बाई– 1.815 कि0मी0) | 177.880 | 09माह |
| 5 | RWD/RAMGARH/20/2024-25/MMGSY | गोला | सोकला पी0डब्ल्यू0डी0रोड से स्वर्णरेखा नदी भाया सोकला गाँव तक पथ का निर्माण कार्य (कुल लम्बाई– 1.780 कि0मी0) | 160.297 | 09माह |
| 6 | RWD/RAMGARH/21/2024-25/MMGSY | गोला | रकुवा तेतरिया टांड़ से गोदलबेड़ा शमशान घाट तक पथ का निर्माण कार्य। (कुल लम्बाई– 1.320 कि0मी0) | 141.109 | 09माह |
| 7 | RWD/RAMGARH/22/2024-25/MMGSY | गोला | गंधौनिया चिलिटांड़ से दामोदर नदी शमशान घाट तक पथ का निर्माण। (कुल लम्बाई– 1.165 कि0मी0) | 115.330 | 09माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:–**10.09.2024**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:–**18.09.2024** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–20.09.2024 अपराहन 11.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़,नयानगर, घुटुवा, बरकाकाना, रामगढ़ झारखण्ड, पिन–829103
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06553254005

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

विश्वासभाजन
ह0/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, रामगढ़।

PR 335109 (Rural Work Department) 24-25 (D)

# ओड़िशा जय भारत और भारत मसाला का 25वां भारत प्रतिभा पुरस्कार समारोह

## मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में पारदर्शिता हासिल करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया


**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** राज्य में आर्थिक विकास उद्योग के माध्यम से बिकास किया जा सकता है। लघु, मध्यम एवं सूक्ष्म उद्योगों के माध्यम से अधिक रोजगार अर्जित की जा सकती है। हमारी सरकार इन सभी दिशाओं में प्रयास कर रही है। भारत मसाला जैसे संगठन इस क्षेत्र में मार्गदर्शक की भूमिका निभा सकते हैं, मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कटक जिले के बारंग में जय भारत फाउंडेशन और भारत मसाला द्वारा आयोजित 25वें भारत प्रतिभा पुरस्कार समारोह में भाग लेते हुए कहा। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि उद्योग और लघु उद्योग दोनों हमारी सरकार की प्राथमिकताएं हैं। सरकार उद्योग के माध्यम से आर्थिक विकास और लघु, मध्यम और सूक्ष्म उद्योगों के माध्यम से अधिक रोजगार के अवसर पैदा करने का प्रयास कर रही है। लेकिन भारत मसाला जैसी कंपनियां, जो 400 शो रुपये की आधार पूंजी से शुरू होकर 600 करोड़ रुपये तक पहुंचीं, इस क्षेत्र में अग्रणी हैं। व्यक्तिगत पहल कैसे सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंच सकती है, इसका उदाहरण भारत मसाला ने दिया है। स्टार्ट-अप इंडिया और इन्क्यूबेशन सेंटरों के माध्यम से हर साल 1000 उद्यमियों को समर्थन दिया जायेगा और जल्द ही राज्य में 11 एमएसएमइ पार्क स्थापित किए जायेंगे। हमारी सरकार ने एमएसएमइ इकाइयों को वित्तीय सहायता, ब्याज पुनर्भुगतान और पूंजी प्रवाह का भी प्रावधान किया है। 2036 में समृद्ध ओड़िशा और 2047 में विकसित ओड़िशा का लक्ष्य हासिल होने जा रहा है। इस मौके पर राज्य के मुख्यमंत्री ने युवाओं से स्टार्ट-अप और एमएसएमई सेक्टर में नए उद्यम स्थापित करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि राष्ट्र के जनक महात्मा गांधी औद्योगिक प्रतिष्ठानों को समाज के ट्रस्टी के रूप में संदर्भित करते थे। वह चाहते थे कि उनका मुनाफा समाज के कल्याण में निवेश किया जाए। मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों और उद्यमियों से गांधीजी के आदर्शों से प्रेरित होने और अपने सीएसआर फंड को समाज के कल्याण के लिए निवेश करने को कहा। अन्यतम अतिथियों के रूप में राज्य के पंचायत राज एवं पेयजल मंत्री रवि नारायण नायक ने कहा कि आगे बढ़ने की मानसिकता रखते हुए यह संगठन आज एक विशाल बॉट ट्री बन गया है। भारत मसाला ओड़िशा के किसानों को राष्ट्रीय मसाला उत्पाद बनाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह संस्थान ओड़िशा के युवाओं के लिए छोटे व्यवसायों से उद्यमी बनने की प्रेरणा है।

# राज्य में बाढ़ की स्थिति पर एसआरसी की समीक्षा

**आजाद सिपाही संवाददाता**






**भुवनेश्वर।** राज्य में भारी बारिश जारी रहने के कारण मुख्य शासन सचिव ने बारिश की स्थिति की समीक्षा की। विशेष राहत आयुक्त के कार्यालय में एक अहम बैठक हुई और बैठक की अध्यक्षता मुख्य सचिव मनोज आहूजा ने की। विशेष राहत आयुक्त और अन्य वरिष्ठ अधिकारी इस बैठक में उपस्थित थे। मुख्य सचिव मनोज आहूजा और विशेष राहत आयुक्त देव रंजन कुमार सिंह ने संभावित बाढ़ को लेकर जिलावारी की समीक्षा की है। इंजीनियरों को स्थिति पर नजर रखने का निर्देश दिया गया है जबकि सभी फील्ड अधिकारियों को सतर्क रहने को कहा गया है। बैठक में विभिन्न स्थानों पर वर्षा की स्थिति और उसके प्रबंधन पर चर्चा की गयी। बाढ़ से निपटने के लिए ओड्राफ और एनडीआरएफ की टीमों को अलर्ट रखा गया है। तत्काल पानी निकासी के लिए निर्देश रहा हैं। इसके साथ ही भुवनेश्वर में जलभराव रोकने के लिए 30 पंप लगाने को कहा गया है। उधर, विशेष राहत आयुक्त ने कटक और पुरी में 10-10 पंप लगाने का आदेश दिया है। उधर, मालकानगिरी जिले में भारी बारिश से हालात जटिल होते जा रहे हैं। मालकानगिरी और कोरापुट जिले विभिन्न स्थानों पर जलभराव की स्थिति से सबसे अधिक प्रभावित हैं। दो अधिकारी संजय सिंह और विष्णुपद सेठी को मालकानगिरी जाकर रिपोर्ट करने को कहा गया है। बारिश से सबसे ज्यादा मालकानगिरी और कालिमेला ब्लॉक प्रभावित हुए हैं। जिला प्रशासन से संपर्क कर कुछ स्थानों से लोगों को सुरक्षित निकाला गया है।

# आप-कांग्रेस का हरियाणा में नहीं हुआ गठबंधन

**हरियाणा (आजाद सिपाही)।** हरियाणा में आम आदमी पार्टी (आप) अकेले विधानसभा चुनाव लड़ेगी। पार्टी ने सोमवार को दोपहर बाद 20 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। आप की इस लिस्ट से साफ है कि अब वह इस चुनाव में कांग्रेस से गठबंधन नहीं करेगी। इससे पहले आप के हरियाणा अध्यक्ष सुशील गुप्ता ने भी कहा था कि अगर आज बात नहीं बनी तो पार्टी सभी 90 सीटों पर उम्मीदवार उतार देगी। कांग्रेस और अअढ के बीच गठबंधन न होने की बड़ी वजह सीट शेयरिंग है। आप कांग्रेस से 10 सीटें मांग रही थी। इसके उलट कांग्रेस सिर्फ पांच सीट देने पर अड़ी रही। राज्य में 90 विधानसभा सीटों पर सिंगल फेज में 5 अक्टूबर को वोट डाले जायेंगे। 8 अक्टूबर को नतीजे घोषित होंगे।

# अमेरिका में राहुल बोले, सब कुछ मेड इन चाइना

## पित्रोदा ने कहा- राहुल के पास विजन, वो पप्पू नहीं

- इसलिए भारत में रोजगार की दिक्कत

**एजेंसी**



**टेक्सास (आजाद सिपाही)।** सांसद राहुल गांधी विपक्ष के नेता के तौर पर पहली बार विदेश दौरे पर हैं। वे रविवार को अमेरिका के टेक्सास राज्य पहुंचे। यहां उन्होंने दो कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। पहले उन्होंने डलास में भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात की। इसके बाद राहुल गांधी ने सोमवार को यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास के छात्रों से भारतीय राजनीति, इकोनॉमी और भारत जोड़ो यात्रा समेत कई मुद्दों पर चर्चा की। राहुल ने कहा कि भारत में सब मेड इन चाइना है। चीन ने प्रोडक्शन पर ध्यान दिया है इसलिए चीन में रोजगार की दिक्कतें नहीं हैं। कार्यक्रम में इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने कहा कि राहुल गांधी पप्पू नहीं है, वे पढ़े-लिखे हैं और किसी भी मुद्दे पर गहरी सोच रखने वाले स्ट्रैटजिस्ट हैं।

**मेरा रोल प्यार सम्मान और विनम्रता लाना :** राहुल ने कहा कि मेरा रोल संसद में सरकार के खिलाफ बोलना और उन्हें तानाशाह बनने से रोकने तक सीमित नहीं है। मुझे लगता है कि मेरा रोल भारत की राजनीति में प्यार, सम्मान और विनम्रता लाना है। प्यार और सम्मान सिर्फ ताकतवर लोगों के लिए नहीं, बल्कि उन सबके लिए जो देश को बनाने में जुटे हैं। उन्होंने कहा क अमेरिका की तरह भारत में भी कोई राज्य दूसरे से सुपीरियर (ताकतवर) नहीं है। कोई धर्म, भाषा किसी दूसरी भाषा से सुपीरियर नहीं है। लोगों के विचारों को उनकी जाति, भाषा, धर्म, परंपरा या फिर इतिहास की परवाह किए बिना जगह दी जानी चाहिए। आरएसएसएस को लगता है भारत एक विचार पर बना है। हमें लगता है कि भारत कई विचारों से मिलकर बना है। चुनाव में लाखों को लगा कि प्रधानमंत्री संविधान पर हमला कर रहे हैं। इसलिए चुनाव के वक्त जब मैंने संविधान हाथ में उठाया तो लोग समझ गये कि भाजपा हमारी परंपरा, भाषा, राज्यों और हमारे इतिहास पर हमला कर रही है।

उन्होंने कहा क भारतीय राजनीति में सुनना, बोलने से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है। सुनने का मतलब है खुद को दूसरे की जगह पर रखना। अगर कोई किसान मुझसे बात करता है तो मैं खुद को उनके रोजमर्रा के जीवन में शामिल करने की कोशिश करूंगा और समझूंगा कि वे क्या कहना चाह रहे हैं।

### भारत जोडो यात्रा रोजगार आद पर भी की चर्चा

राहुल ने कहा कि पैदल चला भारत में कम्युनिकेशन के चैनल बंद हो गये थे। लोकसभा में बोलते थे, तो वह टेलीविजन पर नहीं चलता था। मीडिया वह नहीं चलाता था, जो हम कहते थे। सब कुछ बंद था। लंबे समय तक हमें समझ नहीं आ रहा था कि जनता से कैसे बात करें। फिर हमने सोचा कि मीडिया हमें लोगों तक नहीं ले जा रहा था, तो डायरेक्ट चले जाओ। इसलिए हमने यह यात्रा की। शुरूआत में मुझे घुटनों में दिक्कत हुई। मैंने सोचा यात्रा करने का मैंने यह कैसा फैसला ले लिया, लेकिन कुछ दिनों बाद यह आसान लगने लगा। इस यात्रा ने मेरे राजनीति करने का तरीका बदला। लोगों से बातचीत करने उन्हें समझने का तरीका बदला। राहुल ने कहा कि भारत में देवता का मतलब सिर्फ भगवान नहीं होता है। देवता वह शख्स होता है जो अंदर जैसा महसूस करता है, वैसा ही बाहर उसके एक्सप्रेशन दिखते हैं। इसे देवता कहा जाता है। पाहुल ने रोजगार पर कहा कि चीन से सीखना चाहिए पूरी दुनिया में रोजगार की दिक्कत नहीं है। वेस्ट में रोजगार की दिक्कत है। भारत में भी है, लेकिन चीन में नहीं है। वियतनाम में नहीं है। इसका कारण है। 1950 में अमेरिका प्रोडक्शन का सेंटर माना जाता था। टीवी, कार जैसी चीजें सिर्फ यहीं बनती थीं। इसके बाद प्रोडक्शन चीन में होने लगा।

# एम्स भुवनेश्वर ने अग्रणी ईसीएमओ थेरेपी के माध्यम से बीमार महिला की जान बचायी

**ईसीएमओ थेरेपी के 8 महत्वपूर्ण दिनों के बाद, रोगी की स्थिति में काफी सुधार होने लगा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** चिकित्सा नवाचार और समर्पण के एक उल्लेखनीय प्रदर्शन में, एम्स भुवनेश्वर ने उन्नत ईसीएमओ (एक्स्ट्राकोर्पोरियल मेंब्रेन ऑक्सीजनेशन) थेरेपी का उपयोग करके एक गंभीर रूप से बीमार महिला की सफलतापूर्वक जान बचायी है। यह मामला संस्थान के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो दयालु देखभाल के साथ अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने की अपनी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। मरीज, 53 वर्षीय महिला, को गंभीर निमोनिया और सांस लेने में कठिनाई के साथ एम्स में भर्ती कराया गया था। उसकी हालत तेजी से बिगड़ती गयी, जिससे एक्यूट रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम (एआरडीएस) हो गया और ऑक्सीजन के स्तर में भारी गिरावट आई। अधिकतम वेंटिलेटरी सपोर्ट और अन्य हस्तक्षेपों के बावजूद, उसकी हालत लगातार बिगड़ती गई, जिससे उसकी जान बचाने के लिए ईसीएमओ ही एकमात्र व्यवहार्य विकल्प रह गया। एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ आशुतोष विश्वास ने मेडिकल टीम के असाधारण प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, यह उपलब्धि अद्वितीय देखभाल प्रदान करने के लिए चिकित्सा विज्ञान के साथ उन्नत तकनीक के मिश्रण की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। ईसीएमओ थेरेपी एक जीवनरक्षक हस्तक्षेप साबित हुई है, जो स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों और परिवारों के बीच इसकी जागरूकता और उपलब्धता के महत्व को उजागर करती है। जीवन रक्षक प्रक्रिया का नेतृत्व करने वाले आईसीयू सलाहकार और ईसीएमओ विशेषज्ञ डॉ श्रीकांत बेहरा ने बताया, अपर्याप्त ऑक्सीजन और प्रगतिशील अंग विफलता के कारण मरीज दम तोड़ने की कगार पर था। ईसीएमओ ने उसके जीवित रहने के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण सहायता प्रदान की। यह उन्नत मशीन अनिवार्य रूप से कृत्रिम फेफड़े और हृदय के रूप में काम करती थी, महत्वपूर्ण ऑक्सीजन स्तर को बनाए रखती थी और उसके फेफड़ों को ठीक होने के लिए आवश्यक समय देती थी।" ईसीएमओ थेरेपी के आठ महत्वपूर्ण दिनों के बाद, रोगी की स्थिति में काफी सुधार होने लगा। उसके फेफड़ों ने फिर से काम करना शुरू कर दिया और अंततः उसे ईसीएमओ सहायता से हटा दिया गया। कई संक्रमणों से निपटने के लिए चल रही सहायक चिकित्सा और एंटीबायोटिक दवाओं के साथ पुनर्प्राप्ति प्रक्रिया जारी रही। बाल चिकित्सा ईसीएमओ विशेषज्ञ डॉ कृष्ण मोहन गुल्ला और सीटीवीएस एचओडी डॉ सत्यप्रिया मोहंती ने भी इस सफल हस्तक्षेप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चिकित्सा अधीक्षक डॉ दिलीप कुमार परिदा, डॉ अनुपम डे, डॉ देबानंद साहू, डीडीए अभिजीत सरकार, एसएओ रस्मी रंजन सेठी और अन्य लोग टीम में शामिल होकर उन्हें बधाई दी। यह मामला पारंपरिक तरीकों के विफल होने पर जीवन बचाने में एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में ईसीएमओ की आवश्यकता को पुष्ट करता है। ईसीएमओ एक एक्स्ट्राकोर्पोरियल तकनीक है जो शरीर के बाहर हृदय और फेफड़ों के कार्यों को निष्पादित करके लंबे समय तक हृदय और श्वसन सहायता प्रदान करती है, जिससे महत्वपूर्ण पुनर्प्राप्ति समय मिलता है। यह ऐतिहासिक मामला जीवन को बदलने के लिए चिकित्सा प्रौद्योगिकी की क्षमता और गंभीर स्वास्थ्य संकटों के सामने जागरूकता और तैयारी बनाए रखने के महत्व की एक शक्तिशाली अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है।



















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**